@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका

राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

बुधवार, 4 फरवरी, 2026

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 91 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2076-77, पेज (12) मूल्य 2.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)




### सुप्रीम कोर्ट ने WHATSAPP-META की डेटा शेयरिंग नीति पर जताई सख्त आपत्ति, कहा—

# निजता के अधिकार से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

**एजेंसी**
**लखनऊ ।**
नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को WhatsApp और Meta की डेटा-शेयरिंग प्रैक्टिस पर गंभीर चिंता जताई। यह सुनवाई कॉम्पिटिशन कमीशन ऑफ इंडिया (CCI) के उस आदेश से जुड़ी अपीलों के एक बैच पर हो रही थी, जिसमें WhatsApp की 2021 की 'या तो मानो या छोड़ दो' प्राइवेसी पॉलिसी के लिए Meta पर 213.14 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया था।

भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने WhatsApp और Meta द्वारा दायर अपीलों के साथ-साथ NCLAT के एक फैसले को चुनौती देने वाली CCI की एक अलग अपील पर सुनवाई करते हुए कहा: 'हम जानकारी का एक भी टुकड़ा शेयर करने की इजाज़त नहीं देंगे। आप इस देश में निजता के




अधिकार के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकते।' इस प्रैक्टिस को 'संवैधानिक व्यवस्था का मज़ाक' बताते हुए, कोर्ट ने सवाल किया कि जब यूज़र्स को प्रभावी रूप से 'या तो मानो या छोड़ दो' के आधार पर पॉलिसी स्वीकार करने के लिए मजबूर किया जाता है, तो सहमति को वैध कैसे माना जा सकता है। जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने कहा कि कंपनियों के खिलाफ यह बात कही गई थी कि ली गई सहमति 'बनाई हुई सहमति' थी।

# लोकसभा में राहुल गांधी के भाषण के दौरान दूसरे दिन भी हंगामा, 8 विपक्षी सांसद निलंबित

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के भाषण के दौरान लगातार दूसरे दिन भी सदन में भारी हंगामा देखने को मिला। इस दौरान कुछ विपक्षी सांसदों के टेबल पर चढ़ने और आसन की ओर कागज़ उछालने की घटनाओं के बाद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कड़ा रुख अपनाया। अनुशासनहीनता को लेकर कार्रवाई करते हुए स्पीकर ने विपक्ष के आठ सांसदों को संसद के मौजूदा बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया।

निलंबित किए गए सांसदों में कांग्रेस के अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, डीन कुरियाकोस, किरण कुमार रेड्डी और मणिक्कम टैगोर के अलावा गुरजीत सिंह औजला, हिबी ईडन, प्रशांत पोडोले और एस. वेंकटेश्वरन शामिल हैं। इन सभी पर सदन की कार्यवाही के दौरान आसन की अवमानना और कागज़ फेंकने जैसे आरोप लगाए गए हैं, जिसके चलते उन्हें बजट सत्र में हिस्सा लेने से रोक दिया गया है। इससे पहले कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने टेबल पर चढ़ने की घटना पर सरकार पर निशाना



साधते हुए कहा था कि राहुल गांधी अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी निभा रहे हैं, लेकिन सरकार उन्हें बोलने से रोक रही है। उन्होंने सरकार को चुनौती देते हुए कहा था कि अगर उसमें साहस है तो वह सिर्फ कांग्रेस ही नहीं, बल्कि पूरे विपक्ष के सांसदों को निलंबित करके दिखाए।

वहीं, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पूरे मामले को लेकर लोकसभा स्पीकर से मुलाकात की थी। इस घटनाक्रम के बाद संसद में सियासी तनाव और तेज हो गया है।

## राहुल गांधी की वजह से कई सांसदों का समय बर्बाद हो रहा: किरेन रिजिजू


**एजेंसी**
**नई दिल्ली ।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर जुबानी हमला किया। रिजिजू ने राहुल गांधी पर पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की 'अप्रकाशित किताब' से जुड़े एक मैगजीन आर्टिकल का हवाला देते हुए लद्दाख गतिरोध का मुद्दा उठाकर सदन की कार्यवाही में बाधा डालने का आरोप लगाया। इससे पहले, सोमवार को स्पीकर ओम बिरला ने एक रूलिंग जारी करते हुए कहा था कि पार्लियामेंट्री नियमों का हवाला देते हुए कोई भी न्यूज आर्टिकल या मैगजीन को कोट नहीं कर सकता। सदन में सिर्फ 'असली सोर्स' ही कोट किए जा सकते हैं। एनडीए पार्लियामेंट्री पार्टी की मीटिंग के बाद रिजिजू ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, 'कल राज्यसभा में बहुत अच्छी बहस और चर्चा हुई। लोकसभा में भी चर्चा बहुत अच्छे माहौल में शुरू हुई। हालांकि, राहुल गांधी की वजह से दिन भर की पूरी बहस खराब हो गई।' उन्होंने आगे कहा कि राज्यसभा में एक शानदार बहस हुई, जिसमें सांसदों ने एक्टिवली हिस्सा लिया और कई जरूरी सुझाव सामने आए। लोकसभा और राज्यसभा दोनों में चर्चा अच्छी शुरू हुई थी, लेकिन राहुल गांधी की वजह से सब कुछ रुक गया। बता दें कि राहुल गांधी को ट्रेजरी बेंच के सदस्यों ने बार-बार टोका, जिन्होंने उनसे अपने दावों को सपोर्ट करने के लिए असली सोर्स पेश करने की अपील की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने भी विपक्ष के नेता के भाषण में दखल दिया और बयानों की सच्चाई पर सवाल उठाए। इसके बाद सदन में जोरदार हंगामा हुआ, लेकिन गांधी राष्ट्रीय सुरक्षा के मकसद से लद्दाख गतिरोध का मुद्दा उठाने पर अड़े रहे। उनके इस व्यवहार की आलोचना करते हुए रिजिजू ने कहा, 'प्रक्रिया के तौर पर, सभी को नियमों का पालन करना चाहिए। हम सभी चुने हुए सदस्य हैं और सदन कामकाज के नियमों और तय व्यवहार के अनुसार चलता है। इसलिए, किसी को भी इसका अनादर नहीं करना चाहिए और सभी को इसका पालन करना चाहिए।



# भारत-अमेरिका रिश्तों को नई गति

### टैरिफ में कटौती और सहयोग बढ़ाने पर जोर

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच आर्थिक व रणनीतिक सहयोग को लेकर सकारात्मक संकेत मिले हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से हुई हालिया फोन वार्ता को उपयोगी और सौहार्दपूर्ण बताया है। सोशल मीडिया पर साझा संदेश में उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान द्विपक्षीय व्यापार और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने खुशी जताई कि 'मेक इन इंडिया' उत्पादों पर टैरिफ घटाकर 18फीसदी किए जाने की घोषणा भारतीय निर्यात के लिए फायदेमंद होगी। उन्होंने इसे दोनों देशों के बीच आर्थिक



साझेदारी को मजबूत करने वाला कदम बताया और इसके लिए अमेरिकी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। संदेश में यह भी रेखांकित किया गया कि जब दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और प्रमुख लोकतंत्र साथ मिलकर काम करते हैं तो इससे जनता को लाभ और आपसी सहयोग के नए अवसर पैदा होते हैं। भारत ने वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के प्रयासों में अमेरिका के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता भी दोहराई। प्रधानमंत्री ने भविष्य में द्विपक्षीय साझेदारी को 'अभूतपूर्व ऊंचाइयों' तक ले जाने की उम्मीद जताई। विश्लेषकों का मानना है कि टैरिफ में संभावित राहत और बढ़ता आर्थिक सहयोग आने वाले समय में व्यापार, तकनीक और निवेश के क्षेत्रों में नए अवसर खोल सकता है।

# ट्रेड डील में सरकार ने किसानों की मेहनत और खून पसीने को बेचा : राहुल गांधी

**उन्होंने कहा, 'सरकार ने सिर्फ किसानों को ही नहीं, पूरे देश को बेच दिया है।**

**एजेंसी**
**नई दिल्ली ।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारत और अमेरिका के बीच व्यापार डील के बाद तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस ट्रेड डील में सरकार ने किसानों की मेहनत और खून पसीने को बेच दिया है। उन्होंने ऐसा इसलिए किया, क्योंकि वे दबाव में हैं। उन्होंने सरकार पर संसद में बोलने से रोकने का भी आरोप लगाया। लोकसभा में मंगलवार को जबरदस्त हंगामे के बाद संसद



परिसर में मीडिया से बात करते हुए राहुल गांधी ने कहा, 'सरकार घबराई हुई है। जो ट्रेड डील चार महीने से रुकी हुई थी, उसमें कुछ बदला नहीं और सोमवार शाम उस ट्रेड डील को साइन कर दिया गया। इसके पीछे क्या कारण है, जिन्हें वे स्वयं और प्रधानमंत्री जानते हैं?' कांग्रेस सांसद ने कहा, 'केंद्र सरकार पर भयंकर प्रेशर है। उनकी इमेज का जो गुब्बारा है, जिसे हजारों करोड़ रुपए खर्च कर बनाया गया था, वो फूट सकता है।' संसद में बोलने से रोके जाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, 'असल में समस्या नरवणे जी (पूर्व सेना प्रमुख मनोज मुकुंद नरवणे) का बयान नहीं है, ये साइड शो है। सरकार को कॉम्प्रोमाइज कर दिया गया है। किसने किया है, कैसे किया है ये देश की जनता को सोचना है।' उन्होंने कहा, 'इतिहास में पहली बार नेता प्रतिपक्ष को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर नहीं बोलने दिया गया।'

राहुल गांधी ने यह भी कहा कि देश के किसानों को समझना चाहिए कि इस ट्रेड डील में आपकी मेहनत और खून-पसीने को सरकार ने बेच दिया है। ये इसलिए बेचा है क्योंकि वो कॉम्प्रोमाइज्ड है। उन्होंने कहा, 'सरकार ने सिर्फ किसानों को ही नहीं, पूरे देश को बेच दिया है। इसलिए मुझे संसद में बोलने नहीं दे रहे हैं। सरकार डरी हुई है क्योंकि जिन लोगों ने उनकी इमेज बनाई है, वही लोग उनकी इमेज को फोड़ने में लगे हैं।'

# कानून के राज में ट्रस्ट, ट्रांसफॉर्मेशन और टाइमली डिलीवरी बनी यूपी की पहचान: सीएम योगी

**कौमी पत्रिका**
लखनऊ, 3 फरवरी।* मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को होटल ताज में आयोजित वैश्विक निवेशकों एवं उद्यमियों के महासंगम उत्तर प्रदेश फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 का शुभारंभ करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश आज केवल एक राज्य नहीं, बल्कि निवेशकों के लिए भरोसे की गारंटी बन चुका है। प्रदेश सरकार हर निवेशक को ट्रिपल-एस यानी सेफ्टी, स्टेबिलिटी और स्पीड की पूर्ण गारंटी देती है और उत्तर प्रदेश आज ट्रस्ट, ट्रांसफॉर्मेशन और टाइमली डिलीवरी का रोल मॉडल बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में रूल ऑफ लॉ पूरी मजबूती से लागू है। कानून से खिलवाड़ करने की छूट किसी को नहीं है। यदि कोई कानून को आंख दिखाने की कोशिश करता है, तो कानून अपने दायरे में लाकर उसे उसकी ही भाषा में जवाब देता है। यह नया उत्तर प्रदेश है, जहां व्यवस्था कमजोर नहीं, बल्कि निर्णायक है।

**अराजकता से विश्वास तक का सफर**

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में 2017 से पहले की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि उस दौर में उत्तर प्रदेश असुरक्षा, अराजकता और अविश्वास का पर्याय बन चुका था। वर्ष 2012 से 2017 के बीच प्रदेश में 900 से अधिक दंगे हुए। शायद ही कोई शहर रहा हो, जहां कर्फ्यू न लगा हो। उद्योग, व्यापार और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों को गुंडा टैक्स देना पड़ता था। सुरक्षा के अभाव में पहले से स्थापित उद्योग भी प्रदेश छोड़ने पर मजबूर थे, युवा वर्ग पलायन कर रहा था। जिस धरती पर बचपन बीता हो, उसे छोड़ना किसी के लिए भी पीड़ादायक होता है, लेकिन असुरक्षा के चलते मजबूरी थी। यह केवल किसी एक उद्यमी की पीड़ा नहीं थी, बल्कि हर व्यापारी, हर निवेशक और हर नागरिक की व्यथा थी।

**जीरो टॉलरेंस से लौटा भरोसा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें यह दायित्व सौंपा, तो सबसे बड़ी चुनौती कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करना और नागरिकों के मन में विश्वास पैदा करना था। सरकार ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई। हमने स्पष्ट कहा कि कानून सभी पर समान रूप से लागू होगा, चाहे कोई कितना ही प्रभावशाली क्यों न हो। आज इसका परिणाम सबके सामने है। बड़े पर्व-त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रहे हैं। कहीं दंगे नहीं, कहीं फिरौती नहीं, कहीं गुंडा टैक्स नहीं। उत्तर प्रदेश में शांति, सुरक्षा और स्थिरता का वातावरण है और यही निवेश की सबसे मजबूत नींव है।

**डी-रेगुलेशन में नंबर वन, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में टॉप अचीवर बना है यूपी**

सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज डी-रेगुलेशन रैंकिंग में देश में नंबर वन है और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में टॉप अचीवर बन चुका है। डी-क्रिमिनलाइजेशन के तहत 13 राज्य अधिनियमों में मौजूद आपराधिक प्रावधानों को समाप्त किया गया, ताकि उद्योग बिना भय और बाधा के कार्य कर सकें। एमएसएमई सेक्टर में निवेश करने वाले उद्यमियों को 1000 दिनों तक निरीक्षण से छूट दी गई है। कई अन्य सेक्टरों में भी प्रक्रियाओं को सरल किया गया है। सरकार का उद्देश्य उद्योगों को डराना नहीं, बल्कि उन्हें सुविधा देना है।

**14 हजार से 30 हजार फैक्ट्रियों तक की छलांग**

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में लगभग 14,000 कारखाने कार्यरत थे, जो आज बढ़कर 30,000 से अधिक हो चुके हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि डबल इंजन सरकार डबल स्पीड से काम कर रही है। प्रदेश में अब तक 50 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें 20 लाख करोड़ प्रस्तावो की ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी है और कई प्रोजेक्ट्स में उत्पादन भी शुरू हो चुका है। निवेशकों के साथ सरकार का निरंतर संवाद बना हुआ है।

शेष पृष्ठ 3 पर

### उत्तर प्रदेश फार्मा सेक्टर में बनेगा वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब- जेपी नड्डा

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने अपने वीडियो संदेश में कहा कि उत्तर प्रदेश फार्मा और हेल्थकेयर सेक्टर में भारत की वैश्विक नेतृत्व क्षमता को मजबूत करने वाला प्रमुख राज्य बनकर उभर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश जिस उद्यमिता और नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, उसमें उत्तर प्रदेश की भूमिका निर्णायक है। ललितपुर में विकसित हो रहा बल्क ड्रग फार्मा पार्क, यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क और राज्य की फार्मास्यूटिकल नीति-2023, उत्तर प्रदेश को विश्वसनीय मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित कर रहे हैं। जेपी नड्डा ने कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी, मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर, कुशल मानव संसाधन और निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण के कारण यूपी फार्मा निवेश का पसंदीदा गंतव्य बन रहा है। केंद्र की नीतिगत दृष्टि और उत्तर प्रदेश सरकार के जमीनी प्रयास प्रदेश को फार्मा और बायोफार्मा मैन्युफैक्चरिंग का वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में भारत दुनिया की बड़ी आर्थिक ताकत बन रहा: रविशंकर प्रसाद


**एजेंसी**
**दिल्ली ।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते का स्वागत करते हुए कहा है कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में दुनिया की बड़ी आर्थिक ताकत बन रहा है। सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा, 'यह भारत के लिए ऐतिहासिक दिन है। भारत दुनिया के आर्थिक क्षेत्र का उभरता हुआ तारा बना है। अमेरिका के साथ भारत की ट्रेड डील हुई है और टैरिफ भी कम हुआ है। इससे पहले न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, यूएई और यूरोपीय यूनियन के सभी देशों के साथ डील हुई।' उन्होंने कहा कि दुनिया भारत के साथ जुड़ना चाहती है और हमारे साथ आर्थिक रिश्ते बनाना चाहती है। यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। 'मेक इन इंडिया' प्रोडक्ट्स को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, शिवसेना (शिंदे गुट) सांसद मिलिंद देवड़ा ने भारत-अमेरिा डील की सभी को बधाई देते हुए कहा, 'सबसे पहले प्रधानमंत्री को बहुत धन्यवाद देता हूं, सभी भारतवासियों की ओर से उनका आभार व्यक्त करना चाहता हूं। भारत के सभी नागरिकों को और खास करके जो छोटे व्यापारी हैं, उनको मैं बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं।



# बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में बड़ी उपलब्धि, पालघर में माउंटेन टनल-6 का ब्रेकथ्रू पूरा

**बीकेसी और शिलफाटा के बीच 21 किलोमीटर लंबी सुरंग में 5 किलोमीटर एनएटीएम टनल का उत्खनन हो गया है।**

**एजेंसी**
**पालघर ।** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। इस हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की माउंटेन टनल-6 का ब्रेकथ्रू पूरा हो गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इसका अवलोकन किया। ये टनल महाराष्ट्र के पालघर के दहाणू रोड इलाके में है। जानकारी के अनुसार, इस हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की कुल लंबाई 508 किलोमीटर है, जो महाराष्ट्र और गुजरात के बीच तेज और आरामदायक कनेक्टिविटी देगा। अभी तक परियोजना में काफी काम पूरा हो चुका है। कुल 508 किलोमीटर में से 334 किलोमीटर वायाडक्ट और 417 किलोमीटर पियर्स का काम पूरा हो गया है। इसके अलावा 17 नदी पुल, 5 पीएससी पुल और 13 स्टील पुलों का निर्माण भी हो चुका है। 247 किलोमीटर लंबे रूट पर 4.9 लाख से ज्यादा नॉइज बैरियर्स लगाए जा चुके हैं। ट्रैक की बात करें तो 308 ट्रैक किलोमीटर यानी 154 रूट किलोमीटर आरसी ट्रैक बेड तैयार हो गया है। मुख्य मार्ग पर लगभग 125 रूट किलोमीटर क्षेत्र में 5,400 से ज्यादा ओवरहेड इलेक्ट्रिक मास्ट लगाए जा चुके हैं। महाराष्ट्र में सात प्रस्तावित पर्वतीय सुरंगों में से पहली माउंटेन टनल का ब्रेकथ्रू हो गया है, जबकि आठ में से दो सुरंगों का उत्खनन भी पूरा हो चुका है।



### छत्तीसगढ़ शराब घोटाला केस:

## पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दी

**एजेंसी**
**छत्तीसगढ़ ।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में पूर्व आबकारी मंत्री और वर्तमान विधायक कवासी लखमा को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) दोनों मामलों में कवासी लखमा को जमानत दी गई है। हालांकि, जमानत के लिए बेल बॉन्ड निचली अदालत तय करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि कवासी लखमा अंतरिम जमानत के दौरान छत्तीसगढ़ में नहीं रहेंगे। आदेश में कोर्ट ने कहा, 'लखमा छत्तीसगढ़ में तब तक प्रवेश नहीं करेंगे, जब तक कि उन्हें कोर्ट में पेश न होना हो। वे कोर्ट की सुनवाई से एक दिन पहले राज्य में आ सकते हैं।' आदेश के अनुसार, कवासी लखमा को स्वास्थ्य कारणों को छोड़कर व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट नहीं दी जाएगी। इसके अलावा, वह विदेश यात्रा नहीं करेंगे और पासपोर्ट स्पेशल जज की कोर्ट में जमा करना होगा। कवासी लखमा को अपना फोन नंबर ईडी अधिकारी को देना होगा और इस नंबर को ट्रायल कोर्ट को बताए बिना बदला नहीं जा सकता।

# शराब को तय दाम से अधिक पर बेचने वालों के खिलाफ हो कार्रवाई : पवन कल्याण

*'काकीनाडा जिले और राज्य के अन्य हिस्सों से शिकायतें आ रही हैं।'*

**एजेंसी**
**अमरावती ।** आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण ने मंगलवार को आबकारी अधिकारियों को शराब की दुकानों पर लगातार निगरानी रखने और ज्यादा कीमतों पर शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उप मुख्यमंत्री को शिकायतें मिलीं कि पूरे राज्य में शराब अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से ज्यादा कीमतों पर बेची जा रही है। उन्होंने शराब की दुकानों से कहा कि वे ज्यादा कीमतों पर शराब बेचकर सरकार का नाम खराब न करें। उप मुख्यमंत्री के एक



बयान के अनुसार, काकीनाडा जिले और राज्य के अन्य हिस्सों से शिकायतें आ रही हैं। शिकायतों की जांच करने के बाद, उन्होंने कहा कि शराब को ज्यादा कीमतों पर बेचना नियमों के खिलाफ है। इससे सरकार की बदनामी भी होती है। दुकानदारों को शराब बिक्री से जुड़े नियमों का सख्ती से पालन करना चाहिए। विपक्षी वाईएसआर कांग्रेस पार्टी अवैध शराब बिक्री को लेकर गठबंधन सरकार पर निशाना साध रही है। इसके नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार खुलेआम नियमों के उल्लंघन की इजाजत दे रही है। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी नेताओं के अनुसार, दुकानदार ज्यादा कीमतों पर शराब बेच रहे हैं।

# पीएम मोदी के कार्यकाल में भारत ने व्यापारिक समझौतों की झड़ी लगा दी: रिजिजू

## – ट्रेड डील के बाद एनडीए संसदीय बैठक में पीएम मोदी का तालियों से स्वागत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ फोन पर हुई चर्चा के बाद अमेरिका ने भारतीय उत्पादों पर लगने वाले टैरिफ को 25 से घटाकर 18फीसदी करने का ऐलान किया है। भारत-अमेरिका के बीच एक ऐतिहासिक ट्रेड एग्रीमेंट के बाद मंगलवार को एनडीए संसदीय बैठक में पीएम मोदी का तालियों और तारीफों के साथ स्वागत किया गया। पीएम मोदी से फोन पर बात करने के बाद ट्रंप ने घोषणा की कि भारत और अमेरिका एक ट्रेड डील पर सहमत हुए हैं, जिसके तहत वाशिंगटन भारतीय सामानों पर आपसी टैरिफ को मौजूदा 25 से घटाकर 18 फीसदी कर देगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बैठक में कहा कि पीएम मोदी के कार्यकाल में भारत ने व्यापारिक समझौतों की झड़ी लगा दी है। उन्होंने भारत की बढ़ती वैश्विक साख को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में यूरोपीय संघ, यूएई, मॉरीशस, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और अब अमेरिका के साथ अहम व्यापारिक समझौते किए हैं। ये समझौते न केवल भारत के प्रति दुनिया के भरोसे को दर्शाते हैं, बल्कि आने वाले समय में देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

रिजिजू ने बताया कि यह कोई मामूली उपलब्धि नहीं है। भारत की पहचान और कद वैश्विक स्तर पर बढ़ा है और यह इन ट्रेड एग्रीमेंट के जरिए भारत पर कई देशों के भरोसे को दिखाता है। यह देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती से आगे बढ़ाएगा। ट्रेड एग्रीमेंट की घोषणा के बाद पीएम मोदी ने इस डेवलपमेंट को भारतीय निर्यातकों के लिए एक बड़ा बढ़ावा बताया और इस फैसले के लिए ट्रंप को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्रों और अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग से अहम अवसर खुलेंगे और दोनों देशों के लोगों को फायदा होगा।

पीएम मोमदी ने ट्रंप के नेतृत्व की तारीफ करते हुए कहा कि यह वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए अहम है और अंतरराष्ट्रीय शांति बनाए रखने के प्रयासों के लिए भारत के समर्थन को दोहराया। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अमेरिका भारतीय सामानों पर अपनी आपसी टैरिफ दर को 25 से घटाकर 18 फीसदी कर देगा और इस कदम को पीएम मोदी के प्रति दोस्ती और सम्मान का प्रतीक बताया। उन्होंने यह भी विश्वास जताया कि यह समझौता दोनों देशों के बीच संबंधों को और गहरा करेगा।

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील की संसद में सरकार दे पूरी जानकारी : मायावती



लखनऊ (एजेंसी)। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उप्र की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भारत और अमेरिका के बीच हुए समझौतों के बाद अमेरिका द्वारा 18 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने को लेकर कहा कि इस फैसले का वास्तविक असर ज़मीन पर लागू होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा, इसलिए पर्याप्त जानकारी के अभाव में जल्दबाज़ी में कोई निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा। सोशल मीडिया पर मंगलवार को जारी बयान में बसपा नेत्री मायावती ने आशंका जताई कि इस तरह के कदमों का प्रभाव देश के बहुजन, गरीबों, मज़दूरों, किसानों और महिलाओं पर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि यह जानना ज़रूरी है कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय आर्थिक निर्णयों से आम जनता को क्या लाभ या नुकसान होगा। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि ऐसे महत्वपूर्ण विषयों पर संसद सत्र के दौरान विस्तृत जानकारी दी जाए, ताकि देशवासियों को सही-सही तथ्य मिल सकें और पारदर्शिता बनी रहे। उनका कहना था कि सरकार द्वारा समय रहते स्पष्ट विवरण प्रस्तुत करने से भ्रम की स्थिति समाप्त होगी और जनहित से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा संभव हो सकेगी। उन्होंने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय समझौतों और व्यापारिक नीतियों का सीधा असर घरेलू अर्थव्यवस्था और रोज़गार पर पड़ता है, इसलिए सरकार की जिम्मेदारी है कि वह हर पहलू पर विचार कर जनता के हितों की रक्षा करे।

## भारत-अमेरिका 'ट्रेड डील' पर बोले शशि थरूर- कीमतों पर नहीं पड़ेगा बड़ा असर

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत पर अमेरिकी टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा के साथ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस बयान ने सियासी और आर्थिक हलकों में चर्चा तेज कर दी है कि भारत ने रूसी तेल की खरीद बंद करने पर सहमति जताई है। इस दावे के बाद आशंका जताई जा रही थी कि इससे वैश्विक और घरेलू स्तर पर तेल की कीमतों में उछाल आ सकता है। हालांकि कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने इन आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा है कि वेनेजुएला के तेल के वैश्विक बाजार में लौटने से कीमतों पर दबाव नहीं पड़ेगा।

एक बातचीत में शशि थरूर ने कहा, कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील काफी समय से अटकी हुई थी और तेल के मुद्दे पर उन्हें कोई खास हैरानी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों द्वारा रूस, ईरान और वेनेजुएला पर लगाए गए प्रतिबंधों के कारण वैश्विक बाजार में तेल की आपूर्ति सीमित हो गई थी, जिससे कई देशों को वैकल्पिक स्रोत तलाशने पड़े। कांग्रेस नेता थरूर ने बताया कि पहले भारत, पश्चिमी देशों की सहमति से रूस से तेल खरीदकर सीमित आपूर्ति के दबाव को कम कर पा रहा था। लेकिन जब राष्ट्रपति ट्रंप ने इस पर सख्ती दिखाते हुए भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया, तो यह व्यवस्था लंबे समय तक टिकाऊ नहीं रह सकी। उन्होंने कहा कि रूस से भारत की तेल खरीद में पहले ही काफी गिरावट आ चुकी है।

कांग्रेस सांसद थरुर ने आगे कहा कि रूसी तेल पर सख्त प्रतिबंधों के चलते वेनेजुएला के तेल के लिए रास्ता खोलना जरूरी हो गया था। उनके मुताबिक जनवरी की शुरुआत में जो कदम उठाए गए, उनका मकसद यह था कि वेनेजुएला में ऐसा प्रशासन आए, जो अंतरराष्ट्रीय बाजार में फिर से तेल की आपूर्ति कर सके। शशि थरूर ने कहा कि अब अमेरिकी कंपनियां वेनेजुएला में तेल का उत्पादन करेंगी और भारत जैसे देश, जो पहले ईरान और रूस से तेल खरीदते थे, वे वेनेजुएला से तेल आयात कर सकेंगे।

## मुख्य चुनाव आयुक्त की चेतावनी पर बोलीं ममता- वे सरकार के पिछलग्गू की तरह काम कर रहे





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली में मुख्य चुनाव आयोग और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच भारी गहमागहमी देखने को मिली। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने दो टूक शब्दों में स्पष्ट कर दिया कि देश में कानून का शासन सर्वोपरि रहेगा। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में आए तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान कड़े लहजे में कहा कि कानून अपने हाथ में लेने वाले किसी भी व्यक्ति के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। आयोग ने साफ किया कि वह अपने पास निहित शक्तियों और कानूनी प्रावधानों के अनुसार ही कार्य करेगा और किसी भी प्रकार की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उधर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममत बनर्जी ने आयोग पर सरकार का पिछलग्गू होने का आरोप लगाया है।

यह विवाद राज्य में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया से शुरू हुआ। तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने आयोग के समक्ष मतदाता सूची से संबंधित कई गंभीर मुद्दे उठाए। सूत्रों के अनुसार, बैठक के दौरान माहौल उस समय तनावपूर्ण हो गया जब मुख्यमंत्री ने जाते समय मेज थपथपाकर अपनी बात रखी। आयोग के साथ हुई इस बैठक के बाद ममता बनर्जी ने निर्वाचन सदन से बाहर आकर चुनाव आयोग पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने आयोग पर राज्य के लोगों को निशाना बनाने और सत्तारूढ़ दल के पिछलग्गू की तरह काम करने का संगीन आरोप लगाया। ममता बनर्जी ने इस बैठक को अपमानजनक करार देते हुए इसके बहिष्कार का ऐलान किया। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में जारी मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान लगभग 58 लाख लोगों के नाम हटा दिए गए हैं। बनर्जी का आरोप है कि नाम की वर्तनी में मामूली बदलाव जैसी छोटी-छोटी बातों को आधार बनाकर मतदाताओं को सूची से बाहर किया गया है और प्रभावित लोगों को अपना पक्ष रखने का उचित अवसर भी नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने सवाल किया, क्या चुनाव आयोग चुनाव से पहले ही सरकार चुन लेगा? उन्होंने आयोग के व्यवहार को अहंकारी बताते हुए कहा कि उनकी पार्टी को न्याय नहीं मिला है।

मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि उनकी पार्टी ने आयोग को पांच पत्र भेजे थे, लेकिन उनमें से एक का भी जवाब नहीं दिया गया। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आयोग सत्ताधारी दल के निर्देशों पर काम कर रहा है। बनर्जी ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि वह लाखों लोगों को दिल्ली लाकर किसी के भी सामने उनकी परेड करा सकती हैं। उन्होंने बैठक से बाहर आने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं किया गया, जिसके कारण उन्हें अंततः बैठक का बहिष्कार करना पड़ा। इस राजनीतिक घटनाक्रम के बीच ममता बनर्जी ने दिल्ली पुलिस पर भी बंग भवन की घेराबंदी करने का आरोप लगाया। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री की सुरक्षा के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है और बंग भवन में न तो सुरक्षा में कोई चूक हुई है और न ही किसी प्रकार का प्रतिबंध लगाया गया है। चुनाव आयोग और एक राज्य की मुख्यमंत्री के बीच इस तरह का सीधा टकराव आने वाले चुनावों के मद्देनजर राजनीतिक माहौल को और अधिक गर्मा सकता है।

## लव जिहाद से जुड़े बड़े रैकेट का खुलासा... हिंदू बताकर 300 लड़कियों को ब्लैकमेल कर देह व्यापार में धकेला

### पुलिस ने मुख्य आरोपी अजफरुल हिस्ट्रीशीटर अपराधी को जेल भेजा



**बस्ती (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में लव जिहाद से जुड़े एक बड़े रैकेट का खुलासा हुआ है। आरोप है कि मुख्य आरोपी अजफरुल हक उर्फ प्रिंस और उसके गिरोह ने 100 से अधिक लड़कियों को प्रेम जाल में फंसाया है। आरोपी अजफरुल खुद को हिंदू बताकर, कलावा पहनकर और शादी व नौकरी का झांसा देकर भरोसा जीतता था। इसके बाद में आपत्तिजनक वीडियो बनाकर पीड़िताओं को ब्लैकमेल कर उन्हें देह व्यापार में धकेल देता था। पीड़िताओं को नेपाल सहित देश के अलग-अलग राज्यों में भेजने का आरोप है। विरोध करने पर उनके परिवार को प्रताड़ित और अपहरण की धमकी दी गई। पुलिस ने इस मामले में 8 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है।

पीड़िता बस्ती शहर में एक निजी हॉस्पिटल में काम करती थी, जहां जनवरी 2022 में उसकी मुलाकात प्रिंस से हुई जो खुद को हिंदू बताकर अच्छे हॉस्पिटल में नौकरी दिलवाने के नाम पर उसका मोबाइल नंबर ले लिया। धीरे धीरे आरोपी ने पीड़िता को प्रेम जाल में फंसाया। युवती को शक न हो इसके लिए युवक अजफरुल बाकायदा अपने हाथ में कलावा पहनता था। भरोसा जीतकर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और फिर शादी का झांसा दे लगातार दुष्कर्म किया। जब बात हद से ज्यादा गुजर गई और युवती शिकायत लेकर उसके घर पहुंची, तब घर में भी युवक ने अपने भाई व सहयोगी के साथ मिलकर उसके साथ गैंगरेप किया। इतना ही नहीं पीड़िता यदि आरोपी के पास नहीं जाती थीं तब उसके भाई को भी किडनैप किया जाता था।

पीड़िता के अनुसार आरोपी अजफरुल हिस्ट्रीशीटर अपराधी है और इसके काले कारनामों में उसके घर वाले भी साथ देता है। पीड़िता ने दावा किया कि आरोपी और उसका भाई हिंदू बनकर करीब 300 लड़कियों को प्रेम जाल में फंसाकर उन सभी का आपत्तिजनक वीडियो बना चुके थे और उसके बाद देहव्यापार के लिए देश विदेश में बेच देते थे।

### धोखाधड़ी की सुनियोजित साजिश

पूरे रैकेट का मास्टरमाइंड हिस्ट्रीशीटर अपराधी अजफरुल हक उर्फ प्रिंस है। अपनी असली पहचान छिपाकर वह खुद को प्रिंस (हिंदू) बताता था। युवतियों को गुमराह करने के लिए वह बाकायदा कलाई पर कलावा पहनता था, ताकि किसी को उसकी धार्मिक पहचान पर शक न हो। डिप्टी एसपी सत्येंद्र भूषण तिवारी ने बताया कि महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। विवेचना के दौरान जो भी नए तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी और कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## कई बीजेपी विधायक दिल्ली पहुंचे, मणिपुर में सरकार बनाने की भागदौड़ तेज

### –पार्टी ने तरुण चुक को बनाया पर्यवेक्षक, मैतेई समुदाय का बन सकता है सीएम



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** बीजेपी में मणिपुर से लेकर दिल्ली तक भागदौड़ तेज हो गई है। मणिपुर के 20 से ज्यादा बीजेपी विधायक दिल्ली पहुंचे थे और अब पार्टी ने विधायक दल का नेता चुनने के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिया है। राज्य में अगले साल राष्ट्रपति शासन खत्म होने वाला है और उससे पहले पार्टी के नेता चाहते हैं कि सरकार बना ली जाए। सोमवार को बीजेपी ने मणिपुर में पर्यवेक्षक के तौर पर तरुण चुग को नियुक्त किया है, जो पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव हैं। अब किसी भी दिन मणिपुर में एनडीए विधायकों की बैठक हो सकती है जिसमें नेता का चुनाव हो सकता है।

बीजेपी सूत्रों का कहना है कि नई सरकार में राज्य में एक डिप्टी सीएम भी होगा। मैतेई समुदाय से सीएम बनने की संभावना है तो वहीं कुकी समुदाय के किसी नेता को डिप्टी सीएम के तौर पर जिम्मेदारी दी जा सकती है। ऐसा इसलिए ताकि राज्य में यह संदेश जाए कि सरकार सभी को साथ लेकर चल रही है।

बता दें बीते सालों में मैतेई और कुकी समुदाय के बीच तनाव देखा गया था और भीषण हिंसा हुई थी। इसी स्थिति से बचाव के लिए बीजेपी अब कुकी समाज से एक डिप्टी सीएम बना सकती है। बीरेन सिंह की सरकार में असेंबली स्पीकर रहे सत्यब्रत सिंह और पूर्व मंत्री टीएच बिस्वजीत सिंह और के गोविंद दास को मौका मिल सकता है। ये सभी नेता मैतेई समुदाय के ही हैं। दरअसल बीजेपी के अंदर भी तनाव की स्थिति है। कुकी विधायकों का कहना है कि उनके समुदाय का दबाव है। ऐसी स्थिति में यदि कुकी समुदाय को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिला तो उनके लिए सरकार का हिस्सा बनना मुश्किल होगा। ऐसी मांग कुकी विधायकों ने केंद्रीय नेतृत्व से की है। इसको लेकर सरकार अब विचार कर रही है। यही नहीं कुछ विधायकों का कहना है कि मणिपुर को केंद्र शासित प्रदेश ही बना देना चाहिए, जिसकी अपनी विधानसभा भी हो। बता दें मणिपुर में पहली बार 13 फरवरी 2025 को राष्ट्रपति शासन लागू किया गया था। यह 6 महीने के लिए था और फिर अगस्त 2025 में एक बार फिर से इसे 6 महीने के लिए बढ़ा दिया गया। एन बीरेन सिंह ने बीते साल फरवरी में सीएम पद छोड़ दिया था। मणिपुर में विधानसभा का कार्यकाल 2027 तक है। ऐसे में विधायक चाहते हैं कि कम से कम एक साल के लिए ही नए सिरे से सरकार का गठन किया जाए और कुछ काम करके ही जनता के बीच चुनाव में जाया जाए। फिलहाल 60 सीटों वाले मणिपुर सदन में बीजेपी के 37 विधायक हैं।

## आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26: विकास की दौड़ में पटना सबसे आगे



**पटना(एजेंसी)।** बिहार सरकार द्वारा विधानसभा में पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के आंकड़ों ने राज्य के भीतर आर्थिक समृद्धि और विकास की गहरी विषमता को उजागर कर दिया है। सर्वेक्षण से स्पष्ट हुआ है कि जहां राज्य की औसत प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 76,490 रुपये तक पहुंच गई है, वहीं जिलों के बीच विकास का असंतुलन चिंता का विषय बना हुआ है। यह रिपोर्ट मुख्य रूप से प्रति व्यक्ति आय, ईंधन (पेट्रोल-डीजल) की खपत, एलपीजी उपयोग और लघु बचत जैसे संकेतकों पर आधारित है, जो स्थानीय स्तर पर जीवन स्तर के वास्तविक अंतर को दर्शाती है।

सर्वेक्षण के अनुसार, राजधानी पटना ने राज्य के सबसे समृद्ध जिले के रूप में अपना दबदबा बरकरार रखा है। पटना में प्रति व्यक्ति आय 1,31,332 रुपये दर्ज की गई है, जो न केवल राज्य के औसत से कहीं अधिक है, बल्कि सबसे गरीब जिले की तुलना में लगभग छह गुना ज्यादा है। पटना की इस समृद्धि का मुख्य कारण वहां का व्यापारिक ढांचा, शैक्षणिक केंद्र और सरकारी सेवाओं की सघनता है। समृद्धि के मामले में बेगूसराय 61,566 रुपये की आय के साथ दूसरे और औद्योगिक गतिविधियों वाला मुंगेर 54,469 रुपये के साथ तीसरे स्थान पर खड़ा है।

इसके विपरीत, राज्य के कुछ जिले आज भी भीषण आर्थिक पिछड़ेपन का सामना कर रहे हैं। शिवहर बिहार का सबसे गरीब जिला बनकर उभरा है, जहां प्रति व्यक्ति आय महज 22,047 रुपये है। इसी श्रेणी में अररिया (23,670 रुपये) और सीतामढ़ी (24,332 रुपये) का स्थान आता है। इन जिलों में आजीविका का मुख्य आधार कृषि है, लेकिन हर साल आने वाली बाढ़, संसाधनों की कमी और औद्योगिक निवेश के अभाव ने यहां विकास की गति को रोक दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, इन पिछड़े जिलों में ईंधन और एलपीजी की खपत भी सबसे कम दर्ज की गई है, जो बुनियादी सुविधाओं की कमी की ओर इशारा करती है। हालांकि, व्यापक स्तर पर बिहार की अर्थव्यवस्था ने 2024-25 में 13.1 प्रतिशत की शानदार विकास दर दर्ज की है, जो राष्ट्रीय औसत 9.8 प्रतिशत से काफी बेहतर है। राज्य की जीडीपी में सेवा क्षेत्र का योगदान 58 प्रतिशत तक पहुंच गया है, लेकिन कृषि और विनिर्माण क्षेत्र में अभी भी सुधार की काफी गुंजाइश है। सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य पर भारी बजट आवंटित किया है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक पिछड़े जिलों के लिए लक्षित औद्योगिक नीतियां और बाढ़ नियंत्रण के ठोस उपाय नहीं किए जाते, तब तक यह विषमता दूर करना संभव नहीं होगा। यह सर्वेक्षण नीति निर्माताओं के लिए एक चेतावनी है कि तीव्र आर्थिक विकास के साथ-साथ समावेशी विकास पर ध्यान देना अब अनिवार्य हो गया है।

## रील बनाने का जुनून बना काल, वंदे भारत की चपेट में आने से यूपी के दो युवकों की मौत

राजकोट (एजेंसी)। गुजरात के राजकोट में सोशल मीडिया के लिए रील और सेल्फी बनाने का जानलेवा शौक एक बड़े हादसे में तब्दील हो गया। भक्तिनगर और रिबडा रेलवे स्टेशन के बीच मालधारी रेलवे फाटक के पास सोमवार दोपहर तेज रफ्तार वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में आने से दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा उस समय हुआ जब तीनों युवक रेलवे ट्रैक के बेहद करीब खड़े होकर मोबाइल से वीडियो बना रहे थे। हादसे का शिकार हुए तीनों युवक मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे और राजकोट की एक फैक्ट्री में मजदूरी कर अपना जीवनयापन करते थे। मृतकों की पहचान संदीप पटेल और संदीप कोहरी के रूप में हुई है। वहीं, घायल युवक का नाम कपिल है, जिसकी हालत अस्पताल में नाजुक बनी हुई है। चश्मदीदों और पुलिस के अनुसार, वंदे भारत ट्रेन अपने निर्धारित रूट पर उच्च गति से गुजर रही थी, तभी ये युवक ट्रैक के पास रील बनाने और फोटो खींचने में मशगूल थे। ट्रेन की रफ्तार इतनी तेज थी कि युवकों को संभलने का मौका तक नहीं मिला और वे सीधे उसकी चपेट में आ गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दूसरे युवक की मौत इलाज के दौरान हुई। घायल कपिल को तत्काल 108 एम्बुलेंस के जरिए राजकोट सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। इस घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और कुछ समय के लिए रेल यातायात भी बाधित रहा। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और रेलवे पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। राजकोट दक्षिण के एसीपी भावेश जाधव ने बताया कि प्राथमिक जांच और चश्मदीदों के बयानों से यह स्पष्ट हुआ है कि युवक ट्रेन के साथ वीडियो रिकॉर्ड कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से लापरवाही का मामला है। फिलहाल पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और उनके परिजनों को सूचित कर दिया गया है। इस दुखद घटना ने एक बार फिर रेलवे ट्रैक के पास सुरक्षा नियमों की अनदेखी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। रेलवे प्रशासन ने जनता से बार-बार अपील की है कि वे पटरियों के पास सेल्फी लेने या वीडियो बनाने जैसी खतरनाक गतिविधियों से दूर रहें। वंदे भारत जैसी हाई-स्पीड ट्रेनों के आने के बाद रेलवे ट्रैक के पास की गई छोटी सी चूक भी जानलेवा साबित हो सकती है।

## हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट की बस खाई में गिरी, 3 की मौत, कई गंभीर रुप से घायल

देहरादून (एजेंसी)। देहरादून के विकासनगर इलाके में बस गहरी खाई में गिर गई, जिससे कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। बस में 30 से ज्यादा यात्री सवार थे। हादसे की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ ने बचाव अभियान शुरू कर दिया है। कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक यह हादसा क्वाणु इलाके में सुदोई खड्ड के पास हुआ, जब चौपाल-नेरवा से हिमाचल प्रदेश के पांवटा साहिब जा रही हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन की बस बेकाबू होकर खाई में गिर गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों ने बताया कि तीन यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 15 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बस सुबह करीब 6 :30 बजे चौपाल डिपो से नेहवा पहुंची थी और मीनस-क्वाणु-हरिपुर रूट से पांवटा साहिब की ओर जा रही थी। उस समय बस में 30 से ज़्यादा यात्री सवार थे। यह हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ। बताया जा रहा है कि मीनस-क्वाणु-हरिपुर सड़क पर सुदोई खड्ड के पास एक ट्रक को रास्ता देते समय सड़क का किनारा धंस गया। नतीजतन, यात्रियों से भरी हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन बस का संतुलन बिगड़ गया, वह कई बार पलटी और आखिरकार सीधी गहरी खाई में जा गिरी। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्यों में मदद करने लगे। पुलिस प्रशासन और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की टीमों को तुरंत मौके पर भेजा गया।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने जाजपुर के बिराजा मंदिर में पिंड दान किया

जाजपुर (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को ओडिशा के जाजपुर जिले स्थित बिराजा मंदिर में पिंड दान अनुष्ठान किया। इस पवित्र कार्यक्रम का उद्देश्य उनके पूर्वजों की आत्माओं के उद्धार के लिए धार्मिक संस्कार करना था। मंदिर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे और राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिए लगभग 600 सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का यह दौरा धार्मिक और शैक्षिक दोनों क्षेत्रों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पिंड दान के बाद वह बालासोर स्थित फकीर मोहन विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इस अवसर पर वह विश्वविद्यालय परिसर में नए निर्मित ऑडिटोरियम का उद्घाटन भी करेंगी। अधिकारियों के अनुसार यह पहल पूर्वी भारत में उच्च शिक्षा के ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राष्ट्रपति का यह कार्यक्रम क्षेत्रवासियों के लिए गौरव का क्षण भी माना जा रहा है, क्योंकि इससे स्थानीय धार्मिक और शैक्षिक संस्थानों को राष्ट्रीय स्तर का सम्मान मिला है।

## नवी मुंबई की लापता लॉ स्टूडेंट श्रेया पाटी लोनावला में मृत मिली

मुंबई (एजेंसी)। नवी मुंबई से लापता 20 वर्षीय लॉ स्टूडेंट श्रेया नरेंद्र पाटी का शव पुणे जिले के लोनावाला स्थित टाइगर पॉइंट की 400 फीट गहरी खाई में मिला है। पुलिस के अनुसार, श्रेया 30 जनवरी से लापता थी। शव को ढूँढने में ड्रोन कैमरों की मदद ली गई। श्रेया बिट्स लॉ स्कूल की छात्रा थी। 30 जनवरी को उसने नवी मुंबई स्थित घर से कहा था कि वह लोनावला में ड्यूक्स नोज पर ट्रेकिंग करने जा रही है और शाम तक लौट आएगी। इसके बाद उसका फोन नेटवर्क से बाहर हो गया। पुलिस ने बताया कि उसी दिन शाम को श्रेया के पिता को टाइगर पॉइंट के पास नाश्ते की दुकान चलाने वाले व्यक्ति का फोन आया। दुकानदार ने बताया कि उसकी दुकान के पास एक बैग मिला है, जिसमें श्रेया का कॉलेज आईडी कार्ड था। इस जानकारी के बाद पुलिस ने लोनावला में खोजबीन तेज की और ड्रोन की मदद से उसका शव खाई में पाया। अधिकारियों का अनुमान है कि श्रेया खाई में गिर गई, लेकिन मामले की पूरी जांच अभी चल रही है। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है और घटना के कारणों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## राजकोट के यस बैंक में भीषण आग, कैश सुरक्षित, फर्नीचर जलकर खाक

राजकोट(एजेंसी)। गुजरात के राजकोट शहर के रेसकोर्स रिंग रोड स्थित यस बैंक की शाखा में सोमवार देर रात भीषण आग लग गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी, और लगभग एक घंटे की कोशिश के बाद आग पर काबू पाया गया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि बैंक का पूरा फर्नीचर, 12 कंप्यूटर और प्रिंटर जलकर खाक हो गए हैं।

# कानून के राज में ट्रस्ट, ट्रांसफॉर्मेशन और टाइमली डिलीवरी बनी यूपी की पहचानः सीएम योगी

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

**फार्मा सेक्टर को बनाया जा रहा ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब**

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को फार्मास्यूटिकल मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन का अग्रणी केंद्र बनाने के लिए ठोस नीति और स्पष्ट विजन के साथ कार्य किया जा रहा है। ललितपुर में विकसित किया जा रहा बल्क ड्रग फार्मा पार्क केवल एक औद्योगिक इकाई नहीं होगा, बल्कि इसे हब एंड स्पोक मॉडल पर विकसित किया जा रहा है, जहां अत्याधुनिक आर एंड डी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। वहीं गौतम बुद्ध नगर में मेडिकल डिवाइस पार्क, यूएस-एफडीए टेस्टिंग लैब और वर्ल्ड-क्लास लॉजिस्टिक्स हब विकसित किए जा रहे हैं। फरवरी के दूसरे सप्ताह में बजट सत्र के माध्यम से लखनऊ में एक वर्ल्ड-क्लास फार्मा इंस्टीट्यूट के निर्माण की दिशा में भी कदम बढ़ाया जाएगा। बरेली सहित अन्य जनपदों में भी नए फार्मा पार्क विकसित किए जाएंगे।

**लोकल से ग्लोबल की यात्रा तय की यूपी ने**

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) के माध्यम से उत्तर प्रदेश ने 'लोकल से ग्लोबल' बनाने का सफल मॉडल प्रस्तुत किया है। आज मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में देश का लगभग 55 प्रतिशत और इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स में 60 प्रतिशत उत्पादन अकेले उत्तर प्रदेश में हो रहा है। पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। देश के लगभग 55 प्रतिशत एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश में हैं। हर जिला मुख्यालय फोरलेन से जुड़ा है। बेहतर रेल नेटवर्क, सर्वाधिक मेट्रो सेवाएं, देश का पहला इनलैंड वाटरवे और सर्वाधिक एयरपोर्ट वाला राज्य आज उत्तर प्रदेश है। वर्तमान में 16 एयरपोर्ट क्रियाशील हैं, जिनमें चार अंतराष्ट्रीय हैं और पांचवें नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को जल्द ही प्रधानमंत्री राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

**निवेशकों को सरकार का पूर्ण समर्थन**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निवेशकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी है। यहां जीरो पॉलिटिकल इंटरफेयर, पारदर्शी नीतियां और समयबद्ध इंसेंटिव वितरण सुनिश्चित किया गया है। आइए निवेश करें, उत्पादन करें और समय पर इंसेंटिव प्राप्त करें, यही उत्तर प्रदेश का मॉडल है। उत्तर प्रदेश आज बीमारू नहीं, बल्कि रेवेन्यू सरप्लस राज्य है और विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

**विकसित भारत की ओर उत्तर प्रदेश**

मुख्यमंत्री ने कहा कि फार्मा कॉन्क्लेव उसी संकल्प का हिस्सा है, जिसके तहत उत्तर प्रदेश को फार्मा सेक्टर में मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन हब के रूप में स्थापित किया जाएगा। एआई, टेलीमेडिसिन, डीप-टेक, मेड-टेक, हेल्थ-टेक और क्लिनिकल रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए सरकार पूरी मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने निवेशकों से आह्वान किया कि वे उत्तर प्रदेश को इस विकास यात्रा में सहभागी बनें, अपने सुझाव दें, सरकार उन्हें अंगीकार करेगी और लागू भी करेगी। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी ताकत है, और इसी विश्वास के साथ प्रदेश नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, एमएसएमई विभाग के मंत्री राकेश सचान, औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी, राज्यसभा सदस्य एवं रामकी ग्रुप के फाउंडर अयोध्या रामी रेड्डी, नीति आयोग के सदस्य डॉक्टर विनोद कुमार पॉल, सन फार्मा के चेयरमैन दिलीप सांघवी, जाइडस लाइफ साइंसेज के चेयरमैन पंकज पटेल, मैनकाइंड फार्मा के चेयरमैन रमेश जुनेजा, डॉक्टर रेड्डीज लैबोरेटरीज के चेयरमैन सतीश रेड्डी, टोरेंट फार्मा के वाइस चेयरमैन जीनल मेहता, एमएसएन लैब के चेयरमैन एमएनएस रेड्डी तथा संदीप जैन, वी कृष्ण मोहन, आदित्य वर्मा, अमिताभ दुबे समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# वीडियो में फेमस यूट्यूबर के पति ने बताई सच्चाई, ग्रेटर नोएडा पुलिस को कहा थैंक्स

ग्रेटर नोएडा। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और यूट्यूबर की पत्नी के साथ हुई अभद्रता के मामले में अब महिला के पति ने वीडियो जारी कर कहा कि उसके वीडियो को काट छांटकर गलत तरीके से पेश किया गया है। वह पुलिस द्वारा तब की गई कार्रवाई से पूरी तरह से संतुष्ट हैं। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामला ओवरटेकिंग का है। घटना भी करीब एक माह पूर्व की है। उस समय सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई की गई थी। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया था। 27 किलोमीटर तक पीछा करने जैसे आरोप भ्रामक है। आरोपियों द्वारा पीड़िता जो एक यूट्यूबर हैं। उससे लिखित रूप में माफी मांगी गई थी। इसके बाद पीड़िता और उनके पति जो स्वयं भी यूट्यूबर हैं। उन्होंने पुलिस से अनुरोध किया था कि वह इस मामले में आगे कोई कानूनी कार्रवाई नहीं चाहते हैं। क्योंकि आरोपी छात्र है। पीड़िता की सहमति के बाद पुलिस ने आरोपियों के परिजनों को कोतवाली बुलाया और आवश्यक बेल बॉन्ड भरवाकर कड़ी हिदायत के साथ आरोपियों को उनके परिजनों के सुपुर्द किया था। उस समय पुलिस की कार्रवाई से पीड़िता और उनके पति पूरी तरह संतुष्ट थे। अब पीड़िता के पति द्वारा पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए एक वीडियो भी जारी किया गया है। एसीपी ग्रेटर नोएडा हेमंत उपाध्याय ने बताया कि मामला पुराना है। महिला के पति ने पहले कहा था कि उनकी पत्नी दिल्ली से ग्रेटर नोएडा स्थित अपने घर बीएमडब्ल्यू कार से लौट रही थीं। ईकोसिटी फ्लाईओवर के पास एक अन्य कार में सवार कुछ युवकों ने उनकी गाड़ी का पीछा करना शुरू कर दिया। रास्ते में कई बार ओवरटेक करने के साथ अभद्र इशारे किए।

# करनावल के कुख्यात गैंगस्टर उधम सिंह को चार साल की सजा

मेरठ। कस्बा करनावल निवासी कुख्यात गैंगस्टर उधम सिंह को पांच साल पुराने गैंगस्टर एक्ट के मामले में अदालत ने दोषी करार देते हुए चार साल की सश्रम सजा सुनाई है। न्यायालय स्पेशल जज गैंगस्टर एक्ट की न्यायाधीश अपर्णा पाण्डेय ने उधम पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड जमा न करने पर उसे दो महीने की अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष के अनुसार 12 अक्तूबर 2021 को सरूरपुर थाने में तत्कालीन थानाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह ने उधम सिंह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। आरोप था कि उसने लोक व्यवस्था भंग की और जनता में दहशत फैलाकर कर अपराध किए। इस मामले में न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। शुक्रवार को इस मुकदमे की सुनवाई के दौरान न्यायालय स्पेशल जज गैंगस्टर एक्ट की न्यायाधीश अपर्णा पाण्डेय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद उधम सिंह को गैंगस्टर एक्ट में दोषी पाया। उसे चार साल के सश्रम कारावास और 20 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने बताया कि उधम सिंह वर्तमान में उन्नाव जेल में बंद है। गत आठ जनवरी को भी गैंगस्टर कोर्ट ने उसे एक अन्य मामले में दो साल की सजा सुनाई थी। शुक्रवार को उसकी उन्नाव जेल से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में पेशी हुई। एसएसपी के अनुसार उधम सिंह का नाम लंबे समय से सरूरपुर और जनपद के अन्य क्षेत्रों में आपराधिक गतिविधियों से जुड़ा रहा है।


**NAME CHANGE**

I Girisha D/O Gaurav,R/O - B-218,Indra Nagar, Adarsh Nagar,Delhi- 110033 have changed my name from Girisha to Girisha Makkar for all purposes.

**NAME CHANGE**

I, hitherto known as POONAM JAIN W/O SORAV JAIN R/O Rzf-768/28, Gali No-08, Palam Colony, Vtc: Raj Nagar Part 2, Po: Raj Nagar-li, Sub District: Delhi Cantonment, District: South West Delhi, Delhi-110045 have changed my name and shall hereafter be known as POONAM KUMARI.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, ATUL GOYAL S/o HARI OM GOYAL, R/o 714, Sector-37, Faridabad, Haryana-121003,declare that name of my minor daughter has been wrongly written as DARSHI GOYAL in my minor daughter namely DRISHTI GOYAL aged 15 years in her Aadhaar Card No.883162388106. The actual name of my minor daughter is DRISHTI GOYAL which may be amended accordingly

**NAME CHANGE**

I, SAGEER AHEMED S/O Qadeer Ahmed R/o D-70, Street No.9, Mohanpuri, Maujpur, Delhi-110053, have changed my name from SAGEER AHEMED to SAGIR AHMAD for all purposes.

**NAME CHANGE**

I, Urmila Saini W/O Ramesh Kumar R/O 87-C Krishna nagar gali no 4 Safdarjung enclave Delhi 110029 changed my name to Urmila.

**NAME CHANGE**

I, VARUN TYAGI S/O NAVEEN KUMAR TYAGI R/O H NO-39, Tagore Marg, Kewal Park, Azadpur, Shanjar Pur, North West Delhi, Delhi-110033 have changed the name of my minor son SHRESTH TYAGI aged 15 years and he shall hereafter be known as SHRESHTH TYAGI.

**NAME CHANGE**

I, JITENDER S/O GOPI RAM R/O 0 361, Mangol Puri, Mangol N Block, North West Delhi, Delhi-110083 have changed the name of my minor son BHARAT aged 17 years and he shall hereafter be known as YASH.

**NAME CHANGE**

I, HASEENA W/o Mohd Islam R/o H.No.1552, Gali No.22, Rajiv Gandhi Nagar, Delhi-110094, have changed my name to HASINA permanently

**NAME CHANGE**

I Karan Urf Sakhaluwa S/o Swamideen R/o Village Ranipur Bhatt, Post Sitapur, Tehsil Karwi, Chitrakoot, Uttar Pradesh-210204, have changed my name to Raj Karan.

**NAME CHANGE**

I Rajni Chamaria W/o Narendra Kumar R/o Matr Chaya, Town Junction Road, Chak 49 NGC, Opp Reliance Petrol Punm, Hanumangarh, PO-Hanumangarh, Rajasthan -335513, have changed my name to Rajni Bala.

**NAME CHANGE**

I Vishnu S/o Retai R/o Gram-Sahhajpur, Post-Bari Marjra Murhadeeh, PO-Bari, Dist-Sitapur, Uttar Pradesh - 261303, have changed my name to Harijali

**NAME CHANGE**

I, Nasim Bano D/o Gulam Mohammad, residing at Hathia Fatak, Nai Basti, Post-Putalighar, Mirzapur, Uttar Pradesh - 231001, have embraced HINDUISM and renounced ISLAM with effect from 02.10.2020 and also have changed my name from Nasim Bano to Nitya.

**NAME CHANGE**

I Machala Alias Machla Kumari D/o Rameshwar Singh and W/o Danvir Singh R/o Krishna Nagar, Mulla Ki Pyau, Dhanauli, Agra, Uttar Pradesh-282001, have changed my name to Himani Singh.

**NAME CHANGE**

I Bhulai Ram S/O Ramsaran R/o 16, Pure Pandit, Saidpur Porai, Sidhaur (Gramin), Bara Banki, Uttar Pradesh - 225413, have changed my name to Ramasumiram

**NAME CHANGE**

I, TRIPTA W/O BALDEV RAJ R/O C-404, GROUND FLOOR, YOJNA VIHAR, SHAKARPUR, DELHI-110092, HAVE CHANGED MY NAME TO TRIPTA KHANEJA PERMANENTLY.

**NAME CHANGE**

I, PRAMOD S/O. BHAGWAN DASS R/O. H.NO-1936, 3RD FLOOR, GALI NO-9, KRISHNA GALI, CHUNA MANDI, PAHAR GANJ DELHI-110055 HAVE CHANGED MY NAME TO PRAMOD KUMAR FOR ALL FUTURE PURPOSES.

**NAME CHANGE**

I, NEHA GOYAL W/O ANKIT GARG R/O H NO-4984, RAM DWARA ROAD SIX TOOTI, NEHRU BAZAR, PAHAR GANJ, DELHI-110055 HAVE CHANGED MY NAME TO NEHA GARG. FOR ALL FUTURE PURPOSE.

**सार्वजनिक सूचना**

हम मौ. यामीन पुत्र मौ. सद्दीक व अनीसा पत्नी मोहम्मद यामीन निवासीगण बी 55 डीडीए कॉलोनी न्यू जाफराबाद दिल्ली 53 घोषणा करते हैं कि हमने अपने पुत्र शहजाद खान को गलत आचरण के कारण अपनी संपत्ति से बेदखल कर सभी संबंध विच्छेद कर लिए हैं, भविष्य में अपने किसी भी कृत्य या लेनदेन के लिए शहजाद खान स्वयं जिम्मेदार होगा, हम या हमारे परिजन नहीं। हस्ता.

**PUBLIC NOTICE**

Public at large is being informed that my client Sent. Krishna Devi w/o Late Ram Dhan río F-2A, 602, Golf Links Residency, Sector-18, Dwarka, South West Delhi-110075 has disassociated herself from her son Sh. Rajesh age 49 years his wife Rita Kumari, age 47 years and their children Gautam Arora Age 23 years and Pari Arora age 20 yrs they are disowned and excluded from all her movable and immovable properties, whether past, present or fature due to habitual gambler (Juari), quarrelsome. and regularly indulges in fights and misconduct. He has also been continuously harassing me and other family members, directly or through his children, by repeatedly demanding money. That due to his irresponsible behavior, repeated quarrels, financial harassment and mental agony caused to me and my family. My client shall not be responsible for any acts, debts liabilities or transaction undertaken by them. All concerned are hereby cautioned not to deal with the above gamed person on her behalf.

**SUSHIL PANWAR Advocate**
Ch. No. 404.
Dwarka Court Complex
Sector 10 New Delhi 110075

**NAME CHANGE**

I MOHINDER KUMAR BAKSHI S/O SHIV DAYAL BAKSHI R/O P-542 JALVAYU VIHAR SECTOR 21 NOIDA GAUTAM BUDDH NAGAR UTTAR PRADESH 201301, I have changed my name to MAHENDRA KUMAR BAKSHI Permanently for all Future purpose

**NAME CHANGE**

I MOHAMMAD SUHAIB ANSARI S/O MOHAMMAD HASHIM R/O E-34/A THIRD FLOOR LEFT FRONT SIDE ABUL FAZAL ENCLAVE PART-1 JAMIA NAGAR OKHLA DELHI-110025, I have changed my name to MD SUHAIB ANSARI Permanently for all Future purpose

**NAME CHANGE**

I AFSHEEN W/O MOHD DAUD R/O H.NO 1086 KATRA GULAM MOHAMMAD LAL KUAN DELHI-110006, I have changed my name to AFSHEEN MALIK Permanently for all Future purpose

**NAME CHANGE**

I SHELA MISHRA W/O ABINASH PANDEY R/O B -981 GD COLONY NEAR RED FOX HOTEL MAYUR VIHAR PHASE-3 DELHI- 110096, I have changed my name to SHELA PANDEY Permanently for all Future purpose

**NAME CHANGE**

I, Md Usman Ali S/o Abbas Karim R/o B-1910, 1st Floor, Near Lalita Block, Shastri Nagar, Ashok Vihar, Delhi-110052, have changed my name to Mohd Usman for all future purposes.

**NAME CHANGE**

IT IS FOR GENERAL INFORMATION THAT I, ALFIYA KHAN D/O TASWWAUR ALI KHAN, R/O HOUSE NO. L-233, GALI NO.-7, RANGPURI ROAD, MAHIPALPUR EXTENSION, MALIK PUR KOHI ALIAS RANG PURI, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110037, DECLARE THAT NAME OF MY FATHER HAS BEEN WRONGLY WRITTEN AS TASWWUAR ALI KHAN IN MY 10TH AND 12TH CLASS EDUCATIONAL DOCUMENTS, AND MY BIRTH REGISTRATION CERTIFICATE NO. MCDOLIR-0119-007330416. THE ACTUAL NAME OF MY FATHER IS TASWWAUR ALI KHAN.

**NAME CHANGE**

I HITHERTO KNOWN AS LALOO RAM YADAV S/O TIHARU RAM YADAV R/O HOUSE NO-1237, TYPE-1, R.K. PURAM SECT- 5, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110022 HAVE CHANGED MY NAME AND SHALL HEREAFTER BE KNOWN AS LALLOO RAM.

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को यह जानकारी दी जाती है कि हमारी ग्राहक आम जनता को यह जानकारी दी जाती है कि हमारे क्लाइंट श्री निखिल गर्ग पुत्र श्री पवन गर्ग और श्री सुमित गर्ग पुत्र श्री कृष्ण कुमार गर्ग ग्राम अहमदनगर नवादा परगना और तहसील लोनी जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में लाल बाग कॉलोनी में स्थित खसरा नंबर 28 और 34 में से 100 वर्ग गज के फ्रीहोल्ड आवासीय मकान नंबर 2 के मालिक हैं, जो बिक्री विलेख दिनांक 02.06.2025 के आधार पर पूर्ण मालिक थे, नीचे दिए गए श्रृंखला दस्तावेज़ में उल्लिखित दस्तावेज़ उपलब्ध नहीं है। विक्रय पत्र दिनांक 16.02.2010 पर जमानत के लिए देखे गए आवेदन को रद्द करने का उल्लेख किया गया है। अब हमारा ग्राहक घोषणा कर रहा है कि किसी अन्य व्यक्ति का उक्त संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं है, और संपत्ति श्रीमती रेखा रानी के नाम से बिकने जा रही है और इसका वित्तपोषण उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड शाखाः शादीपुर नई दिल्ली द्वारा किया गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में अधिकारञ्चस्वामित्व या हित के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है तो इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 14 दिनों के भीतर हमसे संपर्क करें या उसी को संपर्क करें। यदि किसी को मिला तो अधोहस्ताक्षरित। इसके बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा

**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211, Sector-3,
Vaishali, Ghaziabad,
Uttar Pradesh-201010
(Contact at 09958871432)

**NAME CHANGE**

I, NO-14863416K Rank-HAV/MT Name-PRAHALAD SINGH legal father ARAVI BAHGEL residing at VILL-JAGDISHPUR, PO-MAHAVAN, TEHSIL-MAHAVAN, DIST-MATHURA, UTTAR PRADESH-281006, have changed my minor daughter's name from ARAVI BAHGEL to ATHARVI SINGH for all future purposes vide Affidavit dated 30/12/2025 before Notary Public Mathura Uttar Pradesh.

**NAME CHANGE**

I, NO-14863416K Rank-HAV/MT Name-PRAHALAD SINGH legal father ARAV BAGHEL residing at VILL-JAGDISHPUR, PO-MAHAVAN, TEHSIL-MAHAVAN, DIST-MATHURA, UTTAR PRADESH-281006, have changed my minor son's name from ARAV BAGHEL to AARAV SINGH for all future purposes vide Affidavit dated 03/02/2026 before Notary Public Delhi.

**NAME CHANGE**

I, No-14833668F Rank-NK Name-BALAKRISHNA KOMARAPU Presently residing at VPO-DIMILI, TEH-KOTTURU, DIST-SRIKAKULAM, ANDHRA PRADESH-532457, have changed my mother's name from SAROJANI to KOMARAPU SAROJANAMMA for all future purposes and in my service records my mother's date of birth wrongly mentioned as 01/07/1961 instead of her correct date of birth as 01/01/1961 vide Affidavit dated 03/02/2026 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, No-14833668F Rank-NK Name-BALAKRISHNA KOMARAPU Presently residing at VPO-DIMILI, TEH-KOTTURU, DIST-SRIKAKULAM, ANDHRA PRADESH-532457, have changed my father's name from POLEESU to KOMARAPU POLI NAIDU for all future purposes and in my service records my father's date of birth wrongly mentioned as 01/07/1959 instead of his correct date of birth as 01/01/1951 vide Affidavit dated 03/02/2026 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, CHATURA IS LEGALLY MOTHER OF NO. JC 463170M RANK- NB SUB NAME PAWAR YASHWANT SHRIRANG PRESENTLY RESIDING AT VILL-BORKHAL, POST-BORKHAL, TEH-SATARA, DIST-SATARA, (MAHARASHTRA)-415011, HAVE CHANGED MY NAME FROM CHATURA TO CHATURA SHRIRANG PAWAR AND DATE OF BIRTH FROM 09/07/1964 TO 01/01/1954 FOR ALL FUTURE PURPOSES. VIDE AFFIDAVIT DATED 29.01.2026 BEFORE PUBLIC NOTARY DELHI.

**NAME CHANGE**

I, MARUTI IS LEGALLY FATHER OF NO. 2814244M RANK- SEP NAME BADADHE MAHESH MARUTI PRESENTLY RESIDENT OF VILL KODIT BK POST- KODIT TEH-PURANDHAR DIST- PUNE (MAHARASHTRA)-412301, HAVE CHANGED MY NAME FROM MARUTI TO MARUTI BHIKU BADADHE FOR ALL FUTURE PURPOSES. VIDE AFFIDAVIT DATED 02.02.2026 BEFORE PUBLIC NOTARY DELHI.

**NAME CHANGE**

I, ASHUTOSH KUMAR S/O ARUN KUMAR OJHA R/O TOWER B9-1403,TULIP VOILET, SECTOR-69, GURGAON,HARYANA-122101, HAVE CHANGED MY NAME TO ASHUTOSH KUMAR OJHA FOR ALL FUTURE PURPOSES.

**NAME CHANGE**

I, RASOOL AHMED MOHAMMED TARIQUE S/O RASOOL AHMED R/O A-205, BESTECH PARK VIEW ANANDA, SECTOR-81,GURGAON, HARYANA-122004, HAVE CHANGED MY NAME TO MOHAMMED TARIQUE RASOOL AHMED CHAUDHARY FOR ALL FUTURE PURPOSE.

**NAME CHANGE**

I,SHAKTI SINGH RAJPUT S/O RAM SINGH RAJPUT R/O HOUSE NO-354,GALI NO-1,C2,SHYAM KUNJ,BHONDSI(168),GURGAON,HARYANA-122102,HAVE CHANGED MY NAME TO SHAKTI SINGH S/O RAM SINGH FOR ALL FUTURE PURPOSES

**NAME CHANGE**

I, RADHA W/O SANDEEP KOHLI R/O F-220, FIRST FLOOR, VISHNU GARDEN, TILAK NAGAR, DELHI-110018 have changed name to SONIA KOHLI. for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I, TARUN S/O MADAN LAL MEHENDIRATTA R/O H NO-299, FIRST FLOOR, C-BLOCK, SECTOR-1, AVANTIKA, ROHINI DELHI-110085. have changed name to TARUN MENDIRATTA for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I, SUSHMA TIWARI W/O SANJEEV TIWARI R/O 2nd -A/F-25 NEHRU NAGAR NARENDRA MOHAN HOSPITAL GHAZIABAD UP-201001 have changed name to SARLA TIWARI for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I Wasim Raja S/O Tasleem Hussain Siddiqui R/O C-514 Friends circle apartment, Plot no .7 sector -12 Dwarka N.S.I.T New delhi -110078 changed my name to Wasim Raja Siddiqui

**NAME CHANGE**

I, MOHD ARIF S/O MOHAMMAD WASHI R/O HOUSE NO. 266/102, INFRONT OF CHACHA NEHRU SCHOOL, NAI BASTI BHADEWA, RAJENDRA NAGAR, LUCKNOW, UTTAR PRADESH, PIN CODE - 226004, HAVE CHANGED MY NAME FROM MOHAMMAD ARIF TO MOHD ARIF FOR ALL PURPOSES.

**NAME CHANGE**

I POOJA MALIK W/O LAKSHYA PAWAN SHYAM KAURA R/O H.N0-686, SECTOR-17, FARIDABAD-121002 HAVE CHANGE MY NAME TO POOJA MALIK KAURA FOR ALL PURPOSE

**NAME CHANGE**

I KM ICHCHHA DEVI W/O NEERAJ KUMAR NISHAD, R/O D-1/24, 2ND FLOOR, SECTOR-16, ROHINI, SECTOR 15 S.O, NORTH WEST DELHI, DELHI-110089 HAVE CHANGED MY NAME TO ICHCHHA NISHAD W/O NEERAJ KUMAR NISHAD FOR ALL FUTURE PURPOSES.

**NAME CHANGE**

IT IS FOR GENERAL INFORMATION THAT I, DEVENDRA S/O CHANDRAPAL, R/O MHO POLICE CHOKI, CHAMARAN, SARDHANA, PO: SARDHANA, DIST. MEERUT, UTTAR PRADESH-250342, DECLARE THAT NAME OF MY MINOR DAUGHTER HAS BEEN WRONGLY WRITTEN AS KASHISH IN MY MINOR DAUGHTER NAMELY KUSUM AGED 14 YEARS IN HER AADHAAR CARD NO. 6325 4466 5401. THE ACTUAL NAME OF MY MINOR DAUGHTER IS KUSUM, WHICH MAY BE AMENDED ACCORDINGLY.

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि खान प्रॉपर्टीज, अपने अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता श्री गफ्फार अहमद, स्वर्गीय श्री अब्दुल सत्तार के पुत्र के माध्यम से, फ्लैट संख्या 405, तीसरी मंजिल पर, संपत्ति संख्या 62, ब्लॉक-ए पर निर्मित, 500 वर्ग गज क्षेत्रफल, खसरा संख्या 294/1, विश्वकर्मा कॉलोनी, एम.बी. रोड, नई दिल्ली 110044 में स्थित, नोटरीकृत जीपीए एसपीए, एटीएस दिनांक 22.01.2025 और वसीयत दिनाक 18.01.2025 के आधार पर, श्री एस.पी. बब्बर, स्वर्गीय श्री ए. एन, के पुत्र द्वारा निष्पादित की गई है। एसपी मन्बर शाह द्वारा उक्त संपत्ति श्रीमती अनीता शाह को बेची जानी है और इसका वित्तपोषण एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि किसी का उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित / स्वामित्व है या किसी प्रकार का कोई विवाद है, तो कृपया वर्तमान तिथि से 7 विर्मा के भीतर नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में मुझे सूचित करें।

**Rahul Raj, Advocate,**
SG Associates (Law Firm)
B-01, Plot No. 20, Kaushambi,
Ghaziabad-201010.
E-MAIL:sgassociatespl@gmail.com.
Ph: 0120-4968888, 8130309204.

**NAME CHANGE**

I, VANDANA, is a real mother of No. 2808343Y, Rank – Hav, Name – MORE PRASHANT VISHWAS, presently residing Vill – Vadgaon (BK), PO – Kalmani (KD), Teh – Khed, Dist – Ratnagiri, State – Maharashtra, Pin – 415730, have changed my name from VANDANA to VANDANA VISHWAS MORE and date of birth from 14/11/1969 to 14/11/1963 for all future purposes. Vide affidavit dated 03/02/2026 before Public Notary Delhi.

**NAME CHANGE**

I, SHINDE MAHENDRA TULSHIRAM, is legally father of No. 2822073A, Rank – Sep, Name – SHINDE SWAPNIL MAHENDRA, At/Post – Mangharun, Tehsil – Mahad, Dist – Raigarh, State – Maharashtra, Pin – 402302, have changed my name from SHINDE MAHENDRA TULSHIRAM to MAHENDRA TULSHIRAM SHINDE for all future purposes. Vide affidavit dated 02/02/2026 before Public Notary, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, Mohammad Asgar S/O Mohd Hanif R/O J-3/92 Krishan Kunj Laxmi Nagar 110092 have changed my name to Mohd Asgar for all future purposes

**NAME CHANGE**

I hitherto known as GEETA W/O RAJAN MISHRA, R/O 830 B, Shiv Mandir Block, Tirthankar Nagar Jain Nagar Vill, Karala, PO: Karala, Dist: North West Delhi, Delhi - 110081 have changed my name and shall hereafter be known as GEETA MISHRA.

**NAME CHANGE**

I hitherto Known as GEETA alias GEETA RAGHAV D/o Sh. ARYENDER SINGH W/o Sh. ARVIND SINGH RAGHAV residing at 229/32- I, Gali No.-3, Railway Colony, Mandawali, Fazalpur, Shakar Pur, Baramad, East Delhi, Delhi - 110092, have changed my name and shall hereafter be known as GEETA RAGHAV.

**PUBLIC NOTICE**

IT IS FOR GENERAL INFORMATION THAT I MD ASIF SAIFI S/O SAYEED KHAN, R/O D-606/4, KHADDA COLONY JAITPUR EXT PART 2 GALI NO-4, BADARPUR, JAIT PUR, PO: JAITPUR, DIST- SOUTH DELHI, DELHI-110044, DECLARE THAT NAME OF MY FATHER HAS BEEN WRONGLY WRITTEN AS MD SAYEED IN MY ALL EDUCATIONAL DOCUMENTS, PAN CARD NO IXGPS9594N, VOTING CARD NO WGL 3869086, PASSPORT NO W5653660 AND DRIVING LICENSE NO 0820160351703.THE ACTUAL NAME OF MY FATHER IS SAYEED KHAN, RESPECTIVELY WHICH MAY BE AMENDED ACCORDINGLY.

**NAME CHANGE**

I, NOOR ALAM ANSARI S/O MAQBOOL AHMAD, R/O 132/338, BABU PURWA, KANPUR NAGAR, UTTAR PRADESH-208023, HAVE CHANGED THE NAME OF MY MINOR DAUGHTER AL FATIMA AGED 09 YEARS AND SHE SHALL HEREAFTER BE KNOWN AS DUA FATIMA.

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हम दिनेश कुमार पुत्र श्री रोशन लाल एवं श्रीमती सीमा पत्नी श्री दिनेश कुमार दोनों निवासी मकान नंबर 159, नेब सराय इग्नू साउथ दिल्ली दिल्ली-110068 ने अपने पुत्र पवन बल्हारा पुत्र श्री दिनेश कुमार को उनके अभद्र व्यवहार व नियंत्रण में नहीं होने के कारण अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिये है और अपने सारे सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है अगर भविष्य में उपरोक्त पुत्र से कोई नैतिक व अनैतिक एवं अपराधिक कार्य करते है तो वह उनका स्वयं का जोखिम होगा इसमें हमारे परिवार का कोई लेना देना नहीं होगा।

**NAME CHANGE**

I, Ramesh Kumar Choudhary S/o Shri Beda Nand Choudhary R/o C1/13, Flat No.S-2 Front Left Hand Side DLF Dilshad Extn-2 Shahibabad Delhi Global School Bhopura Pasonda Po. Pasonda Dist. Ghaziabad Uttar Pradesh-201005 have changed the name of my minor son AARVI CHOUDHARY aged 14 years and he shall hereafter be known as AARAV CHOUDHARY.

**NAME CHANGE**

I hitherto known as SEJAL GUPTA wife of Shri RAHUL JAIN residing at 8/116, Behind National Public School, Sector-3, Rajendra Nagar, Sahibabad, PO: Sahibabad, District: Ghaziabad, Uttar Pradesh-201005, have changed my name and shall hereafter be known as SEJAL JAIN.

**PUBLIC NOTICE**

Information is given to general public at large that our client Mr. Manoj Kumar S/o Mr. Ramashankar is the absolute owner of Freehold Residential Plot No. 104 area measuring 3 Marla i.e. 100 sq. yds. out of Khasra No. 35/6 Mu. No. 35, Killa No. 6 (8-0), Situated at Waka Mauza Palla, Tehsil and District Faridabad, Haryana. by virtue of Sale Deed dated 22.09.2015 Vide Doc. no. 10627, Book no.1, Vol.no. 0/13, Pages No. 94/25-27 SR Faridabad. Till dated lost/ misplaced his Original Sale Deed dated 29.07.2009 executed by Mr. Sugan Chand in favour of Mrs. Babita Dagar Vide Doc. no. 6897, Book no.1, Vol.no.1/25, Pages No. 12/100-102 SR Faridabad, and online FIR Reference No - Application No. 132250852600038 P.S. Crim Branch Faridabad Haryana. now our client is declaring that that any other Person does not have any right over the said property, and same has been finance by Piramal Finance Ltd. Branch: Dwarka, New Delhi. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained

**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211, Sector-3,
Vaishali, Ghaziabad,
Uttar Pradesh-201010
(Contact at 09958871432)

**NAME CHANGE**

IT IS FOR GENERAL INFORMATION THAT I, TAMANNA KHAN W/O TASWWAUR ALI KHAN, R/O L-233, NO.-7, RANGPURI ROAD, NEAR LABOUR CHOWK, MAHIPALPUR, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110037, DECLARE THAT NAME OF MY HUSBAND HAS BEEN WRONGLY WRITTEN AS TASAWWAR ALI KHAN IN MY MINOR DAUGHTER NAMELY SUMAIYA KHAN AGED 17 YEARS IN HER 10TH AND 12TH CLASS EDUCATIONAL DOCUMENTS, AND HER BIRTH REGISTRATION CERTIFICATE NO. MCDOLIR-0119-007333876. THE ACTUAL NAME OF MY HUSBAND IS TASWWAUR ALI KHAN.

**NAME CHANGE**

I, SUNITA IS LEGALLY MOTHER OF NO. 2821646M RANK- SEP NAME TUPE VIJAY DNYANESHWAR PRESENTLY RESIDING AT A/P BELU/AGASKHIND THE SINNER. DIST NASHIK, (MAHARASHTRA)-422502, HAVE CHANGED MY NAME FROM SUNITA TO SUNITA DNYANESHWAR TUPE FOR ALL FUTURE PURPOSES. VIDE AFFIDAVIT DATED 02.02.2026 BEFORE PUBLIC NOTARY DELHI.

**NAME CHANGE**

I, EKNATH IS LEGALLY FATHER OF NO. 2808006K RANK-HAV NAME PATIL NITIN EKNATH PRESENTLY RESIDING AT VILL-GONDGAON, POST- GONDGAON TEH- BHADGAON, DIST-JALGAON (MAHARASHTRA)-424103, HAVE CHANGED MY NAME FROM EKN??? ?? ??NATH SHANKAR PATIL AND DATE OF BIRTH FROM 01/06/1968 TO 01/06/1958 FOR ALL FUTURE PURPOSES. VIDE AFFIDAVIT DATED 29.01.2026 BEFORE PUBLIC NOTARY DELHI.

**NAME CHANGE**

I, PARVEEN KUMAR S/O SUBHASH, R/O VILLAGE JANDHERI, SAHARANPUR, UTTAR PRADESH-247001, HAVE CHANGED THE NAME OF MY MINOR SON VITIN KHATANA AGED 14 YEARS AND HE SHALL HEREAFTER BE KNOWN AS VIDIT KHATANA.

**सार्वजनिक सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि श्री अजय चौधरी एवं श्री अभय चौधरी, ग्राउंड फ्लोर पर स्थित दुकान संख्या-2 (बिना छत अधिकारों के) के स्वामी हैं, जिसका क्षेत्रफल 12.38 वर्ग मीटर (अर्थात 133.28 वर्ग फुट) है, जो आवासीय प्लॉट संख्या॰-32, गोविंदपुरम, तहसील एवं जिला गाज़ियाबाद, उत्तर प्रदेश में स्थित है। उक्त संपत्ति के मूल स्वामी श्री राम रिख थे, जिन्होंने उक्त संपत्ति गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण (GDA) से बिक्री विलेख दिनांक 25.10.1999 के माध्यम से क्रय की थी। तत्पश्चात श्री राम रिख ने उक्त संपत्ति श्री तेजवीर सिंह, श्री यशवीर सिंह, श्री रजनीश कौशिक एवं श्री रवेश कौशिक को बिक्री विलेख दिनांक 31.10.2001 के माध्यम से विक्रय की। इसके पश्चात श्री तेजवीर सिंह ने उक्त संपत्ति (i) श्री राजेन्द्र प्रसाद मित्तल, (ii) श्रीमती ज्ञानवती मित्तल, (iii) श्री चन्द्र प्रकाश मित्तल एवं (iv) श्री दीपक कुमार मित्तल को बिक्री विलेख दिनांक 18.10.2002 के माध्यम से विक्रय की। दुर्भाग्यवश श्रीमती ज्ञानवती मित्तल का दिनांक 04.05.2021 को बिना वसीयत (अवसीयत) निधन हो गया, जिनके उत्तराधिकारी निम्नलिखित हैं- श्री राजेन्द्र प्रसाद मित्तल (पति), श्री चन्द्र प्रकाश मित्तल (पुत्र), श्री दीपक कुमार मित्तल (पुत्र) एवं श्रीमती रेनू अग्रवाल (पुत्री)। तत्पश्चात श्री चन्द्र प्रकाश मित्तल एवं श्री दीपक कुमार मित्तल ने अपनी ½ (आधा) हिस्सेदारी श्री अभय चौधरी को बिक्री विलेख दिनांक 11.10.2021 के माध्यम से विक्रय की। इसके बाद श्री राजेन्द्र प्रसाद मित्तल, श्री चन्द्र प्रकाश मित्तल, श्री दीपक कुमार मित्तल एवं श्रीमती रेनू अग्रवाल ने शेष ½ (आधा) हिस्सेदारी श्री अजय चौधरी एवं श्री अभय चौधरी को बिक्री विलेख दिनांक 25.07.2022 के माध्यम से विक्रय की। अतः श्री अजय चौधरी एवं श्री अभय चौधरी उक्त संपत्ति के पूर्ण एवं निर्विवाद स्वामी हैं। यह भी पुष्टि की जाती है कि उक्त संपत्ति किसी भी प्रकार के वाद-विवाद, भार, बंधक, ग्रहणाधिकार, दावे अथवा अन्य किसी प्रकार के दायित्व से मुक्त है। कृपया यह भी ध्यान में रखा जाए कि उक्त संपत्ति को आरबीएल बैंक लिमिटेड (RBL BANK LTD), गाज़ियाबाद शाखा, उत्तर प्रदेश द्वारा वित्तपोषित किया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया इस सूचना की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति नीचे दिए गए पते पर पंजीकृत डाक के माध्यम से एवं ई-मेल द्वारा अधोहस्ताक्षरी को भेजी जा सकती है। यदि निर्दिष्ट अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी दावा अमान्य और निष्प्रभावी माना जाएगा।

**[ अश्वनी कुमार ] अधिवक्ता**
चेंबर संख्या 122, तहसील परिसर,
गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश
ईमेलः
kumarw®wvashwani@gmail.com

**NAME CHANGE**

I, SHUBHANGI IS LEGALLY WIFE OF NO. 2812541F RANK- SEP NAME- DOLE DEVIDAS BABASAHEB PRESENTLY RESIDING AT VILL-MORALA, POST-PATSARA, TAL- ASHTI, DIST-BEED, (MAHARASHTRA)-414103,HAVE CHANGED MY NAME FROM SHUBHANGI TO SHUBHANGI DEVIDAS DOLE AND DATE OF BIRTH FROM 26/08/1996 TO 26/08/1996 FOR ALL FUTURE PURPOSES. VIDE AFFIDAVIT DATED 02.02.2026 BEFORE PUBLIC NOTARY DELHI.

**NAME CHANGE**

I, TARAMATI IS LEGALLY MOTHER OF NO. 2812541F RANK- SEP NAME- DOLE DEVIDAS BABASAHEB PRESENTLY RESIDING AT VILL-MORALA, POST-PATSARA, TAL- ASHTI, DIST-BEED, (MAHARASHTRA)-414103, HAVE CHANGED MY NAME FROM TARAMATI TO TARAMATI BABASAHEB DOLE AND DATE OF BIRTH FROM 02/05/1970 TO 01/01/1962 FOR ALL FUTURE PURPOSES. VIDE AFFIDAVIT DATED 02.02.26 BEFORE PUBLIC NOTARY DELHI.

**NAME CHANGE**

I, BABASAHEB IS LEGALLY FATHER OF NO. 2812541F RANK-SEP NAME- DOLE DEVIDAS BABASAHEB PRESENTLY RESIDING AT VILL-MORALA, POST-PATSARA, TAL- ASHTI, DIST-BEED, (MAHARASHTRA)-414103, HAVE CHANGED MY NAME FROM BABASAHEB TO BABASAHEB LAXMAN DOLE AND DATE OF BIRTH FROM 15/03/1962 TO 01/01/1963 FOR ALL FUTURE PURPOSES. VIDE AFFIDAVIT DATED 02.02.2026 BEFORE PUBLIC NOTARY DELHI.

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, मोहम्मद शमशाद पुत्र मोहम्मद यामीन निवासी एन 157, सुंदर नगरी दिल्ली-93 घोषणा करता हूँ कि मेरा वास्तविक नाम मोहम्मद शमशाद (Mohd Shamshad) तथा सही जन्मतिथि 1/1/1970 है जो कि मेरे आधार, पैन कार्ड आदि में भी दर्ज है किंतु मेरे पासपोर्ट बी0567024 में मेरा नाम त्रुटि पूर्वक mohammad Shamshad s/o mohammad Yameen व जन्मतिथि 2/10/1970 लिखा गया है, उपरोक्त दोनों नाम मुझसे ही संबंधित हैं, भविष्य में मुझे सभी उद्देश्यों के लिए Mohd Shamshad s/o Mohd Yamin जन्मतिथि 01/01/1970 के रूप में ही जाना पहचाना जाए। हस्ता.

**NAME CHANGE**

I, MANOJ RAY S/o Shiv Shanker Ray R/o B-943, Sabji Mandi, Azadpur, Delhi-110033, have changed my name from MANOJ RAY to MANOJ KUMAR permanently

**NAME CHANGE**

I ALI S/O JAMALUDDIN RESIDING AT HOUSE NO. 1532 PAHARI DARZIAN BAZAR CHITLI QABAR JAMA MASJID DELHI 110006 HAVE CHANGED MY NAME FROM ALI TO MOHD ALI FOR ALL FUTURE PURPOSE.

**NAME CHANGE**

I, Lalit Koli S/o B L Kohli R/o H.No.762, Jeevan Hospital, Sunlight Colony No.2, Hari Nagar, Ashram, Jangpura, Delhi-110014 have changed my name to Lalit Kohli.

**NAME CHANGE**

I, Kamala Jain W/O Pawan kumar jain R/O 128 ,2nd Floor Krishan Kunj Laxmi Nagar 110092 have changed my name to Kamla Jain for all future purposes

**NAME CHANGE**

I, Pawan Jain S/O Phul Chand R/O 128 ,2nd Floor Krishan Kunj Laxmi Nagar 110092 have changed my name to Pawan Kumar Jain for all future purposes

**NAME CHANGE**

I, BALABAI, is legally mother of No. 2814677K, Rank – L/Hav, Name – NETAJI BABURAO CHOUGULE, 5 MARATHA LI, presently residing at Vill – Kuri, Teh – Chikkodi, Dist – Belgaum, State – Karnataka, Pin – 591241, have changed my name from BALABAI to BALABAI BABURAO CHOUGULE for all future purposes. Vide affidavit dated 29/12/2025 before Public Notary Delhi.

**NAME CHANGE**

I, VISHWAS, is a real father of No. 2808343Y, Rank – Hav, Name – MORE PRASHANT VISHWAS, presently residing Vill – Vadgaon (BK), PO – Kalmani (KD), Teh – Khed, Dist – Ratnagiri, State – Maharashtra, Pin – 415730, have changed my name from VISHWAS to VISHWAS RAMAJIRAO MORE and date of birth from 15/02/1953 to 01/01/1955 for all future purposes. Vide affidavit dated 03/02/2026 before Public Notary Delhi.


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 Cr.PC. / 84 BNSS** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि दो अभियुक्त, अभियुक्त 1, **नवाब, पुत्रः** साबुद्दीन, **पताः** गांव कोटला सादत, फूलगढ़ी, हापुड़, देहात, यू.पी., अभियुक्त 2, **गुलाब उर्फ कुल्लन, पुत्रः** सूरजपाल, **पताः** ग्राम अलीपुरा, काकोड, बुलन्दशहर, यू.पी., ने **FIR No.: 238/2025, दिनांक. 26.05.2025, U/s: 20/25/29/61/85 NDPS Act, थानाः पांडव नगर, नई दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त दोनों अभियुक्त, **नवाब और गुलाब उर्फ कुल्लन,** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दोनों अभियुक्त, **नवाब और गुलाब उर्फ कुल्लन,** फरार हो गये हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 238/2025, दिनांक. 26.05.2025, U/s: 20/25/29/61/85 NDPS Act, थानाः पांडव नगर, नई दिल्ली,** के उक्त दोनों अभियुक्त, **नवाब और गुलाब उर्फ कुल्लन,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.03.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री मनु वेदवान
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-02
विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस.) पूर्वी, कमरा नं. 311
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/1395/ED/2026
(Court Matter)

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82(2)(ii) Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **आकाश शर्मा पुत्रः धर्मपाल शर्मा, पताः** एच-260, इलाचीपुर, लोनी गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, **CT Case 115/2023, U/s 156(3) CR.PC,** थानाः सनलाईट कॉलोनी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि इन्होनें किया है) और इन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आकाश शर्मा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आकाश शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CT Case 115/2023, U/s 156(3) CR.PC,** थानाः सनलाईट कॉलोनी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **आकाश शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री अदिति राव
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-07
जिला द.प., कमरा नं. 508,
साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स, दिल्ली

DP/1405/SE/2026
(Court Matter)


**कौमी पत्रिका**
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
Corporate Office:
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300
E - mail address :
qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in
R.N.I. No.
UP-HIN/2007/21472
Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# संत शिरोमणि गुरु रविदास के नाम पर पंजाब में एयरपोर्ट का नामकरण ऐतिहासिक फैसला : नायब सिंह सैनी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के आदमपुर एयरपोर्ट का नामकरण संत शिरोमणि गुरू रविदास जी के नाम से किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने यह ऐतिहासिक फैसला लिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती के पावन अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री ने आदमपुर एयरपोर्ट को गुरु रविदास महाराज जी एयरपोर्ट का नाम दिया। यह नामकरण श्री गुरु रविदास महाराज जी के अमर आदर्शों को सच्ची श्रद्धांजलि है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस बार का आम बजट समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखकर पेश किया गया है। इस बजट में हरियाणा को विशेष स्थान दिया गया है। बजट में सेम की समस्या से ग्रसित जमीन (जलभराव और खारी जमीन) की बात की गई, एमएसएमई, इंडस्ट्री और एआई को विशेष स्थान दिया गया, जिसका लाभ सीधे हरियाणा को मिलेगा। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार 55 साल सत्ता में रही, लेकिन ऐसा बजट पेश नहीं कर पाई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि पंजाब में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी।

# केंद्रीय बजट से हर वर्ग लाभान्वित, अर्थव्यवस्था को मिलेगी गतिः बडौली

**सोनीपत।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत आम बजट को समावेशी और विकासोन्मुख बताते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने कहा कि यह बजट देश के हर वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जिससे अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। गोहाना शहर स्थित सिंचाई विश्राम गृह में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने बजट की प्रमुख विशेषताओं को विस्तार से रखा। मोहनलाल बडौली ने कहा कि बुनियादी ढांचे को सशक्त करने के लिए पूंजीगत व्यय बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपये किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में एक लाख करोड़ रुपये अधिक है। इससे सड़कों, रेल, सिंचाई और शहरी सुविधाओं के विकास को मजबूती मिलेगी। किसानों के हित में किसान क्रेडिट कार्ड की ऋण सीमा बढ़ाई गई है, जिससे कृषि कार्यों में आर्थिक सहयोग सुलभ होगा। स्वास्थ्य क्षेत्र को लेकर उन्होंने बताया कि देश के हर जिले में आधुनिक ट्रामा सेंटर स्थापित किए जाएंगे, जिससे आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं मजबूत होंगी। कैंसर, शुगर सहित कई गंभीर बीमारियों की दवाइयों को सस्ता करने का प्रावधान किया गया है। साथ ही सोलर पैनल, जूते और कपड़ों की कीमतों में कमी से आम उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

# हरियाणा कबड्डी लीग में हिसार हीरोज ने करनाल किंग्स को हराया

**सोनीपत।** सोनीपत के राई स्थित हरियाणा खेल विश्वविद्यालय में आयोजित कबड्डी चैंपियन लीग के आठवें दिन रोमांचक मुकाबला खेला गया। प्रतियोगिता के इस दिन का पहला मुकाबला हिसार हीरोज और करनाल किंग्स के बीच हुआ, जिसने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। कार्यक्रम में हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ हरियाणा खेल विश्वविद्यालय राई के कुलपति अशोक कुमार, हिसार हीरोज टीम के मालिक राजेश राठी, प्रतियोगिता के संचालक रोहित राठी, दीप आर्या तथा फेडरेशन के सदस्य मौजूद रहे। मुकाबले की शुरुआत हिसार हीरोज ने आक्रामक अंदाज में की और शुरुआती मिनटों में ही करनाल किंग्स को ऑल आउट कर बढ़त बना ली। इसके बाद करनाल किंग्स ने संतुलित खेल दिखाते हुए शानदार वापसी की और मध्यांतर तक 25-23 अंकों की बढ़त हासिल कर ली। मध्यांतर के बाद मुकाबला और अधिक रोमांचक हो गया। हिसार हीरोज ने नई रणनीति के साथ मैदान में उतरते हुए लगातार दबाव बनाया। टीम के स्टार रेडर आशु मलिक ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए निर्णायक क्षणों में महत्वपूर्ण रेड कीं। उनके 21 रेड अंकों की बदौलत हिसार हीरोज ने अंतिम समय में बराबरी करते हुए 2 अंकों से जीत दर्ज की। रक्षात्मक मोर्चे पर सुरजीत नरवाल, सौरभ नंदल, नितेश कुमार और अंकित दहिया ने मिलकर 11 टैकल अंक अर्जित किए। मुकाबले का अंतिम स्कोर 41-39 रहा।

# रेवाड़ी एग्री स्टैक फार्मर आईडी पंजीकरण में पहले स्थान परः अभिषेक मीणा

**रेवाड़ी।** एग्री स्टैक के तहत फार्मर आईडी बनाने के मामले में रेवाड़ी जिला प्रदेश में पहले स्थान पर है। जिला में करीब 35 हजार 677 किसानों की आईडी बनाई जा चुकी है। उपायुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि जिला कृषि एवं किसान कल्याण विभाग व संबंधित विभाग लगातार इस मामले में कार्य कर रहे हैं ताकि सभी किसानों की आईडी बनाई जा सके और जिला के प्रत्येक किसान को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि रेवाड़ी जिला में अभी तक पीएम किसान निधि योजना के तहत 58 हजार 767 किसान पंजीकृत है, जिनमें से करीब 35 हजार 677 किसानों की आईडी बनाई जा चुकी है जोकि पूरे प्रदेश में किसी भी जिला द्वारा बनाई गई आईडी में पहले स्थान पर है। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से सरकार के निर्देशों पर विशेष अभियान चलाकर किसानों की आईडी बनाई जा रही है। कृषि विभाग के अधिकारी जिला के विभिन्न गांवों में किसानों को फार्मर आईडी बनवाने के लिए जागरूक भी कर रहे हैं।

# नायब सैनी ने प्रधानमंत्री मोदी को अंबाला शहीद स्मारक उद्घाटन का निमंत्रण दिया

- **नायब सैनी ने प्रधानमंत्री मोदी को अंबाला शहीद स्मारक उद्घाटन का निमंत्रण दिया**
- **भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन से मिलकर संगठन पर हुआ मंथन**

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने दिल्ली दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करके अंबाला में बने शहीद स्मारक का उद्घाटन करने का निमंत्रण दिया। प्रधानमंत्री के बाद सीएम सैनी ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से भी मुलाकात की।प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उन्हें अंबाला में भव्य रूप से बनकर तैयार हुए शहीद स्मारक के लोकार्पण के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री ने उनका निमंत्रण स्वीकार कर लिया है, लेकिन अभी तारीख तय नहीं हुई है। प्रधानमंत्री से मिलने के बाद नायब सिंह सैनी सीधे भाजपा अध्यक्ष से मिलने गए। मुलाकात के दौरान राज्य में होने वाले शहरी निकाय चुनाव पर चर्चा हुई। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने राज्य संगठन को वीबी-जी राम जी योजना के समर्थन में विधानसभा वार सम्मेलन करने के निर्देश दे रखे हैं।



मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री और भाजपा अध्यक्ष को राज्य में निकाय चुनाव के संचालन की समस्त गतिविधियों से अवगत कराया। साथ ही संगठन द्वारा बनाई गई विभिन्न समितियों की जानकारी दी। भाजपा अध्यक्ष के साथ नायब सिंह सैनी की पार्टी में होने वाली नई ज्वाइनिंग पर भी बातचीत हुई है। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के संचालन के दौरान आने वाली प्रत्येक समस्याओं के समाधान के लिए भी भाजपा ने राज्य स्तरीय कमेटी बनाई है।

# हरियाणा विधानसभा का बजट 20 फरवरी से

एजेंसी

**चंडीगढ़।**हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र 20 फरवरी से शुरू होगा। मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। बजट सत्र कितने दिन चलेगा, यह हरियाणा विधानसभा की बिजनेस सलाहकार कमेटी की बैठक में तय किया जाएगा। बजट सत्र में इस बार कुल 14 सीटिंग हो सकती हैं। वित्त मंत्री के नाते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी साल 2026-27 का अपना दूसरा बजट 27 फरवरी को पेश कर सकते हैं। 20 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण से बजट सत्र की शुरुआत होगी।




अवकाश के बाद 23 फरवरी से दोबारा बजट सत्र की कार्यवाही आरंभ होगी। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी। 27 फरवरी को बजट पेश होने की संभावना है, उस दिन भी शुक्रवार है और अगले दिन 28 फरवरी को शनिवार का अवकाश रहेगा। मंत्रिमंडल की बैठक में बजट की अब तक की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री करीब एक दर्जन बैठकें करने के बाद राज्य के प्रशासनिक सचिवों की अलग से बैठक कर चुके हैं। पिछले साल सात मार्च को राज्य का बजट सत्र आरंभ हुआ था, जो कि 28 मार्च तक चला था। इस बार दो सत्रों में 10 मार्च तक हर हाल में बजट सत्र खत्म कर दिए जाने की संभावना है।

# बंद पड़े मकान में नकदी सहित आभूषणों की चोरी

एजेंसी

**पानीपत।** बंद पड़े मकान में चोर मकान का ताला तोड़ कर, घर से नकदी के साथ सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। जिसकी सूचना पड़ोसियों ने मकान मालिक को दी। मकान मालिक ने आकर चोरी की सूचना पुलिस को दी है। वार्ड तीन निवासी शिकायतकर्ता अलियास ने पुलिस को बताया कि वह करीब दो महीने पहले अपने परिवार के साथ उत्तर प्रदेश में काम से गया था। जाने से पहले वह अपने घर पर ताला लगाकर गया था। रविवार को अलियास को उसके पड़ोसियों ने फोन पर सूचना दी कि उसके मकान का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलते ही जब वह वापस पानीपत पहुंचा, तो देखा कि घर के दरवाजे का ताला टूटा था और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। उसने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया और आलियास की शिकायत पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आस पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद ली जा रही है। थाना किला प्रभारी सुरेश ने बताया कि अलियास की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और चोरों को जल्द पकड़ लिया जाएगा।




# रसायनिक खेती से बढ़ रहे हैं कैंसर व अन्य गंभीर रोग : आचार्य देवव्रत

एजेंसी

**कैथल।** गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग से खेती की दिशा खतरनाक मोड़ पर पहुंच चुकी है, जिससे न केवल मिट्टी की उर्वरता खत्म हो रही है, बल्कि मानव स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि रसायनिक खेती के कारण कैंसर, मधुमेह जैसी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, जो पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है। राज्यपाल गांव दुमाड़ा स्थित शांति फार्म्स में प्राकृतिक खेती पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने किसानों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि अत्यधिक यूरिया और रसायनों के प्रयोग से खेतों में मौजूद लाभकारी सूक्ष्मजीव नष्ट हो रहे हैं, जिससे भूमि की उत्पादक क्षमता लगातार घटती जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते प्राकृतिक खेती की ओर कदम नहीं बढ़ाया गया तो आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध भोजन और स्वच्छ जल के संकट का सामना करना पड़ेगा। आचार्य देवव्रत ने कहा कि आज लाखों एकड़ भूमि बंजर हो चुकी है और हरियाणा सहित देशभर में भूमिगत जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है। यह स्थिति केवल किसानों के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि रसायन-मुक्त खेती से न केवल मिट्टी और पर्यावरण सुरक्षित रहता है, बल्कि किसानों की आय में भी स्थायी वृद्धि संभव है। स्वास्थ्य को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए राज्यपाल ने कहा कि रसायनों के अत्यधिक उपयोग से आने वाली पीढ़ियों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं। यहां तक कि बच्चों के जन्म से जुड़ी क्षमताएं भी प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने इसे सामाजिक चेतना का विषय बताते हुए प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने शांति फार्म्स में चल रही प्राकृतिक खेती का निरीक्षण भी किया और किसानों को गुरुकुल कुरुक्षेत्र में निशुल्क प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण के लिए आमंत्रित किया। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी और क्षेत्र के किसान उपस्थित थे।



# पंडित जसराज से शास्त्रीय संगीत को मिली विशिष्ट पहचानः सैनी

एजेंसी

**फतेहाबाद।** संगीत सम्राट पंडित जसराज ने भारतीय शास्त्रीय संगीत की धमक को सात समुंद्र पार तक पहुंचाने का काम किया। पंडित जी की बदौलत भारतीय संगीत को दुनिया में विशिष्ट पहचान मिली। यह बात मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कही। मुख्यमंत्री, पद्म विभूषण से सम्मानित प्रमुख संगीतकार पंडित जसराज की जयंती के अवसर पर, गांव पीलीमंदोरी में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में पंडित जसराज की बेटी एवं फिल्म अभिनेत्री दुर्गा जसराज, भजन सम्राट एवं पद्मश्री अनूप जलोटा सहित अनेक प्रमुख हस्तियों ने शिरकत की। मुख्यमंत्री ने कहा पंडित जसराज जी की जयंती और उनकी प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम पर आना मेरे लिए बहुत ही गौरवपूर्ण है। पंडित जसराज जी एक व्यक्ति नहीं बल्कि अपने आप में एक संस्था थे।

उन्होंने कहा गांव पीली मंदोरी में पंडित जसराज जी के नाम से दो प्रवेश द्वार, गांव में पार्क एवं व्यायामशाला का भी करवाया जा चुका है। उनके पिता मोतीराम जी के नाम से भी पुस्तकालय का निर्माण अंतिम चरण में है। मुख्यमंत्री ने गांव पीलीमंदोरी में पशु अस्पताल, दो चौपाल , 33 केवी सबस्टेशन एवं भट्टू मंडी में नई आईटीआई बनाने की घोषणा की।



कार्यक्रम में पंडित जसराज की बेटी दुर्गा जसराज ने कहा कि पंडित जसराज कल्चरल फाउंडेशन की पीएम नरेन्द्र मोदी ने स्थापना की थी। यह फाउंडेशन भारतीय संगीत को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने सीएम नायब सिंह सैनी से मांग की कि पंचकूला में भव्य कल्चरल सैंटर, पंचकूला में बनाया जाए, जहां संगीत के साथ-साथ भागवत गीता का प्रचार हो और पूरे विश्व में यहां के युवा नाम कमाएं। भजन सम्राट अनूप जलोटा ने भजन गायकी से समा बांध दिया। समारोह में पूरे प्रदेश से मीरासी समुदाय को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, चेयरमैन वेद फुलां, भारत भूषण मिढ़ा, बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा भी मौजूद रहे।

# हरियाणा के आवासीय इलाकों में खोल सकेंगे नर्सिंग होम

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सोमवार की रात हुई मंत्रिमंडल बैठक में राज्यभर की लाइसेंसी रिहायशी कॉलोनियों में नर्सिंग होम खोलने की व्यापक पॉलिसी को मंजूरी दे दी गई। इस फैसले का सीधा उद्देश्य है, लोगों को उनके घरों के नजदीक बेहतर और त्वरित चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना, खासतौर पर उन क्षेत्रों में जहां अभी स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सीमित है। नई पॉलिसी के मुताबिक, नर्सिंग होम की अनुमति सिर्फ़ उन योग्य डॉक्टरों (एलोपैथिक/आयुष) को मिलेगी, जो रिहायशी प्लॉट के मालिक हों। मेडिकल या आयुष काउंसिल में वैध रजिस्ट्रेशन रखते हों। वर्तमान में प्रैक्टिस कर रहे हों, और आईएमए की स्थानीय शाखा के सदस्य हों। आवेदन के समय डॉक्टर को संबंधित प्रमाणपत्रों के साथ हलफनामा देना अनिवार्य होगा। नर्सिंग होम की अनुमति आवश्यक कन्वर्ज़न चार्ज जमा करवाने के बाद ही दी जाएगी। बुजुर्ग आबादी में तेजी से वृद्धि, सेक्टरों में बढ़ती जनसंख्या और विशेष चिकित्सा

> **नई पॉलिसी के मुताबिक, नर्सिंग होम की अनुमति सिर्फ़ उन योग्य डॉक्टरों (एलोपैथिक/आयुष) को मिलेगी, जो रिहायशी प्लॉट के मालिक हों।**

सेवाओं की मांग को देखते हुए हर सेक्टर में हेल्थकेयर का विस्तार आवश्यक हो गया है। 2018 में बने नियमों के अनुसार हर 50 एकड़ में 1,000 वर्ग मीटर के दो नर्सिंग होम की अनुमति थी, लेकिन हाइपर पोटेंशियल ज़ोन में एरिया मानक घटाने से आवंटन लगभग असंभव हो गया था। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की मांग और विस्तृत विचार-विमर्श के बाद सरकार ने रिहायशी प्लॉट पर नर्सिंग होम स्थापित करने की मंजूरी दे दी।

# एक डीसी का वादा दूसरे ने पूरा किया,दुमाड़ा में लाइब्रेरी का उद्घाटन

एजेंसी

**कैथल।** जिला उपायुक्त अपराजिता ने गांव दुमाड़ा में पहुंचकर लाइब्रेरी का लोकार्पण किया और विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। पिछले दिनों जिला प्रशासन के रात्रि प्रवास कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की मांग की थी। उस समय तत्कालीन डीसी प्रीति ने ग्रामीणों की मांग पर गांव के युवाओं की पढ़ाई के लिए जल्द ही एक लाइब्रेरी बनाने का वादा किया था। इसके बाद सीएसआर फंड के माध्यम से इस लाइब्रेरी का निर्माण करवाया गया। लाइब्रेरी का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। जिस पर डीसी अपराजिता ने गांव में पहुंच कर विधिवत तौर पर इसका उद्घाटन किया।

सामान्य चौपाल में इस लाइब्रेरी में विद्यार्थियों के लिए सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। एक साथ 32 विद्यार्थी यहां बैठकर शांतिपूर्वक पढ़ाई कर सकते हैं। लाइब्रेरी में दो कंप्यूटर सिस्टम लगाए गए हैं ताकि युवा ऑनलाइन संसाधनों का लाभ उठा सकें। यहां प्रतियोगी परीक्षाओं और सामान्य ज्ञान से जुड़ी महत्वपूर्ण किताबें उपलब्ध कराई गई हैं। साथ ही लाइट्स, पंखे और आरामदायक फर्नीचर की व्यवस्था की गई है ताकि विद्यार्थियों को पढ़ाई में कोई बाधा न आए।

ग्रामीणों ने कहा कि अब गांव के बच्चों को लाइब्रेरी में पढ़ाई करने के लिए शहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और वे गांव में ही रहकर तैयारी कर सकेंगे। इस मौके पर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी रितू शर्मा, सरपंच सुषमा देवी, कुशलपाल, साधु राम, महीपाल, दलबीर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



# हरियाणा में 22 एचपीएस बनेंगे आईपीएस, मुख्य सचिव ने जारी किया सर्टिफिकेट

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा में हरियाणा पुलिस सेवा (एचपीएस) के 22 अधिकारियों के आईपीएस बनने का रास्ता साफ हो गया है। हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इन अधिकारियों को इंटेग्रिटी सर्टिफिकेट जारी कर दिया गया है। जिसके बाद सालों से अटका प्रमोशन का रास्ता साफ हो गया है। अब राज्य सरकार जल्द ही इन नामों का पैनल यूपीएससी को भेजने जा रही है। दो साल पहले जब पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के कार्यकाल में 13 एचपीएस के प्रमोशन की फाइल की मंजूरी मिली थी, लेकिन सूबे के गृह विभाग की ओर से एचपीएस अफसरों के प्रमोशन की तैयार की गई फाइल को तत्कालीन मुख्य सचिव ने आपत्ति जताते हुए वापस भेज दिया था। उस समय अफसरों की एनुअल कॉन्फिडेंशियल रिपोर्ट ही पूरी नहीं थी, इसके कारण उनके इंटेग्रिटी सर्टिफिक्ट जारी नहीं हुआ था। इंटेग्रिटी सर्टिफिकेट (सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र) एक आधिकारिक दस्तावेज़ है जो ये प्रमाणित करता है कि किसी अफसर के खिलाफ कोई अनुशासनात्मक मामला, आपराधिक जांच या भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है। यह उनकी ईमानदारी और निष्पक्षता की पुष्टि करता है। यह आमतौर पर पदोन्नति, या संवेदन शील भूमिकाओं के लिए आवश्यक होता है। इस सर्टिफिकेट से यह सिद्ध होता है कि अफसर का रिकॉर्ड बेदाग है और उस पर भरोसा किया जा सकता है।

मुख्य सचिव ने ने जिन एचपीएस अधिकारियों को यह सर्टिफिक्ट दिए हैं, उनमें मुकेश कुमार, ध्यान सिंह पूनिया, धर्मवीर सिंह, चलजिंद्र सिंह, जयबीर सिंह, कुशाल सिंह, राज कुमार वालिया, ताहिर हुसैन, सिंह, नरेंद्र सिंह, रविंद्र कुमार, राजेश कुमार, ममता खर्च, रविंद्र विजय सिंह, सिद्धार्थ डांडा, करण गोयल, संदीप कुमार, पूनम, भारती डवास, अमित दहिया, ऊषा देवी और जितेंद्र गहलावत शामिल हैं।

# समाज को नशा मुक्त बनाना सबका नैतिक कर्तव्यः एसपी

एजेंसी

**सिरसा।** सिरसा के पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने कहा कि नशा एक जहर है और इस जहर से हमें अपने बच्चों को बचाना और सिरसा को नशा मुक्त बनाना हम सबका परम कर्तव्य है। एसपी सहारण सिरसा जिले के गांव राजपुरा साहनी में वरदान नशा मुक्ति केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। एसपी दीपक सहारण ने कहा कि नशा एक ऐसी बीमारी है जो व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक तौर पर कमजोर बना देता है। उन्होंने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि सिरसा को नशा मुक्त बनाने के लिए जन सहयोग जरूरी ताकि नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए बच्चों के साथ अच्छा व्यवहार कर उनका सहयोग लें और नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने के लिए जागरूक करते हुए बताएं की ऐसे किसी पदार्थ का सेवन न करें, जिससे नशा होता है तथा ऐसे व्यक्तियों से दूर रहें जो नशा करने के आदी है, संगत से रंगत आना स्वाभिक है। एसपी दीपक सहारण ने जनसंवाद के दौरान उपस्थित लोगों से कहा कि समाज व देश के जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हमारा नैतिक कर्तव्य बनता है की सिरसा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई जा रही इस मुहिम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और सिरसा को नशा मुक्त बनाने के लिए एकजुट होकर दृढ़ संकल्प लें तभी हम नशा मुक्त समाज की स्थापना कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नशे की कुरीति को जड़ से खत्म करने के लिए युवा पीढ़ी को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि नशाखोरी की प्रवृत्ति के विरुद्ध सभी लोगों को एकजुट होकर अपना बहुमूल्य योगदान देना चाहिए। एसपी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए सभी ग्राम पंचायतों सामाजिक संस्थाओं को आगे आना होगा।



# कांग्रेस नेता शाहिद हुसैन गोरवाल ने भाजपा को दिया समर्थन

**नूंह।** नूंह खंड की राजनीति में मालब गांव के पंचायत समिति सदस्य शाहिद हुसैन गोरवाल ने कांग्रेस पार्टी से दूरी बनाते हुए भाजपा नेता चौधरी जाकिर हुसैन को अपना समर्थन दे दिया है। करीब 20 वर्षों तक कांग्रेस से जुड़े रहे शाहिद हुसैन गोरवाल मालब क्षेत्र में पंचायत और सामाजिक स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वह वर्तमान में पंचायत समिति के सदस्य हैं। शाहिद हुसैन गोरवाल ने स्पष्ट किया कि उन्होंने फिलहाल भाजपा की औपचारिक सदस्यता नहीं ली है। उन्होंने सिर्फ क्षेत्र के हितों और विकास को ध्यान में रखते हुए चौधरी जाकिर हुसैन को अपना समर्थन दिया है। उनके अनुसार चौधरी जाकिर हुसैन विकास को लेकर गंभीर हैं और जमीनी स्तर पर लोगों की समस्याओं को लगातार उठाते रहे हैं, यही कारण है कि उन्होंने उन्हें समर्थन देने का निर्णय लिया। शाहिद हुसैन गोरवाल का समर्थन मिलने से चौधरी जाकिर हुसैन की स्थिति मालब और आसपास के इलाकों में मजबूत होगी। इसे आगामी पंचायत चुनावों और स्थानीय राजनीतिक समीकरणों के लिहाज से अहम माना जा रहा है। वहीं यह कदम नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद के लिए चुनौती के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि शाहिद हुसैन लंबे समय तक उनके करीबी माने जाते थे।



# भारतीय राजनीति को झकझोर देने वाली रक्षा कंपनी की सहयोगी से अडानी समूह ने किया समझौता

**नई दिल्ली।**

इटली की कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड क्लीन चिट मिलने के पांच साल बाद फिर भारत के रक्षा क्षेत्र में प्रवेश को तैयार है। यह वही बहुचर्चित कंपनी हैं जिसका नाम वीवीआईपी हेलिकॉप्टर कांड से जुड़ा था। इस कांड ने करीब एक दशक तक भारतीय राजनीति को झकझोर दिया था। अगस्ता की पैतृक कंपनी लियोनार्डो के साथ अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस की डील को अंतिम रूप दे दिया है। अडाणी ग्रुप के अनुसार इसकी औपचारिक घोषणा मंगलवार को होगी। लियोनार्डो कभी फिनमैकेनिका के नाम से जानी जाती थी। अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला 3,600 करोड़ का एक वीवीआईपी हेलिकॉप्टर खरीद घोटाला है। इसमें कंपनी पर 12 एडब्ल्यू-101 (एडब्ल्यू-101) हेलिकॉप्टर की खरीद में वायुसेना के अधिकारियों और बिचौलियों को करीब 360 करोड़ की रिश्वत देने का आरोप है। भारत ने 2014 में सौदे को औपचारिक रूप से रद्द करने के बाद कंपनी को ब्लैकलिस्ट किया था। सबूतों के अभाव में पहले इटली की अदालत ने और बाद में नवंबर 2021 में रक्षा मंत्रालय ने अगस्ता वेस्टलैंड को क्लीन चिट दे दी थी।

दरअसल यह सौदा 2010 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दौरान इटली की कंपनी फिनमैकेनिका की सहायक कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड के साथ हुआ था। 2013 में इटली की जांच एजेंसियों ने रिश्वतखोरी के आरोपों की जांच शुरू की। इस सौदे में बिचौलियों की भूमिका सामने आई। इसके बाद मामला सीबीआई को सौंपा गया और नौबत इतना आ गई कि सौदे के समय वायु सेना प्रमुख रहे एयर चीफ मार्शल एसपी त्यागी और कुछ अन्य लोगों को जेल जाना पड़ा।

सीबीआई ने 2010 में 12 वीवीआईपी हेलिकॉप्टरों की आपूर्ति के लिए हुए सौदे के कारण सरकारी खजाने को 398.21 मिलियन यूरो (करीब 2,666 करोड़ रु.) के नुकसान का आरोप लगाया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 2016 में दायर अपने आरोप पत्र में दावा किया था कि मिशेल को अगस्ता वेस्टलैंड से 30 मिलियन यूरो (करीब 225 करोड़ रु.) मिले थे। इधर, सीबीआई का केस चलता रहा। रक्षा मंत्रालय ने इस केस से जुड़ी भारतीय कंपनी डेफसिस प्राइवेट लिमिटेड पर पिछले साल जून में प्रतिबंध की अवधि बढ़ाई थी। हालांकि, दिल्ली हाईकोर्ट ने रक्षा मंत्रालय के आदेश को निरस्त कर दिया।

# टैक्स विवाद निपटाने की रफ्तार तेज, 2 लाख से ज्यादा अपील सुलझाने का लक्ष्य

**नई दिल्ली ।**

आयकर विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2 लाख से अधिक सीआईटी (ए) मामलों का निपटान करने का लक्ष्य रखा है। 20 जनवरी तक 1.65 लाख मामले निपटाए जा चुके हैं, जबकि पिछले वर्ष 1.72 लाख मामलों का निपटान हुआ था। वर्तमान में लगभग 5.4 लाख अपील मामले लंबित हैं, जिनमें विवादित कर राशि 16.75 लाख करोड़ रुपये है। अब मूल्यांकन और जुर्माने की कार्रवाई एक ही आदेश में की जाएगी, जिससे अलग मुकदमेबाजी समाप्त होगी। यदि करदाता अंडर-रिपोर्टिंग स्वीकार करते हैं और भुगतान करते हैं, तो जुर्माने में 50 फीसदी की छूट और गलत रिपोर्टिंग पर जुर्माना 200 फीसदी से घटाकर 100 फीसदी किया जाएगा। विभाग ने अपडेटेड रिटर्न सुविधा शुरू की है, जिससे करदाता चार साल तक की विसंगतियों को स्वेच्छा से सुधार सकते हैं। अब तक 1.22 करोड़ अपडेटेड रिटर्न दाखिल किए गए हैं। इस सुविधा से कर अनुपालन और कर संग्रह में पारदर्शिता बढ़ी है। आईटी, आईटीई सेवाएं, सॉफ्टवेयर विकास और केपीओ क्षेत्रों के लिए 15.5 फीसदी एकीकृत सेफ हार्बर मार्जिन लागू किया गया है। 2,000 करोड़ रुपये की पात्रता सीमा के कारण अधिकांश कंपनियां इसका लाभ ले सकेंगी। 44,000 कंपनियों में से लगभग 30 फीसदी आईटी/आईटीई क्षेत्र से संबंधित हैं। केवल 90 कंपनियां बाहर हैं, जिनमें से 60 के पास एपीए है और शेष 30 भविष्य में एपीए ले सकती हैं।

# बल्क ड्रग्स के लिए पीएलआई योजना का उत्पादन लक्ष्य बढ़ा

**- वित्त वर्ष 27 में बल्क ड्रग्स के लिए 500 टन अतिरिक्त उत्पादन क्षमता जोड़ने का लक्ष्य**



**नई दिल्ली ।**

वित्त वर्ष 27 में फार्मास्युटिकल्स विभाग ने बल्क ड्रग्स, मेडिकल उपकरण और अन्य फार्मास्युटिकल उत्पादों के लिए पीएलआई योजना के तहत उत्पादन बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। इस साल बजट आवंटन में 2.24 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए तीन योजनाओं के लिए कुल 2,499.84 करोड़ रुपए रखा गया है, जबकि वित्त वर्ष 26 में यह 2,444.93 करोड़ रुपए था। विभाग वित्त वर्ष 27 में बल्क ड्रग्स के लिए 500 टन अतिरिक्त उत्पादन क्षमता जोड़ने का लक्ष्य रख रहा है।

इससे इस साल कुल 1,250 करोड़ रुपए मूल्य के ड्रग्स का उत्पादन होने का अनुमान है। इस पहल का उद्देश्य जरूरी एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट (एपीआई) का घरेलू उत्पादन बढ़ाना और उन दवाओं पर निर्भरता कम करना है, जिनके कोई वैकल्पिक स्रोत नहीं हैं। सरकार ने हाल ही में चीनी उत्पादकों द्वारा दामों में कमी और डंपिंग को रोकने के लिए पेनिसिलिन-जी, एमोक्सिसिलिन और 6-एपीए जैसी एपीआई के लिए न्यूनतम आयात मूल्य (एमआईपी) तय किया है। बल्क ड्रग्स योजना के बाहर आने वाले फार्मास्युटिकल उत्पादों के लिए वित्त वर्ष 27 में 1.08 लाख करोड़ रुपए का उत्पादन लक्ष्य रखा गया है, जो वित्त वर्ष 26 के 90,000 करोड़ रुपए के लक्ष्य से बढ़कर है। योजना के तहत बायोफार्मास्युटिकल्स, जटिल जेनेरिक दवाएं, पेटेंटेड और पेटेंट समाप्ति के करीब दवाएं, ऑटो-इम्यून दवाएं और कैंसर रोधी दवाओं के उत्पादन को प्रोत्साहन दिया जाएगा। इसका मकसद उच्च मूल्य वाली दवाओं के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना और भारत को फार्मास्युटिकल आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत करना है।

# कैंसर और दुर्लभ बीमारी की दवाओं पर सीमा शुल्क हटाने से मरीजों को राहत




**नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने कैंसर की 17 महंगी दवाओं और सात दुर्लभ बीमारियों के इलाज पर 5-10 फीसदी आयात शुल्क तुरंत हटाने का निर्णय लिया है। इसका मकसद मरीजों के लिए इन उपचारों को सुलभ बनाना और लागत को कम करना है। इस कदम से वैश्विक और घरेलू दवा कंपनियों को भी फायदा होगा, जिनके पोर्टफोलियो में आयातित दवाएं शामिल हैं। इस छूट से नोवार्टिस, इलाई लिली, एस्ट्राजेनेका, रोश जैसी कंपनियां लाभान्वित होंगी। उदाहरण के लिए, नोवार्टिस का रिबोसिस्लिब और इलाई लिली का एबेमासिस्लिब ब्रेस्ट कैंसर में उपयोग होता है। एस्ट्राजेनेका का ट्रेमेलिमुमैब लिवर कैंसर और रोश की वेनेटोक्लाक्स क्रोनिक लिम्फोसाइटिक ल्यूकेमिया के इलाज में प्रयोग होती हैं। इसके अलावा, ऐबवी, ब्लूप्रिंट मेडिसिन्स, बेयर और ब्रिस्टल मायर्स स्क्विब जैसी कंपनियों की आयातित इम्यूनोथेरेपी भी लाभ में रहेंगी। एल्नीलम फार्मास्युटिकल्स को प्राइमरी हाइपरोक्सालुरिया टाइप 1 के लिए लुमासिरेन पर छूट मिलेगी। इसके अलावा, हेरेडिटरी एंजियोएडेमा और प्राइमरी इम्यूनोडिफिशिएंसी डिसऑर्डर (पीआईडीडी) के इलाज में दवा आपूर्तिकर्ताओं को स्थिर मांग और बेहतर किफायत मिलेगी। मरीजों के लिए इसका सीधा फायदा यह होगा कि महंगी दवाओं की लागत में थोड़ी कमी आएगी। लंबे समय तक इस्तेमाल होने वाले ब्रेस्ट कैंसर की दवाओं जैसे रिबोसिस्लिब और एबेमासिस्लिब की कीमतें कम होने से इलाज जारी रखना आसान होगा। ट्रेमेलिमुमैब जैसी इम्यूनोथेरेपी भी अधिक सुलभ हो जाएगी।

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील के ऐलान के बाद अडानी समूह के शेयरों में जबरदस्त उछाल

**मुंबई।**

भारत-अमेरिका ट्रेड डील के ऐलान के बाद शुरुआती कारोबार में अदाणी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में जबरदस्त उछाल दिख रहा है। सबसे ज्यादा तेजी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) के शेयर में रही, जो करीब 10 प्रतिशत के अपर सर्किट के पास ट्रेड करता है। शेयर बाजार में तेजी के माहौल के बीच अदाणी और अदाणी एनर्जी के शेयरों में भी 7 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त दर्ज की है। इसके अलावा, अदाणी पोर्ट्स, अदाणी पावर, अंबुजा सीमेंट्स और अदाणी टोटल के शेयर भी 4 प्रतिशत से ज्यादा चढे है। अदाणी ग्रुप की कंपनियों में निवेशकों का भरोसा भारत-अमेरिका ट्रेड डील की वजह से और मजबूत हुआ है। ब्रोकरेज फर्म ने अदाणी ग्रुप को डील से फायदा उठाने वाले बड़े समूहों में शामिल बताया है।

ब्रोकरेज फर्म के मुताबिक, अदाणी ग्रुप की कई कंपनियों का अमेरिका से सीधा कारोबार जुड़ा हुआ है, इसी वजह से उन्हें इस ट्रेड डील का बड़ा फायदा मिल सकता है। इसके साथ ही ऑटो पार्ट्स बनाने वाली कंपनियां, सोलर मैन्युफैक्चरर्स, केमिकल कंपनियां और टेक्सटाइल सेक्टर को भी समझौते से लाभ मिलने की उम्मीद है। अमेरिका ने मेड इन इंडिया उत्पादों पर लगने वाला टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमति जाहिर की है। इस भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक रिश्तों को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना गया है।

इस बीच जापान की क्रेडिट रेटिंग एजेंसी ने अदाणी समूह की तीन कंपनियों-अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड (एपीएसईजेड), अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) और अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल)-की रेटिंग शुरू की है। इन तीनों कंपनियों को स्टेबल आउटलुक के साथ लंबी अवधि की विदेशी मुद्रा क्रेडिट रेटिंग दी गई है। जापान की रेटिंग एजेंसी ने अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) को ए- (स्टेबल) रेटिंग दी है।

## रुपया बढ़त पर बंद

**नई दिल्ली ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 30 पैसे की बढ़त के साथ ही 90.49 पर बंद हुआ। आज सुबह रुपये में तेजी रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक अहम फैसले के बाद रुपया अचानक मजबूत स्थिति में आ गया। अमेरिका ने भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ को घटाकर 18 फीसदी कर दिया है। इस फैसले की खबर सामने आते ही शेयर बाजार और फॉरेक्स मार्केट में सकारात्मक माहौल देखने को मिला। मंगलवार को इंटरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.30 पर खुला, जबकि पिछले सत्र में यह 91.49 पर बंद हुआ था। यानी शुरुआती कारोबार में ही रुपये ने 119 पैसे की बड़ी छलांग लगा दी। फॉरेक्स ट्रेडर्स के मुताबिक, यह पिछले चार वर्षों में एक दिन की सबसे बड़ी मजबूती है। इससे पहले कोरोना काल के दौरान इस तरह की तेजी देखी गई थी। बाजार के जानकारों ने कहा कि अमेरिका-भारत व्यापार समझौता बाजार के लिए सबसे बड़ी राहत की खबर रही। राष्ट्रपति ट्रंप ने करीब 9 महीने की देरी के बाद टैरिफ घटाने की घोषणा की, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी समर्थन मिला। 18 फीसदी टैरिफ भारत के लिए पड़ोसी देशों की तुलना में बेहतर स्थिति बनाता है, जिससे निर्यातकों को फायदा होगा।

## एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और होंडा मोटरसाइकिल के बीच रणनीतिक साझेदारी



**मुंबई/इंदौर।** देश के सबसे बड़े स्मॉल फाइनेंस बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने टू-व्हीलर फाइनेंसिंग के लिए एक रणनीतिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य तकनीक-आधारित समाधानों के जरिए ग्राहकों को किफायती और सुविधाजनक ऋण उपलब्ध कराना है। इस गठबंधन के तहत, एयू बैंक होंडा का पसंदीदा फाइनेंसर होगा। बैंक अपनी एसटीपी तकनीक और डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग कर ग्राहकों को पेपरलेस प्रक्रिया, त्वरित ऋण स्वीकृति और रीयल-टाइम स्टेटस ट्रैकिंग जैसी सुविधाएं प्रदान करेगा। यह पहल विशेष रूप से पहली बार वाहन खरीदने वाले ग्राहकों के लिए एंड-टू-एंड डिजिटल सहायता सुनिश्चित करेगी। साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए एयू बैंक के डिप्टी सीईओ उत्तम टिबरेवाल ने कहा कि यह सहयोग मोबिलिटी फाइनेंस के विस्तार में एक मील का पत्थर साबित होगा। वहीं, होंडा के सेल्स एवं मार्केटिंग डायरेक्टर योगेश माथुर ने कहा कि इस कोलैबोरेशन से देशभर की डीलरशिप पर ग्राहकों को पारदर्शी और सुलभ क्रेडिट विकल्प मिलेंगे। यह गठजोड़ एयू बैंक के यूनिवर्सल बैंक में ट्रांजिशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## कोटक म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया कोटक सर्विसेज फंड, सर्विस सेक्टर की ग्रोथ पर फोकस

**मुंबई/इंदौर ।**

भारतीय अर्थव्यवस्था के मुख्य स्तंभ सर्विस सेक्टर में निवेश के अवसरों को भुनाने के लिए कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने 'कोटक सर्विसेज फंड' लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है, जो विशेष रूप से सेवा क्षेत्र की कंपनियों पर केंद्रित होगी। यह नया फंड ऑफर (एनएफओ) 4 फरवरी 2026 को खुलेगा और 18 फरवरी 2026 को बंद होगा। निवेशक न्यूनतम 1,000 रुपये के साथ इस स्कीम में भागीदारी कर सकते हैं। भारत की कुल अर्थव्यवस्था में लगभग 55त्न का योगदान देने वाला सर्विस सेक्टर निवेश के लिहाज से बेहद आकर्षक है। कोटक सर्विसेज फंड का उद्देश्य टेलीकॉम, हेल्थकेयर, फाइनेंशियल सर्विसेज और आईटी जैसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों की क्षमता का लाभ उठाना है। फंड प्रबंधन के लिए 'बीएएमवी' (बिजनेस, एडमिनिस्ट्रेशन, मैनेजमेंट और वैल्यू) फ्रेमवर्क का पालन किया जाएगा, जो उचित कीमत पर बेहतर ग्रोथ वाले स्टॉक्स चुनने में मदद करेगा। लॉन्च के अवसर पर कोटक महिंद्रा एएमसी के एमडी निलेश शाह ने कहा, बढ़ती आय और डिजिटलीकरण के कारण भारत की सर्विस इकोनॉमी में बड़ा बदलाव आ रहा है। यह फंड निवेशकों को इस बदलाव का हिस्सा बनने और लंबी अवधि में पूंजी बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगा। वहीं, फंड मैनेजर रोहित टंडन ने बताया कि पोर्टफोलियो में उन कंपनियों को प्राथमिकता दी जाएगी जो अपने मुनाफे को बरकरार रखने और बिजनेस मॉडल को स्केल करने में सक्षम हैं। यह फंड लार्ज, मिड और स्मॉल-कैप की अच्छी क्वालिटी वाली कंपनियों का एक संतुलित मिश्रण होगा।

# ट्रेड डील के बाद झूमा शेयर बाजार, सेंसेक्स 2,072 अंक ऊपर आया

**निफ्टी 25,727 पर पहुंचा**

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को भारी उछाल के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील के कारण आई है। इससे निवेशकों में उत्साह रहा और जमकर खरीददारी हुई। वहीं दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों से भी घरेलू बाजार को बल मिला। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 2,072.67 अंक ऊपर आकर 83,739.13 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 639.15 अंक बढ़कर 25,727.55 पर बंद हुआ। आज रियल्टी और वित्तीय शेयरों के ऊपर आने से भी बाजार उछाल। मुख्य सूचकांकों में निफ्टी रियल्टी 4.79 फीसदी और निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 3.27 फीसदी ) की तेजी के साथ सबसे अधिक लाभ में रहे जबकि निफ्टी हेल्थकेयर 3.16 फीसदी, निफ्टी इन्फ्रा 3.03 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में 30 में से 28 शेयर लाभ के साथ ही उछले। इसके अलावा अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, इंडिगो, पावर ग्रिड, सन फार्मा, बजाज फिनसर्व, एसबीआई, एलएंडटी, एक्सिस बैंक, टाइटन, आईसीआईसीआई बैंक, मारुति सुजुकी, ट्रेंट, के शेयर भी ऊपर आये। दूसरी ओर बीईएल और टेक महिंद्रा के शेयरों को सबसे अधिक नुकसान हुआ। आज लार्जकैप के अलावा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,639.50 अंक या 2.84 फीसदी की तेजी के साथ 59,307.10 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 465.60 अंक की तेजी के साथ 16,988.95 पर था।बाजार जानकारों के अनुसार भारत-अमेरिका ट्रेड डील से भी बाजार में सकारात्मक माहौल बना है। इससे भारत को तेज विकास दर हासिल करने में सहायता मिलेगी। इससे पहले आज सुबह बाजार की तेजी के साथ शुरुआत हुई। भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से अटकी ट्रेड डील की आधिकारिक घोषणा होते ही निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ और बाजार में जबरदस्त खरीदारी देखने को मिली। सुबह । सेंसेक्स




शानदार बढ़त के साथ 85,323 अंक पर खुला। सुबह सेंसेक्स 2,492.06 अंक की उछाल के साथ 84,158.52 अंक पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी-50 भी दमदार तेजी के साथ 26,308 अंक पर खुला। सुबह यह 760.70 अंक की बढ़त के साथ 25,849.10 अंक पर ट्रेड करता नजर आया। वहीं वैश्विक स्तर पर एशियाई शेयर बाजारों में भी तेजी देखने को मिली। चीन का सीएसआई 300 इंडेक्स 0.51 फीसदी चढ़ा, हांगकांग का हैंग सेंग 0.78 फीसदी ऊपर रहा, जापान का निक्केई 3.09 फीसदी और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 5.3 फीसदी बढ़ा। अमेरिकी बाजारों में वॉल स्ट्रीट के शेयर बाजार भी बढ़त के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 में 0.54 फीसदी , नैस्डैक में 0.56 फीसदी और डाउ जोंस में 1.05 फीसदी की तेजी दर्ज की गई।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल निर्यात को बढ़ावा

**मोबाइल फोन और सेमीकंडक्टर सहित इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद शुल्क से मुक्त रहेंगे**



**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका ने एक व्यापार समझौते पर सहमति जताई है, जिसके तहत वाशिंगटन ने भारतीय सामानों पर जवाबी शुल्क 25 से घटाकर 18 फीसदी कर दिया है। यह कदम दोनों देशों के व्यापारिक संबंधों को मजबूत करेगा और भारत को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक बनाए रखेगा। आईसीईए के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि इस समझौते से भारत एक वैश्विक विनिर्माण और निर्यात केंद्र के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखेगा। मोबाइल फोन और सेमीकंडक्टर सहित इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद शुल्क से मुक्त रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह कदम भारत की अमेरिका की वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में गहरी भागीदारी की रणनीति का समर्थन करता है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन 19 फीसदी बढ़कर 11.3 लाख करोड़ रुपये हो गया। वहीं, निर्यात में 37.5 फीसदी की बढ़ोतरी हुई और यह 3.3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा। इस वृद्धि से भारत की वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स आपूर्ति श्रृंखला में हिस्सेदारी मजबूत होगी और उद्योग में नई निवेश संभावनाएँ खुलेंगी।

## होरीबा ने प्रिस्टीन डीपटेक का किया अधिग्रहण

अहमदाबाद । होरीबा ग्रुप की कंपनी होरीबा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने प्रिस्टीन डीपटेक प्राइवेट लिमिटेड के सौ प्रतिशत शेयरों का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। होरीबा लिमिटेड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हमें भारत में अपनी आरएंडडी फैसिलिटी स्थापित करने के लिए प्रिस्टीन डीपटेक प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी कर बेहद खुशी हो रही है। यह रणनीतिक साझेदारी एडवांस्ड मटेरियल्स और सेमीकंडक्टर्स के क्षेत्र में हमारी क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसके जरिए हम इनोवेशन पर फोकस करेंगे और बाजार में अपनी आर एंड डी क्षमताओं को और सशक्त बनाएंगे। यह साझेदारी भारतीय बाजार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है और ऐसी सॉल्यूशंस देने पर केंद्रित है, जो तकनीकी प्रगति और समाज में सार्थक योगदान दे।

# मस्क की कंपनी ने एआई स्टार्टअप एक्सएआई का अधिग्रहण किया

**वाशिंगटन।**

दुनिया के दिग्गज कारोबारी एलन मस्क ने घोषणा की है कि उनकी एयरोस्पेस कंपनी स्पेसएक्स ने उनके एआई स्टार्टअप एक्सएआई का अधिग्रहण किया है। इसका उद्देश्य अंतरिक्ष में एआई कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ाना है। कारोबारी मस्क के अनुसार, बड़े पैमाने पर सैटेलाइट लांच कर अंतरिक्ष में डेटा सेंटर जैसी संरचना बनाई जाएगी। हर साल 10 लाख टन सैटेलाइट लांच करने पर करीब 100 गीगावाट एआई कंप्यूटिंग क्षमता प्राप्त की जा सकती है। भविष्य में यह क्षमता धरती से 1 टेरावॉट तक पहुंच सकती है। मस्क ने बताया कि एआई संचालन के लिए अत्यधिक बिजली की आवश्यकता होती है और लंबे समय में इसका सबसे प्रभावी समाधान स्पेस-बेस्ड एआई है। अंतरिक्ष में सूरज की लगातार रोशनी मिलने के कारण, धरती पर बनाए गए डेटा सेंटर की तुलना में बहुत कम लागत में कंप्यूटिंग पॉवर उपलब्ध हो सकती है। इससे कंपनियां अपने एआई मॉडल को तेज़ और बड़े स्तर पर ट्रेन कर पाएंगी और डेटा प्रोसेसिंग भी अधिक कुशल होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि धरती पर बढ़ती बिजली और कूलिंग की जरूरतों को पूरा करना चुनौतीपूर्ण है और इससे पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। स्पेसएक्स का स्टारशिप रॉकेट 2026 में नई वी3 स्टारलिंक सैटेलाइट्स लांच करेगा, जो मौजूदा सैटेलाइट्स से 20 गुना अधिक क्षमता वाली होंगी। भविष्य में हर घंटे 200 टन वजन लेकर उड़ान भरने की योजना है, जिससे लाखों टन सामान अंतरिक्ष में




पहुंचाया जा सकेगा। इसके साथ ही, अगली पीढ़ी के डायरेक्ट-टू-मोबाइल सैटेलाइट्स लॉन्च होंगे, जो धरती के हर कोने में मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध कराएंगे। मस्क का कहना है कि अंतरिक्ष में एआई और ऊर्जा का उपयोग हमारी सभ्यता की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने का सबसे स्थायी और प्रभावी तरीका है। इस योजना से एआई की तरक्की तेज होगी और ऊर्जा की खपत कम होगी।

## विदेश से घर लौटते समय बढ़ी ड्यूटी-फ्री सीमा



**मुंबई ।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने बैगेज रूल्स 2026 लागू कर दिए हैं, जो 2 फरवरी से प्रभावी हुए। नए नियमों के तहत भारतीय निवासी या वैध वीजा वाले विदेशी नागरिक अब 75,000 रुपये तक का सामान बिना ड्यूटी चुकाए ला सकते हैं, जबकि पहले यह सीमा 50,000 रुपये थी। विदेशी पर्यटकों के लिए यह सीमा 25,000 रुपये कर दी गई है। एक साल से अधिक विदेश में रहने वाले भारतीय यात्रियों के लिए गहनों की सीमा बढ़ा दी गई है। महिलाएं 40 ग्राम और पुरुष 20 ग्राम तक सोने के आभूषण बिना ड्यूटी ला सकते हैं, बशर्ते यह व्यक्तिगत उपयोग के लिए हो। 18 साल से ऊपर के यात्री एक नया लैपटॉप या नोटपैड पूरी तरह ड्यूटी-फ्री ला सकते हैं। सिगरेट, शराब की अतिरिक्त मात्रा, सोने-चांदी की छड़ें और टीवी जैसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक सामान इस छूट के बाहर हैं। विदेशी मुद्रा के नियम पहले की तरह ही लागू रहेंगे।

# विकसित भारत बनाने में भारतीय रेल परियोजनाओं को मिली नई रफ्तार



विनोद कुमार सिंह

**मोदी सरकार के आम बजट मे मिशन और केन्द्रीय रेल अश्विनी वैष्णव का ऐतिहासिक विजन में भारतीय रेल देश की आर्थिक रीढ़ व विकसित भारत बनाने में मिल का पत्थर साबित होगा. भारतीय रेल अब केवल यात्रा का माध्यम नहीं, बल्कि भारत के उत्थान,रोजगार,व्यापार और वैश्विक शक्ति बनने की यात्रा का सबसे बड़ा वाहक बन चुकी है।**

मोदी सरकार के आम बजट मे मिशन और केन्द्रीय रेल अश्विनी वैष्णव का ऐतिहासिक विजन में भारतीय रेल देश की आर्थिक रीढ़ व विकसित भारत बनाने में मिल का पत्थर साबित होगा...

वैश्विक मानचित्र पर आए दिनों चर्चा व चिन्तन भारत का होना आम बात है, लेकिन इन दिनों आम बजट मे रेल मंत्रालय को आवांटित राशि को ले चहूँ दिशाओं में विकाश की तेज रफ्तार व सीटी सुनाई पड़ने लगी है। केन्द्रीय बजट 2026-27 लोकसभा में प्रस्तुत हो चुका है और यह बजट केवल सरकार के आय-व्यय का लेखा नहीं,बल्कि भारत के भविष्य का वह निर्णायक दस्तावेज है जो देश को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को नई शक्ति देता है। इस बजट का सबसे बड़ा और सबसे प्रभावशाली पक्ष यह है कि भारतीय रेल को केन्द्र में रखकर मोदी सरकार ने राष्ट्र निर्माण की गति को और तेज करने का स्पष्ट संदेश दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'विकसित भारत मिशन' और केन्द्रीय रेलमंत्रीअश्विनी वैष्णव का आधुनिक रेलवे विजन अब कागजों की योजना नहीं,बल्कि बजट की ठोस घोषणाओं और रिकॉर्ड निवेश के माध्यम से यथार्थ की धरातल पर उतरता दिखाई दे रहा है। भारतीय रेल आज अपने यात्रियों को गंतव्य तक पहुँचाने वाली व्यवस्था नहीं रह गई, बल्कि यह भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़,उद्योगों की जीवनरेखा,कृषि बाजारों की शक्ति और रोजगार सृजन का सबसे बड़ा इंजन बन चुकी है। आप को मै स्पष्ट कर दुं किवर्ष 26- बजट में भारतीय रेल को लगभग 2.78 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत आवंटन प्राप्त हुआ है,जो भारतीय रेल के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा निवेश है। जिससे इंफ्रास्ट्रक्रर को राष्ट्र की प्रगति का मूल आधार माना गया है। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस निवेश को देश की आर्थिक पटरी पर तेज रफ्तार विकास का विजय घोष कहा है। सर्वविदित रहे कि पिछले दशक में रेलवे में जिस स्तर पर परिवर्तन आया है,वह स्वतंत्र भारत में अभूतपूर्व है। रेलवे नेटवर्क का विस्तार,नई तकनीक का समावेश,स्टेशन पुनर्विकास,हाई- स्पीड रेल परियोजनाएँ और हरित ऊर्जा की दिशा में कदम- यह सब भारत को एक नई रेल क्रांति की ओर ले जा रहा है। रेल बजट 2026-27 का सबसे बड़ा आकर्षण सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की घोषणा है। ये कॉरिडोर भारत के औद्योगिक केन्द्रों,व्यापारिक शहरों, कृषि उत्पादन क्षेत्रों और निर्यात हब को तेज गति से जोड़ेंगे। हाई-स्पीड रेल नेटवर्क केवल यात्रियों के समय की बचत नहीं करेगा,बल्कि यह निवेश आकर्षण,उद्योग विस्तार, पर्यटन विकास और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था के तीव्र उत्थान का माध्यम बनेगा। जब शहरों के बीच दूरी घटती है,तब व्यापार की गति बढ़ती है,नए रोजगार के अवसर पैदा होते है। इससे आर्थिक गतिविधियाँ कई गुना तेज हो जाती हैं। दिल्ली-वाराणसी, वाराणसी- सिलीगुड़ी जैसे कॉरिडोर उत्तर भारत और पूर्वी भारत की आर्थिक तस्वीर बदलने की क्षमता रखते हैं। यह विकसित भारत की ओर बढ़ते कदमों का सबसे बड़ा संकेत है। इसी बजट में हाइड्रोजन ट्रेन परियोजना को आगे बढ़ाने का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत किया गया है। भारत अब केवल परंपरागत डीजल इंजनों पर निर्भर नहीं रहना चाहता। हाइड्रोजन ट्रेनें पर्यावरण अनुकूल,ऊर्जा दक्ष और भविष्य की परिवहन प्रणाली का प्रतीक हैं। इससे प्रदूषण घटेगा, ईंधन आयात पर निर्भरता कम होगी और भारत हरित परिवहन क्रांति में अग्रणी भूमिका निभाएगा। यह वही सोच है जो विकसित राष्ट्रों की पहचान बन चुकी है। अब भारत भी उसी दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है। बुलेट ट्रेन परियोजना को भी बजट 2026-27 में नई ऊर्जा मिली है। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन भारत के तकनीकी आत्मविश्वास और आधुनिक राष्ट्र निर्माण की पहचान बन चुकी है। बुलेट ट्रेन केवल एक रेल सेवा नहीं,बल्कि भारत की इंजीनियरिंग क्षमता, निवेश सामर्थ्य और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ने का प्रतीक है। आने वाले वर्षों में इसका विस्तार भारत को हाई-स्पीड ट्रांसपोर्ट के वैश्विक मानचित्र पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित करेगा।




रेलवे विद्युतीकरण भी इस बजट का एक मजबूत स्तंभ है। सरकार का लक्ष्य है कि भारतीय रेल नेटवर्क पूर्णतः विद्युतीकृत होकर ऊर्जा दक्ष, तेज,सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल बने। विद्युतीकरण से परिचालन लागत घटेगी,माल ढुलाई क्षमता बढ़ेगी और भारत का लॉजिस्टिक्स सेक्टर वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूत होगा। रेलवे की गति केवल ट्रेनों की रफ्तार नहीं बढ़ाएगी,बल्कि यह भारत की आर्थिक गति को भी तेज करेगी। रेल बजट 2026-27 का सबसे प्रत्यक्ष और जनसरोकार से जुड़ा पक्ष अमृत भारत स्टेशन योजना है। देशभर में सैकड़ों रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। स्टेशन अब केवल प्लेटफॉर्म नहीं रहेंगे, बल्कि आधुनिक यात्री सुविधा केन्द्र,व्यापारिक गतिविधियों के हब और स्थानीय रोजगार के केन्द्र बनेंगे। छोटे शहरों और कस्बों में स्टेशन विकास से होटल,टैक्सी, दुकानें,स्थानीय हस्तशिल्प, खानपान उद्योग और पर्यटन व्यवसाय को नया जीवन मिलेगा। रेलवे स्टेशन अब विकास के प्रवेश द्वार बनेंगे। नई रेल लाइनों,डबलिंग, ट्रैक अपग्रेडेशन और फ्रेट कॉरिडोर परियोजनाओं पर भी बजट में विशेष बल दिया गया है। माल ढुलाई क्षमता बढ़ाने के लिए रेलवे को आधुनिक लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में बदला जा रहा है। इससे कृषि उत्पाद तेजी से बाजारों तक पहुँचेंगे,उद्योगों को कच्चा माल समय पर मिलेगा और निर्यात क्षेत्र को नई शक्ति मिलेगी। रेलवे विकास का अर्थ केवल यात्री सुविधा नहीं,बल्कि भारत के उत्पादन और व्यापार की क्षमता में क्रांतिकारी वृद्धि है। इस बजट का सबसे बड़ा सामाजिक प्रभाव रोजगार के क्षेत्र में दिखाई देगा। नई परियोजनाओं से लाखों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। इंजीनियरिंग,निर्माण,तकनीकी सेवा,आईटी सिस्टम, सुरक्षा व्यवस्था,खानपान,पर्यटन और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में रोजगार की व्यापक संभावनाएँ खुलेंगी। रेलवे परियोजनाएँ केवल सरकारी नौकरियाँ नहीं,बल्कि निजी क्षेत्र में भी रोजगार और उद्यमिता के अवसर पैदा करती हैं। राज्यवार आवंटन के आंकड़े यह दशार्ते हैं कि रेलवे विकास अब केवल कुछ बड़े शहरों तक सीमित नहीं,बल्कि पूरे भारत में संतुलित विस्तार का माध्यम बन चुका है। 2026-27 में महाराष्ट्र को लगभग 23,926 करोड़ रुपये,उत्तर प्रदेश को 20,012 करोड़ रुपये,गुजरात को 17,366 करोड़ रुपये,मध्य प्रदेश को 15,188 करोड़ रुपये,पश्चिम बंगाल को 14,205 करोड़ रुपये, राजस्थान को 10,228 करोड़ रुपये,बिहार को 10,379 करोड़ रुपये,झारखंड को 7530 करोड़ रुपये,ओडिशा को 10,928 करोड़ रुपये और असम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र को 11,486 करोड़ रुपये का आवंटन मिला है। यह आंकड़े इस बात का प्रमाण हैं कि रेलवे विकास नीति में क्षेत्रीय संतुलन और व्यापक विस्तार को प्राथमिकता दी जा रही है। बिहार जैसे राज्यों में यह निवेश विशेष महत्व रखता है,क्योंकि बीते वर्षों की तुलना में बिहार को कई गुना अधिक आवंटन मिला है। इससे राज्य में नई रेल परियोजनाएँ, स्टेशन विकास,पर्यटन कनेक्टिविटी और स्थानीय व्यापार को बड़ा लाभ होगा। मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ़ और दिल्ली जैसे क्षेत्रों में भी रेलवे निवेश में कई गुना वृद्धि दर्ज की गई है,जो इन क्षेत्रों की औद्योगिक क्षमता और रोजगार अवसरों को व्यापक बनाएगी। पूर्वोत्तर क्षेत्र में विशेष आवंटन इस बात का संकेत है कि सरकार सीमांत क्षेत्रों को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। रेल बजट 2026- 27 वास्तव में मोदी सरकार की उस सोच का प्रतिबिंब है। जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को राष्ट्र निर्माण का सबसे बड़ा आधार माना गया है। प्रधानमंत्री मोदी का विकसित भारत मिशन अब रेलवे जैसी जीवनरेखा में हो रहे रिकॉर्ड निवेश से वास्तविकता बनता दिख रहा है। वैष्णव का विजन भारतीय रेल को आधुनिक,सुरक्षित,तेज, पर्यावरण अनुकूल और विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में निर्णायक है।

भारतीय रेल आज नई पटरियाँ बिछा रही है, लेकिन उससे भी अधिक वह भारत के भविष्य की आर्थिक पटरी बिछा रही है। यह बजट आने वाले वर्षों में भारत को न केवल एक विशाल रेल नेटवर्क वाला देश बनाएगा,बल्कि एक ऐसी अर्थव्यवस्था बनाएगा जो गति, सुरक्षा,हरित ऊर्जा और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के नए मानकों पर खड़ी होगी। विकसित भारत की ओर दौड़ती यह रेलगाड़ी अब रुकने वाली नहीं है,क्योंकि इसके पीछे राष्ट्र की आकांक्षा है,सरकार की प्रतिबद्धता है और भविष्य की अनिवार्यता है। *मोदी सरकार के आम बजट मे मिशन और केन्द्रीय रेल अश्विनी वैष्णव का ऐतिहासिक विजन में भारतीय रेल देश की आर्थिक रीढ़ व विकसित भारत बनाने में मिल का पत्थर साबित होगा* भारतीय रेल अब केवल यात्रा का माध्यम नहीं, बल्कि भारत के उत्थान,रोजगार,व्यापार और वैश्विक शक्ति बनने की यात्रा का सबसे बड़ा वाहक बन चुकी है।

## संपादकीय

### न्याय की व्यापक समझ को तिलांजलि

समस्या आनुपातिक समानता के नाम पर दशकों से चल रही वो राजनीति है, जिसमें न्याय की व्यापक समझ को तिलांजलि दे दी गई है। इस सोच ने समाज को पुरानी जकडनों में और भी मजबूती से बांध डाला है।

उच्च शिक्षण संस्थानों में कथित जातीय भेदभाव को दूर करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा-निदेर्शों ने नई सामाजिक हलचल पैदा कर दी है। इससे संबंधित अपने आरंभिक ड्राफ्ट में आयोग ने दो बदलाव किए। उससे ये मामला भड़का है। शुरूआती ड्राफ्ट में अनुसूचित जातियों और जनजातियों के साथ जातीय आधार पर भेदभाव के मामलों में कार्रवाई की प्रक्रिया शामिल थी। उसमें यह प्रावधान भी था कि गलत शिकायत दर्ज कराने वाले छात्र (या कर्मचारी) पर क्या कार्रवाई होगी। ड्राफ्ट का समाज के एक हिस्से की तरफ से विरोध हुआ। उसके दबाव में आकर यूजीसी ने एक तो संभावित उत्पीडन का शिकार होने वाले समूहों में ओबीसी जातियों को शामिल कर दिया और दूसरे गलत शिकायत से संबंधित प्रावधान को हटा दिया। नतीजा सामान्य श्रेणी वर्ग में गहरे असंतोष के रूप में सामने आया है। इन समूहों की दलील है कि जाति आधारित भेदभाव का शिकार वो भी होते हैं। इस समझ के मुताबिक जातिगत भेदभाव ताकत एवं प्रभाव की स्थिति में मौजूद हर अधिकारी कर सकता है, भले वह किसी जाति से आया हो। उनके मुताबिक यूजीसी इक्विटी विनियमन 2026 की भाषा ऐसी है, जिससे संदेश जाता है कि हर मामले में उत्पीड़क सामान्य श्रेणी के लोग ही होते हैं। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक यूजीसी इस तर्क से सहमत नहीं है और जल्द ही वह इस बारे में स्पष्टीकरण जारी करेगा। अगर ये खबर सच है, तो अपेक्षित होगा कि यूजीसी फौरन ऐसा करे। वरना, ये विवाद एक नई सामाजिक अशांति का कारण बनता नजर आ रहा है। वैसे, इस तरह के मामलों में तमाम तरह के स्पष्टीकरणों की अपनी सीमा है। समस्या आनुपातिक समानता के नाम पर दशकों से चल रही वो राजनीति है, जिसमें न्याय की व्यापक समझ को तिलांजलि दे दी गई है। इस सोच ने समाज को पुरानी जकडनों में और भी मजबूती से बांध डाला है।

## चिंतन-मनन

### प्रधानता आत्मा को

मनुष्य सामान्यतः जो बाह्य में देखता, सुनता, समझता है वह यथार्थ ज्ञान नहीं होता। किन्तु भ्रमवश उसी को यथार्थ ज्ञान मान लेता है। अवास्तविक ज्ञान को ही ज्ञान समझकर और उसके अनुसार अपने कार्य करने केकारण मनुष्य अपने मूल उद्देश्य सुख-शान्ति की दिशा में अग्रसर न होकर विपरीत दिशा में चल पड़ता है। यथार्थ ज्ञान की अनुभावक मनुष्य की अंतरात्मा ही है। शुद्ध, बुद्ध एवं स्वयं चेतन होने से उसको अज्ञान का अंधकार कभी नहीं व्यापसकता। परमात्मा का अंश होने से वह उसी तरह सत, चित एवं आनंद है, जिस प्रकार परमात्मा के समीप असत्य की उपस्थिति संभव नहीं है उसी प्रकार उसके अंश आत्मा में भी असत्य का प्रवेश सम्भव नहीं। मनुष्य की अंतरात्मा जो कुछ देखती, सुनती और समझती है, वही सत्य और यथार्थ ज्ञान है। अंतरात्मा से अनुशासित मनुष्य ही सत्य के दर्शन तथा यथार्थ ज्ञान की उपलब्धि कर सकता है। यथार्थ ज्ञान की उपलब्धि हो जाने पर मनुष्य के सारे शोक-संतापों का स्वतः समाधान हो जाता है। अंतरात्मा की बात सुनना और मानना ही उसका अनुशासन है। मनुष्य की अन्तरात्मा बोलती है, किन्तु उसकी वाणी सूक्ष्मातिसूक्ष्म होती है, जिसे बाह्य एवं स्थूल श्रवणों से नहीं सुना जा सकता। मनुष्य की अन्तरात्मा बोलती है किन्तु मौन विचार स्फुरण की भाषा में, जिसे मनुष्य अपनी कोलाहलपूर्ण मानसिक स्थिति में नहीं सुन सकता। अन्तरात्मा की वाणी सुनने के लिए जरूरी है मनुष्य का मानसिक कोलाहल बन्द हो। अन्तरात्मा का सान्निध्य मनुष्य को उसकी आवाज सुनने योग्य बना देता है। यों मनुष्य की अन्तरात्मा उसमें ओतप्रोत है, पर उसका सच्चा सान्निध्य पाने के लिए उसे जानना आवश्यक है। परिचयहीन निकटता भी एक दूरी होती है। रेलयात्रा में कन्धे से कन्धा मिलाये बैठे दो आदमी अपरिचित होने के कारण समीप होने पर भी एक-दूसरे से दूर होते हैं। अजनबी छोड़िए, जिन्दगी भर एक दूसरे केसाथ रहने पर भी आन्तरिक परिचय के अभाव में कई लोग एक-दूसरे से दूर ही रहते हैं। अन्तरात्मा जानने का एक ही उपाय है कि उसके विषय में सदा जिज्ञासु तथा सचेत रहा जाए। जो जिसके विषय में जितना अधिक जिज्ञासु एवं सचेत रहता है, वह उसकेविषय में उतनी ही गहरी खोज करता है और निश्चय ही उसे पा लेता है। आत्मा के विषय में अधिक से अधिकजिज्ञासु एवं सचेत रहिए। अपनी आत्मा से परिचित होंगे, उसकी वाणी सुनेंगे, सच्चा मार्ग निर्देशन पाएंगे, तो अज्ञान से मुक्त हों यथार्थ सुख-शान्ति के अधिकारी बनेंगे।

# सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसलामासिक धर्म स्वच्छता अब गरिमा और जीवन के अधिकार का हिस्सा



कांतिलाल मांडोत

सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला सिर्फ एक कानूनी आदेश नहीं, बल्कि भारतीय समाज की उस चुप्पी को तोड़ने वाला क्षण है, जिसने दशकों तक मासिक धर्म को हाशिए पर रखा। देश की सर्वोच्च अदालत ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि मासिक धर्म स्वास्थ्य संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और गरिमा के मौलिक अधिकार का अभिन्न हिस्सा है। इस फैसले के साथ ही स्कूलों में पढ़ने वाली लाखों छात्राओं के लिए स्वच्छता, सम्मान और समान अवसर की राह मजबूत हुई है।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने यह फैसला एक जनहित याचिका पर सुनाते हुए केंद्र सरकार, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि देश के हर सरकारी और निजी स्कूल में छात्राओं को मुफ्त ऑक्सो-बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड उपलब्ध कराए जाएं। अदालत ने यह भी अनिवार्य किया कि स्कूलों में लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय हों, जिनमें पर्याप्त पानी, साबुन, हैंडवॉश और निजी इस्तेमाल की सुविधा मौजूद हो। यदि कोई निजी स्कूल इन मानकों का पालन नहीं करता है, तो उसकी मान्यता रद्द की जा सकती है, जबकि सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में कमी की सीधी जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकार की होगी।

कोर्ट ने अपने फैसले में माना कि मासिक धर्म के दौरान बुनियादी सुविधाओं की कमी केवल असुविधा नहीं, बल्कि छात्राओं की गरिमा, निजता और शिक्षा के अधिकार पर सीधा आघात है। अदालत ने यह भी कहा कि यदि किसी स्कूल में लड़कियों के लिए अलग शौचालय नहीं हैं, तो यह संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत समानता के अधिकार का उल्लंघन है। लड़कियों को सैनिटरी पैड जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित रखना उन्हें लड़कों के समान शिक्षा और गतिविधियों में भाग लेने से रोकता है, जो किसी भी सभ्य समाज के लिए स्वीकार्य नहीं हो सकता।

इस मामले की पृष्ठभूमि भी उतनी ही गंभीर है। सामाजिक कार्यकर्ता जया ठाकुर ने वर्ष 2022 में यह जनहित याचिका दायर की थी, जिसमें बताया गया था कि आर्थिक तंगी और सामाजिक झिझक के कारण बड़ी संख्या में किशोरियां मासिक धर्म के दौरान स्कूल नहीं जा पातीं। कई परिवारों के लिए सैनिटरी पैड पर खर्च करना बोझ बन जाता है, नतीजतन लड़कियां कपड़े या असुरक्षित विकल्पों का इस्तेमाल करती हैं, जिससे संक्रमण और आत्मसम्मान दोनों पर असर पड़ता है। कोर्ट में करीब चार साल चली सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया कि उत्तर भारत में लगभग 29 प्रतिशत छात्राएं मासिक धर्म के दिनों में स्कूल नहीं जातीं, और यही अनुपस्थिति आगे चलकर पढ़ाई छूटने और स्कूल छोड़ने की बड़ी वजह बनती है।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में सिर्फ पैड उपलब्ध कराने तक बात सीमित नहीं रखी। अदालत ने कहा कि हर स्कूल में मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन कॉर्नर बनाए जाएं, जहां अतिरिक्त यूनिफॉर्म, इनरवियर और डिस्पोजेबल बैग उपलब्ध हों, ताकि किसी भी आपात स्थिति में छात्रा को स्कूल छोड़कर घर न जाना पड़े। टॉयलेट परिसरों में या तय स्थानों पर वेंडिंग मशीन के माध्यम से सैनिटरी पैड आसानी से उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया है। साथ ही दिव्यांग छात्राओं के लिए अनुकूल शौचालय व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया है।

फैसले का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि कोर्ट ने मासिक धर्म को लेकर सामाजिक संवेदनशीलता विकसित करने की जरूरत पर बल दिया। अदालत ने कहा कि यह आदेश केवल कानूनी तंत्र के लिए नहीं है, बल्कि उन लड़कियों के लिए है जो मदद मांगने से झिझकती हैं, उन शिक्षकों के लिए है जो सहयोग करना चाहते हैं लेकिन सामाजिक चुप्पी के कारण बंधे रहते हैं, और उन माता-पिता के लिए है जो इस विषय पर खामोशी चुन लेते हैं। कोर्ट ने भावनात्मक शब्दों में कहा कि हर उस लड़की को यह संदेश मिलना चाहिए कि मासिक धर्म कोई अशुद्धता या बोझ नहीं, बल्कि एक प्राकृतिक जैविक प्रक्रिया है, और इसके कारण शिक्षा से दूर किया जाना किसी भी हालत में जायज नहीं है।

अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि स्कूलों के पाठ्यक्रम में मासिक धर्म, किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक और मानसिक बदलावों तथा स्वास्थ्य से जुड़े विषयों को शामिल किया जाए। शिक्षकों, छात्राओं और स्कूल स्टाफ को मासिक धर्म स्वच्छता पर प्रशिक्षण देने की बात कही गई है, ताकि गलत धारणाओं और शर्म की भावना को खत्म किया जा सके। कोर्ट का मानना है कि जब तक जानकारी और संवाद को सामान्य नहीं बनाया जाएगा, तब तक केवल ढांचागत सुविधाएं भी अधूरी साबित होंगी। यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब देश के कई राज्यों ने अपने स्तर पर मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर पहल की है। ओडिशा ने 2018 में ह्यखुशी योजनाह्ल शुरू कर सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में छात्राओं को मुफ्त सैनिटरी पैड देना शुरू किया था। मध्य प्रदेश ने कैश ट्रांसफर मॉडल अपनाते हुए सातवीं से बारहवीं तक की छात्राओं के खातों में सालाना राशि डालने की व्यवस्था की। राजस्थान में ह्यउड़ान योजनाह्ल के तहत स्कूल, कॉलेज और आंगनवाड़ी स्तर पर मुफ्त नैपकिन बांटे जाते हैं। कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु जैसे राज्यों में भी अलग-अलग योजनाओं और वेंडिंग मशीनों के जरिए छात्राओं तक ये सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश के बाद इन पहलों को राष्ट्रीय स्तर पर एक समान कानूनी आधार मिल गया है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह स्वयं इन निदेर्शों के पालन की निगरानी करेगा और तीन महीने बाद इस मामले में फिर सुनवाई होगी। इसका मतलब है कि यह फैसला केवल कागजों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसके क्रियान्वयन पर भी नजर रखी जाएगी। निजी स्कूलों के लिए यह चेतावनी है कि शिक्षा केवल फीस और इमारतों तक सीमित नहीं, बल्कि छात्राओं की गरिमा और स्वास्थ्य की जिम्मेदारी भी उनका दायित्व है।

कुल मिलाकर, सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला भारतीय शिक्षा व्यवस्था और समाज दोनों के लिए एक मील का पत्थर है। यह पहली बार है जब मासिक धर्म स्वास्थ्य को इतने स्पष्ट रूप से मौलिक अधिकार के दायरे में रखा गया है। यह आदेश न सिर्फ स्कूलों की दीवारों के भीतर बदलाव लाएगा, बल्कि घरों और समाज में भी बातचीत की दिशा बदलेगा। जब अदालत कहती है कि मासिक धर्म के दौरान सम्मानजनक सुविधा मिलना जीवन और गरिमा के अधिकार का हिस्सा है, तो वह दरअसल यह याद दिलाती है कि समानता केवल कानून की किताबों में नहीं, बल्कि रोजमर्रा के अनुभवों में महसूस होनी चाहिए। यही इस फैसले की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

# कैंसर मौन महामारी, जागरूकता ही है सबसे बड़ा हथियार




योगेश कुमार गोयल

लोगों को कैंसर होने के संभावित कारणों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष 4 फरवरी को 'विश्व कैंसर दिवस' मनाया जाता है। दरअसल आज भी लगभग सभी लोगों के लिए कैंसर एक ऐसा शब्द है, जिसे अपने किसी परिजन के लिए डॉक्टर के मुंह से सुनते ही परिवार के तमाम सदस्यों की सांसें गले में अटक जाती हैं और पैरों तले की जमीन खिसक जाती है। ऐसे में परिजनों को परिवार के उस अभिन्न अंग को सदा के लिए खो देने का डर सताने लगता है। बढ़ते प्रदूषण तथा पोषक खानपान के अभाव में यह बीमारी एक महामारी के रूप में तेजी से फैल रही है। भारत में तो कैंसर के करीब दो तिहाई मामलों का बहुत देर से पता चलता है और कई बार तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि हमारे देश में पिछले बीस वर्षों के दौरान कैंसर मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है और कैंसर से मौतों का आंकड़ा साल-दर-साल निरंतर बढ़ रहा है। प्रतिवर्ष कैंसर से पीड़ित लाखों मरीज मौत के मुंह में समा जाते हैं।

हालांकि कुछ वर्ष पूर्व तक कैंसर को लाइलाज रोग माना जाता था लेकिन कुछ वर्षों में कैंसर के उपचार की दिशा में क्रांतिकारी खोजें हुई हैं और अब अगर समय रहते कैंसर की पहचान कर ली जाए तो उसका उपचार किया जाना काफी हद तक संभव हो जाता है। कैंसर के संबंध में यह समझ लेना बेहद जरूरी है कि यह बीमारी किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकती है किन्तु अगर इसका सही समय पर पता लग जाए तो लाइलाज मानी जाने वाली इस बीमारी का उपचार अब संभव है। यही वजह है कि देश में कैंसर के मामलों को कम करने के लिए कैंसर तथा उसके कारणों के प्रति लोगों को जागरूक किए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है ताकि वे इस बीमारी, इसके लक्षणों और इसके भयावह खतरे के प्रति जागरूक रहें।

कैंसर से लड़ने का सबसे बेहतर और मजबूत तरीका यही है कि लोगों में इसके प्रति जागरूकता हो, जिसके चलते जल्द से जल्द इस बीमारी की पहचान हो सके और शुरूआती चरण में ही इसका इलाज संभव हो। यदि कैंसर का पता शीघ्र लगा लिया जाए तो उसके उपचार पर होने वाला खर्च काफी कम हो जाता है। यही वजह है कि जागरूकता के जरिये इस बीमारी को शुरूआती दौर में ही पहचान लेना बेहद जरूरी माना गया है क्योंकि ऐसे मरीजों के इलाज के बाद उनके स्वस्थ एवं सामान्य जीवन जीने की संभावनाएं काफी ज्यादा होती हैं। हालांकि देश में कैंसर के इलाज की तमाम सुविधाओं के बावजूद अगर हम इस बीमारी पर लगाम लगाने में सफल नहीं हो पा रहे हैं तो इसके पीछे इस बीमारी का इलाज महंगा होना सबसे बड़ी समस्या है। वैसे देश में जांच सुविधाओं का अभाव भी कैंसर के इलाज में एक बड़ी बाधा है, जो बहुत से मामलों में इस बीमारी के देर से पता चलने का एक अहम कारण होता है।

यह जानना भी बहुत जरूरी है कि ह्यकैंसरह्ल आखिर है क्या? जब हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी कमजोर हो जाती है तो शरीर पर विभिन्न प्रकार की बीमारियां हमला करना शुरू कर देती हैं। ऐसी परिस्थितियों में कई बार शरीर की कोशिकाएं अनियंत्रित होकर अपने आप तेजी से विकसित और विभाजित होने लगती हैं। कोशिकाओं के समूह की इस अनियंत्रित वृद्धि को ही कैंसर कहा जाता हैं। जब ये कोशिकाएं टिश्यू को प्रभावित करती हैं तो कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में भी फैलने लगता है और कैंसर की यह स्थिति बहुत घातक हो जाती है। दुनिया भर में कैंसर से लड़ने और इसे हराने के लिए निरन्तर चिकित्सीय खोजें हो रही हैं और इन प्रयासों के चलते ही अब कैंसर का शुरूआती चरणों में तो सफल इलाज संभव भी है। अगर शरीर में कैंसर होने के कारणों की बात की जाए तो हालांकि इसके कई तरह के कारण हो सकते हैं लेकिन अक्सर जो प्रमुख कारण माने जाते रहे हैं, उनमें मोटापा, शारीरिक सक्रियता का अभाव, व्यायाम न करना, ज्यादा मात्रा में अल्कोहल व नशीले पदार्थों का सेवन, पौष्टिक आहार की कमी इत्यादि इन कारणों में शामिल हो सकते हैं। कभी-कभार ऐसा भी होता है कि कैंसर के कोई भी लक्षण नजर नहीं आते किन्तु किसी अन्य बीमारी के इलाज के दौरान कोई जांच कराते वक्त अचानक पता चलता है कि मरीज को कैंसर है लेकिन फिर भी कई ऐसे लक्षण हैं, जिनके जरिये अधिकांश व्यक्ति कैंसर की शुरूआती स्टेज में ही पहचान कर सकते हैं।



कैंसर के लक्षणों में कुछ प्रमुख हैं, वजन घटते जाना, रक्त की कमी होना, निरन्तर बुखार बने रहना, शारीरिक थकान व कमजोरी, चक्कर आना, उल्टी होना, दौरे पड़ना शुरू होना, आवाज में बदलाव आना, सांस लेने में दिक्कत होना, खांसी के दौरान खून आना, लंबे समय तक कफ रहना और कफ के साथ म्यूकस आना, कुछ भी निगलने में दिक्कत होना, पेशाब और शौच के समय खून आना, शरीर के किसी भी हिस्से में गांठ या सूजन होना, माहवारी के दौरान अधिक स्त्राव होना इत्यादि। कीमोथैरेपी, रेडिएशन थैरेपी, बायोलॉजिकल थैरेपी, स्टेम सेल ट्रांसप्लांट इत्यादि के जरिये कैंसर का इलाज होता है किन्तु यह प्रायः इतना महंगा होता है कि एक गरीब व्यक्ति इतना खर्च उठाने में सक्षम नहीं होता। इसलिए जरूरत इस बात की महसूस की जाती रही है कि कैंसर के सभी मरीजों का इलाज सरकारी अस्पतालों में हो या निजी अस्पतालों में, सरकार ऐसे मरीजों के इलाज में यथासंभव आर्थिक सहयोग करे क्योंकि जिस तेजी से देश में कैंसर मरीजों की संख्या बढ़ रही है, उसे देखते हुए केवल सरकारी अस्पतालों के भरोसे कैंसर मरीजों के इलाज की कल्पना बेमानी ही होगी। इसके अलावा सबसे ज्यादा जरूरी यही है कि कैंसर को लेकर समाज में बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान चलाएं जाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रंप ने ईरान को फिर दी धमकी, कहा- समंदर में तैनात है यूएस नेवी

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने रविवार को ईरान को फिर से धमकी दी है। तेहरान की बयानबाजी के बीच अमेरिका ने ईरान के आसपास सेना तैनात कर दी है। वहीं, डोनल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ डील पूरी होने की उम्मीद जताई है। फ्लोरिडा में मीडिया से बातचीत के दौरान ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ने बेशक ईरान के पास सेना तैनात की है, लेकिन हम अभी भी कूटनीति के रास्ते हल तलाशने की कोशिश कर रहे हैं। डोनल्ड ट्रंप ने कहा, हमारे पास दुनिया के सबसे बड़े और शक्तिशाली जहाज हैं, जो ईरान के बेहद करीब हैं। अगर हम डील नहीं करते हैं, तो हमें पता लगाना होगा कि कहां कमी रह गई है। ट्रंप ने ईरान को धमकी देते हुए कहा, हमारे पास काफी बड़े, शक्तिशाली जहाज हैं, जो ईरान की तरफ बढ़ रहे हैं। वो डील नहीं करना चाहते हैं, लेकिन मुझे पूरी उम्मीद है कि ये डील हो जाएगी। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो देखते हैं कि फिर हम क्या कर सकते हैं? ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने साफ किया था कि अगर अमेरिका ने ईरान पर हमला किया, तो इसका असर पूरे मिडिल ईस्ट पर पड़ेगा। खामेनेई ने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए कहा, अमेरिकियों को पता होना चाहिए कि अगर उन्होंने युद्ध शुरू किया तो इससे पूरा क्षेत्र प्रभावित होगा।

### 2 साल के लिए बंद रहेगा कैनेडी सेंटर? ट्रंप ने दिया आदेश

**वाशिंगटन, एजेंसी।** राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि वह दो साल के लिए वॉशिंगटन के कैनेडी सेंटर परफॉर्मिंग आर्ट्स सेंटर को कंस्ट्रक्शन के लिए बंद कर देंगे। व्हाइट हाउस लौटने के बाद से यह इस मशहूर जगह को बदलने की दिशा में उनका ताजा कदम है। इस बात की घोषणा उन्होंने सोशल मीडिया पर की। उन्होंने कहा कि उनके प्रस्ताव को फर्स्ट लेडी पर बनी डॉक्यूमेंट्री मेलानिया के प्रीमियर के कुछ दिनों बाद केनेडी सेंटर के बोर्ड से मंजूरी मिलनी थी, जिसमें उनके चुने हुए सहयोगी भरे हुए हैं। ट्रंप खुद सेंटर के बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज के चेयरमैन हैं। ट्रंप ने क्या कहा? ट्रंप ने अपनी पोस्ट में लिखा, कई बहुत सम्मानित एक्सपर्ट्स से मिले इनपुट के आधार पर लिया गया यह महत्वपूर्ण फैसला। एक थके हुए, टूटे-फूटे और खस्ताहाल सेंटर को, जो कई सालों से आर्थिक और स्ट्रक्चरल दोनों तरह से खराब हालत में था, उसे कला, संगीत और मनोरंजन का वर्ल्ड क्लास गढ़ बना देगा। न तो ट्रंप और न ही ट्रंप के सहयोगी केनेडी सेंटर के प्रेसिडेंट रिक ग्रेनेल ने बिल्डिंग के खराब हालत में होने के अपने दावों को साबित करने के लिए कोई सबूत दिया है। इस अचानक फैसले से निश्चित रूप से विरोध होगा क्योंकि ट्रंप इस लोकप्रिय जगह को बदल रहे हैं। यह एक नेशनल कल्चरल सेंटर के तौर पर शुरू हुआ था, लेकिन 1964 में राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी की मौत के बाद कांग्रेस ने इसका नाम बदलकर उनके लिए एक जीवित स्मारक कर दिया था। 1971 में खुला यह सेंटर, नेशनल सिम्फनी ऑर्केस्ट्रा सहित कलाओं के लिए एक पब्लिक शोकेस के तौर पर पूरे साल खुला रहता है।

### लैपटॉप पर उंगलियां चलाता मर गया युवक! मौत के 8 घंटे बाद भी फोन पर मिलता रहा काम

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन में 32 साल के एक प्रोग्रामर की लंबे समय तक लगातार काम करने के बाद अचानक मौत हो गई है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, इस युवक का नाम गाओ गुआंगहुई था। उनके परिवार का कहना है कि उनकी मौत का मुख्य कारण जरूरत से ज्यादा काम (ओवरवर्क) था। इस घटना के बाद चीन के सोशल मीडिया पर काम के दबाव और निजी जिंदगी के संतुलन को लेकर बड़ी बहस शुरू हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2021 में प्रमोशन मिलने के बाद गाओ को टीम लीडर बनाया गया था। इसके बाद उनके लिए देर रात तक काम करना और ओवरटाइम करना आम बात हो गई थी। उनकी प पत्नी ली कई बार उनसे कहती थीं कि वह समय पर घर लौटें और अपनी सेहत का ख्याल रखें। ली ने भावुक होते हुए कहा, अगर मैं समय पीछे ले जा पाती, तो मैं उन्हें नौकरी छोड़ने के लिए मजबूर कर देती। यह दुखद घटना 29 नवंबर 2025 की है। उस दिन सुबह गाओ ने उठते ही तबीयत खराब महसूस की, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने घर से ही काम करना जारी रखा। कुछ समय बाद उनकी हालत और बिगड़ गई और वह अचानक बेहोश हो गए। परिवार वाले उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर गए, लेकिन डॉक्टरों ने दोपहर में उन्हें मृत घोषित कर दिया। मेडिकल रिपोर्ट में मौत का कारण अचानक दिल का दौरा (कार्डियक अरेस्ट) बताया गया। मौत के बाद भी आता रहा काम का मैसेज इस मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि गाओ की मौत के आठ घंटे बाद भी उनके फोन पर काम से जुड़ा एक मैसेज आया। इसमें उनसे तुरंत एक जरूरी निरीक्षण करने के लिए कहा गया था। इस घटना ने चीन में काम के अत्यधिक दबाव वाले माहौल पर भारी गुस्सा पैदा कर दिया है। इस मामले के बाद सोशल मीडिया पर लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या नौकरी इंसान की जान से ज्यादा जरूरी है? हालांकि, चीन के श्रम कानून के अनुसार किसी कर्मचारी को दिन में 8 घंटे और सप्ताह में 44 घंटे से ज्यादा काम नहीं करना चाहिए।

# 30 लाख से ज्यादा पन्ने, तस्वीरें और वीडियो... दुनिया में खलबली मचाने वाली है एपस्टीन फाइल्स?



**वाशिंगटन, एजेंसी।** जेफ्री एपस्टीन की फाइल्स एक बार फिर सुर्खियों में हैं। अमेरिकी न्याय विभाग ने शुक्रवार (30 जनवरी) को यौन अपराधी से जुड़े दस्तावेजों का एक नया सेट जारी किया है। फाइलों के इस नए सेट में कुछ ऐसे नाम सामने आए हैं, जिनके बारे में पहले पता नहीं था और जिनका संबंध दोषी सेक्स अपराधी से था।

गौर करने वाली बात यह है कि दस्तावेजों में जिन लोगों के नाम हैं, उनमें से किसी पर भी एपस्टीन के संबंध में गलत काम करने का औपचारिक रूप से आरोप नहीं लगाया गया है।

**क्या हैं एपस्टीन फाइल्स :** दरअसल, एपस्टीन फाइल्स अमेरिका के कुख्यात यौन अपराधी जेफ्री एप्सटीन से जुड़े सरकारी दस्तावेज हैं, जो उसकी यौन तस्करी और शोषण के मामलों से जुड़े हैं। अमेरिकी न्याय विभाग ने पारदर्शिता कानून के तहत इन्हें सार्वजनिक किया है। इन फाइल्स से जुड़े कुल मिलाकर 30 लाख से ज्यादा पन्ने जारी किए गए हैं। इनमें 2 हजार से ज्यादा वीडियो और लगभग 1 लाख 80 हजार तस्वीरें शामिल हैं। हालांकि, पीड़ितों की सुरक्षा को देखते हुए कई हिस्से अभी भी छिपाए गए हैं।

**कौन था जेफ्री एपस्टीन :** एपस्टीन एक अमेरिकी फाइनेंसर था और उसने अमीर और ताकतवर लोगों से रिश्ते बनाए हुए थे। उसके ऊपर नाबालिग लड़कियों का यौन शोषण और तस्करी के गंभीर आरोप लगे। जांच में पता चला है कि कई पीड़ित लड़कियां नाबालिग थीं। उन्हें पढ़ाई, पैसा और नौकरी का लालच देकर फंसाया गयाष फिर उनका यौन शोषण किया गया। इस मामले ने अमेरिका के साथ-साथ पूरी दुनिया में हड़कंप मचा दिया। 2008 में उसे दोषी ठहराया गया और गिरफ्तार भी किया गया। अपने मजबूत संबंधों के दम पर वह रिहा हुआ लेकिन 2019 में उसे फिर से गिरफ्तार किया गया। इसी साल न्यूयॉर्क की जेल में उसे मृत पाया गया।

**एपस्टीन आइलैंड :** एपस्टीन फाइल्स के साथ-साथ एपस्टीन आइलैंड की भी जमकर चर्चा हो रही है। इस आइलैंड का असली नाम लिटिल सेंट जेम्स आइलैंड है। यह यूएस वर्जिन आइलैंड्स में स्थित एक प्राइवेट द्वीप था। इस पर एपस्टीन ने कब्जा कर रखा था। पीड़ितों की अगर मानें तो इसी आइलैंड पर एपस्टीन ने कई अपराध किए और इसी वजह से इसे एपस्टीन आइलैंड कहा जाने लगा।

**खेला गया ब्लैकमेलिंग का खेल :** आरोप लगा है कि एपस्टीन ने अमीर, ताकतवर और मशहूर लोगों की आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो बनवाए। अपना काम निकलवाने के लिए एपस्टीन ने इसका इस्तेमाल दबाव और ब्लैकमेलिंग के लिए किया। जांच एजेंसियों को इससे संबंधित कई डिजिटल सबूत भी मिले हैं। हालांकि कई सबूतों को अभी भी गोपनीय रखा गया है।

**किन लोगों के नाम सामने आए :** एपस्टीन फाइल्स में जिन लोगों के नाम सामने आए हैं, वह पूरी दुनिया में मशहूर हैं। इनमें पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, मौजूदा राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप, एंड्रयू माउंटबेटन, एलन मस्क और बिल गेट्स जैसी मशहूर हस्तियां शामिल हैं।

# अब तक 200 बागियों की मौत, आग और बारूद का साया... धमाकों से दहला बलूचिस्तान



**इस्लामाबाद , एजेंसी।** जपाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में हालात तेजी से बेकाबू होते नजर आ रहे हैं। बीते कुछ दिनों से पूरा इलाका हिंसा, धमाकों और सैन्य कार्रवाई की चपेट में है। शनिवार को बलोच विद्रोहियों के हमलों से हिले पाकिस्तान ने अब बड़े पैमाने पर जवाबी अभियान छेड़ दिया है। पाकिस्तानी सुरक्षाबलों का दावा है कि करीब 40 घंटे चले ऑपरेशन में 200 से ज्यादा विद्रोहियों को मार गिराया गया है।

बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने क्वेटा में मीडिया को बताया कि यह आंकड़ा अलग-अलग छापेमारी और व्यापक तलाशी अभियानों में मारे गए लोगों को मिलाकर तैयार किया गया है। उनके मुताबिक यह आतंकवाद के खिलाफ पाकिस्तान की अब तक की सबसे बड़ी सैन्य कार्रवाई मानी जा रही है।

**कई जिलों में एक साथ हमला, भारी जानमाल का नुकसान :** इससे पहले बलूच विद्रोहियों ने एक साथ कई जिलों को निशाना बनाया था। क्वेटा, ग्वादर, मस्तुंग और नोश्की में हुए हमलों में 17 सुरक्षाकर्मी और 31 आम नागरिक मारे गए थे. हमलों की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी ने ली थी। इसके बाद सेना, पुलिस और आतंकवाद-रोधी बलों ने पूरे प्रांत में संयुक्त अभियान शुरू कर दिया, जिसमें हेलीकॉप्टर, बख्तरबंद वाहन और स्पेशल यूनिट्स तैनात की गईं।

**बिना सबूत भारत पर आरोप, नई दिल्ली ने किया खंडन :** हिंसा के बीच पाकिस्तान ने एक बार फिर भारत पर आरोप लगाए हैं। पाकिस्तानी सेना और रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने दावा किया कि इन हमलों के पीछे भारत का हाथ है, हालांकि इन दावों के समर्थन में कोई ठोस सबूत पेश नहीं किए गए भारत ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान अपनी आंतरिक समस्याओं और नाकामियों से ध्यान हटाने के लिए हर बार इसी तरह के आरोप लगाता है. उन्होंने कहा कि हिंसा की जड़ें बलूचिस्तान में लंबे समय से चली आ रही शिकायतों, दमन और मानवाधिकार उल्लंघनों से जुड़ी हैं। इसी बीच बीएलए ने हिंसा और तेज करने का संकेत दिया है। संगठन ने ऐलान किया है कि उसने 'ऑपरेशन हेरॉफ' के दूसरे चरण की शुरुआत कर दी है, जिसमें सुरक्षा बलों को निशाना बनाया जाएगा।

# रूस का यूक्रेन पर बड़ा ड्रोन हमला, बस को बनाया निशाना, 15 लोगों की मौत



**मास्को, एजेंसी।** यूक्रेन के निप्रो शहर पर रूसी ड्रोन हमले में खनिकों को ले जा रही बस को निशाना बनाया गया जिसमें 15 लोग मारे गए। यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने रविवार को यह जानकारी दी। आपातकालीन सेवाओं के अनुसार, इस हमले में सात अन्य लोग घायल हो गए और कुछ जगह आग भी लग गई जिस पर बाद में काबू पा लिया गया। यूक्रेन की सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी डीटीईके ने कहा कि बस उसकी थी और उसने रूस पर निप्रोपेत्रोव्स्क क्षेत्र में डीटीईके की खदानों पर बड़े पैमाने पर आतंकवादी हमला करने का आरोप लगाया। इस क्षेत्र की राजधानी निप्रो है। कंपनी ने टेलीग्राम पोस्ट में कहा, हमलों में से एक का केंद्र कंपनी की एक बस थी जो निप्रोपेत्रोव्स्क क्षेत्र में ड्यूटी पूरी होने के बाद कंपनी से खनिकों को ले जा रही थी।

**अफगानिस्तान में 170 किलो अवैध मादक पदार्थ बरामद, दो गिरफ्तार : काबुल, एजेंसी।** पश्चिमी अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में पुलिस ने एक वाहन से 170 किलो अफीम और हशीश बरामद की है। गुप्त जानकारी के आधार पर शनिवार को वाहन को रोका गया और खोज के दौरान मादक पदार्थ छिपे हुए पाए गए। वाहन में सवार दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया, जो कथित रूप से अवैध तस्करी करने का प्रयास कर रहे थे। प्रारंभिक पूछताछ के बाद आरोपियों को न्यायिक अधिकारियों के हवाले किया जाएगा। पुलिस ने कहा कि प्रांत में किसी को भी मादक पदार्थ का उत्पादन या तस्करी करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इससे पहले, खोस्त प्रांत में 18 किलो हशीश और जवज़्जान व तख़ार प्रांतों में भी विभिन्न मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई अफगान अधिकारियों की अवैध ड्रग उत्पादन और तस्करी रोकने की निरंतर कोशिशों का हिस्सा है।

# एपस्टीन फाइलों में नाम आने पर स्लोवाकिया के एनएसए का इस्तीफा, ब्रिटेन के पूर्व राजकुमार एंड्रयू पर भी दबाव



**लंदन/वाशिंगटन, एजेंसी।** स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री राबर्ट फिको के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने जेफरी एपस्टीन से संबंधित नई फाइलों के सामने आने के बाद इस्तीफा दे दिया, जिनमें पता चला है कि दोनों ने युवतियों के बारे में ईमेल का आदान-प्रदान किया था।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मिरोस्लाव लाजैक ने किसी भी प्रकार की गलती से इन्कार किया। उन्होंने इसे अनौपचारिक और हल्के-फुल्के अंदाज में ईमेल का आदान-प्रदान बताया।

**आखिर क्यों दिया इस्तीफा :** उन्होंने कहा कि वह इस्तीफा इसलिए दे रहे हैं, ताकि इस स्थिति का इस्तेमाल प्रधानमंत्री पर हमला करने के लिए न किया जाए। फिको ने शनिवार को घोषणा की कि उन्होंने लाजैक का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। अमेरिकी न्याय विभाग ने एपस्टीन से संबंधित लाखों नई फाइलें शुक्रवार को प्रकाशित की थीं।

**गवाही देने के लिए एंड्रयू पर बढ़ रहा दबाव :** ब्रिटेन के विवादों में घिरे पूर्व राजकुमार एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर पर इस सप्ताहांत में अमेरिका की उस समिति के समक्ष गवाही देने का दबाव बढ़ रहा है जो यौन अपराध के दोषी जेफरी एपस्टीन के अपराधों की सीमा की जांच कर रही है। एक दूसरी महिला ने आरोप लगाया है कि एपस्टीन उसे 2010 में तत्कालीन राजकुमार एंड्रयू के साथ यौन संबंध बनाने के लिए ब्रिटेन ले गया था। यह मुलाकात विंडसर कैसल स्थित उनके रायल लाज आवास पर हुई थी।

**कई शक्तिशाली लोगों के नाम शामिल :** एपस्टीन फाइलों में कई शक्तिशाली लोगों के नाम शामिल हैं। इनमें पूर्व राजकुमार एंड्रयू माउंटबेटन- विंडसर से लेकर एलन मस्क तक के नाम शामिल हैं। इसके अलावा प्रमुख नामों में वर्जिन ग्रुप के अरबपति संस्थापक रिचर्ड ब्रैनसन, न्यूयार्क जायंट्स के को-आनर स्टीवन टिश, इजराइल के पूर्व प्रधानमंत्री एहुद बराक और अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक आदि शामिल हैं।

# बलूचिस्तान में ऑपरेशन हेरोफ का कहर: बीएलए ने जारी की दो महिला हमलावरों की फोटो, ISI हेडक्कार्टर को बनाया था निशाना!



**इस्लामाबाद एजेंसी।** पाकिस्तान का सबसे बड़ा और अशांत प्रांत बलूचिस्तान एक बार फिर दहल उठा है। प्रतिबंधित संगठन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने ऑपरेशन हेरोफ (ब्लैक स्टॉर्म) के दूसरे चरण के तहत पूरे प्रांत में समन्वित हमले किए हैं। इन हमलों में अब तक 17 सुरक्षाकर्मियों सहित लगभग 50 लोगों की जान जा चुकी है। इस बार के हमलों ने दुनिया का ध्यान इसलिए खींचा क्योंकि इसमें महिला फिदायीन (आत्मघाती हमलावरों) का इस्तेमाल किया गया है। वहीं बीएलए ने दो महिला हमलावरों की तस्वीरें जारी की हैं जिनमें से एक की पहचान 24 वर्षीय आसिफा मेंगल के रूप में हुई है।

**महिला हमलावर आसिफा मेंगल :** बीएलए ने दो महिला हमलावरों की तस्वीरें जारी की हैं जिनमें से एक की पहचान 24 वर्षीय आसिफा मेंगल के रूप में हुई है। नुश्की की रहने वाली आसिफा ने अपने 21वें जन्मदिन पर बीएलए की मजीद ब्रिगेड जॉइन की थी।जनवरी 2024 में उसने फिदायीन बनने का फैसला किया और शनिवार को नुश्की स्थित पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी ढ्स्ढ्र के मुख्यालय को निशाना बनाया। एक वीडियो संदेश में उसने बलूच नागरिकों से एकजुट होने और पाकिस्तान के खिलाफ हथियार उठाने की अपील की है। ऑपरेशन हेरोफ और सेना का जवाब पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और उग्रवादियों के बीच पिछले 40 घंटों से खूनी जंग जारी है। पाकिस्तान के कनिष्ठ मंत्री तलाल चौधरी के अनुसार, हमलावर नागरिक वेशभूषा में स्कूलों, बैंकों और अस्पतालों में घुस गए और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। नुश्की, हब, चमन, नसीराबाद, ग्वादर और मकरान जैसे क्षेत्रों में एक साथ हमले किए गए। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने बताया कि अब तक 140 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया गया है। सेना का दावा है कि उग्रवादियों के किसी भी शहर या रणनीतिक ठिकाने पर कब्जे की कोशिश को नाकाम कर दिया गया है।

**बलूचिस्तान में अशांति की वजह क्या है :** बलूचिस्तान क्षेत्रफल के लिहाज से पाकिस्तान का सबसे बड़ा लेकिन आर्थिक रूप से सबसे पिछड़ा प्रांत है। यहां गैस और खनिजों का भंडार है लेकिन बलूच समूहों का आरोप है कि पाकिस्तान सरकार और विदेशी कंपनियां (खासकर चीन) उनका शोषण कर रही हैं। बीएलए जैसे अलगाववादी समूह दशकों से पूर्ण स्वतंत्रता और संसाधनों में बड़े हिस्से की मांग को लेकर सशस्त्र विद्रोह कर रहे हैं।

# 2026 की GDP ग्रोथ में यूएस से आगे निकला भारत, एलन मस्क बोले- बदल रहा पावर बैलेंस



**न्यूयार्क, एजेंसी।** 31 जनवरी को वर्ल्ड ऑफ स्टेटिक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया गया। इस पोस्ट में इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड को क्रेडिट देते हुए जारी की गई एक रिपोर्ट थी, जिसमें बताया गया कि ग्लोबल इकोनॉमिक ग्रोथ में भारत, अमेरिका से आगे निकल गया है। टेस्ला के मालिक एलन मस्क ने वर्ल्ड ऑफ स्टेटिक्स की पोस्ट को री-शेयर किया और लिखा, सत्ता का संतुलन बदल रहा है।

अमेरिका से आगे निकला भारत 2026 में ग्लोबल इकोनॉमिक ग्रोथ में योगदान के मामले में भारत को अमेरिका से आगे बताया गया है। दुनिया भर में होने वाले अनुमानित विस्तार में भारत का हिस्सा 17 प्रतिशत है, जबकि अमेरिका 9.9 प्रतिशत पर है। आईएमएफ की जारी की गई रिपोर्ट में चीन सबसे आगे है। 2026 में चीन की जीडीपी ग्रोथ 26.6 प्रतिशत बताई गई है, जिसका मतलब है कि ये दोनों एशियाई अर्थव्यवस्थाएं मिलकर अब ग्लोबल त्र्ष्ठक्कग्रोथ का 43.6 प्रतिशत हिस्सा चला रही हैं। एलन मस्क भारत की तरक्की पर करीब से नजर रख रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दो बार मिल चुके हैं और भारत में अपनी कंपनी के लिए बेहतर जगह की तलाश कर रहे हैं। निर्मला सीतारमण ने दोहराई मस्क की बात बजट 2026 पर यूथ डायलॉग में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एलन मस्क के पोस्ट को लेकर अपनी बात रखी। वित्त मंत्री ने कहा, एलन मस्क IMF के डाटा का हवाला देते हुए कहते हैं वाह, क्या यह सच है। निर्मला सीतारमण ने आगे कहा, ग्लोबल त्र्ष्ठक्कग्रोथ में चीन का योगदान 26 प्रतिशत है। भारत का योगदान 17 प्रतिशत है। कुल मिलाकर, ग्लोबल त्र्ष्ठक्कग्रोथ का 43 प्रतिशत इन दोनों इकोनॉमी से आता है।

**खत्म कर देंगे भारत और चीन के बीच का गैप :** वित्त मंत्री ने आगे कहा, लेकिन भारत के विपक्ष को भी यह समझना चाहिए कि यह उस तरह की ताकत है जो भारत ने अब हासिल की है। चीन के बाद दूसरे नंबर पर, गैप बड़ा हो सकता है, 26 और 17, लेकिन हम इसे पाट देंगे। निर्मला सीतारमण ने आगे कहा, लेकिन हमें यह आत्मविश्वास होना चाहिए कि, एक बड़ी इकोनॉमी के साथ, जो बिल्कुल हमारे पड़ोस में है, हम ग्लोबल त्र्ष्ठक्कग्रोथ में 43 प्रतिशत का योगदान करते हैं।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों के खिलाफ यूएस में आक्रोश, शिकागो से लॉस एंजिलिस तक सड़कों पर उतरे अमेरिकी हिंदू



**ढाका , एजेंसी।** बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों पर लक्षित हमलों का विरोध करते हुए हिंदू अमेरिकियों ने लगभग दो दर्जन शहरों में शांतिपूर्ण रैलियां और प्रार्थना सभाएं आयोजित कीं। उन्होंने अमेरिकी सांसदों और अंतरराष्ट्रीय निकायों से कार्रवाई करने का आग्रह किया। प्रिंसटन, लॉस एंजिलिस, शिकागो, बे एरिया, डेट्राइट और टैंपा सहित कई शहरों में प्रदर्शन हुए। आयोजकों ने कहा कि समन्वित विरोध प्रदर्शनों का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और जवाबदेही तय करना था। बांग्लादेशी हिंदुओं के समर्थन में हुए एकत्रित प्रिंसटन में एक रैली में एक वक्ता ने कहा कि वे सभी बांग्लादेश में नरसंहार का सामना कर रहे बांग्लादेशी हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के समर्थन में एकत्रित हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि पिछले साल से 3,000 से अधिक हमले हुए हैं। प्रदर्शनकारी ने मांग की, आवाज उठाने का समय आ गया है। इसे रोकने का समय आ गया है। डेट्राइट में प्रदर्शनकारियों ने इसे धीरे-धीरे हो रहा नरसंहार बताया और कहा कि हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने समर्थकों से अपने सांसदों से संपर्क करने, स्थानीय स्तर पर एकजुट होने और वाशिंगटन में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। वाशिंगटन डीसी में नौ फरवरी को कांग्रेस की सुनवाई निर्धारित की गई है।

**बांग्लादेश में राजनीतिक दमन और लक्षित हिंसा जारी, जेल में बंद अवामी लीग के नेता की मौत : ढाका , एजेंसी।** बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के तहत राजनीतिक दमन और लक्षित हिंसा जारी है। अवामी लीग से जुड़े एक नेता की जेल में मौत हो गई। वहीं, एक कार्यकर्ता की हत्या का मामला सामने आया है। चटगांव में अवामी लीग के 70 वर्षीय नेता अब्दुर रहमान मिया की जेल में मौत हो गई। परिवार के सदस्यों के अनुसार, फेफड़ों के गंभीर कैंसर और कई अन्य समस्याओं के बावजूद उन्हें जमानत और पर्याप्त चिकित्सा उपचार से वंचित रखा गया। उन्हें 17 नवंबर 2025 को गिरफ्तार किया गया था। वहीं, नरसिंगदी में 45 वर्षीय पूर्व छात्र लीग नेता अजीमुल कादर भुइयां का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया। छात्र लीग, अवामी लीग का छात्र संगठन है। पार्टी नेताओं का दावा है कि हत्या में जमात-ए-इस्लामी के कार्यकर्ता शामिल थे। हालांकि, कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने किसी भी राजनीतिक मकसद की पुष्टि नहीं की है। दिनाजपुर में बीएनपी के चुनाव कार्यालय में तोड़फोड़ बांग्लादेश के दिनाजपुर जिले में बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) के चुनाव प्रचार कार्यालय में तोड़फोड़ की गई। प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि जमात-ए-इस्लामी के कार्यकर्ताओं ने कार्यालय पर हमला किया, कुर्सियां और मेजें तोड़ दीं और बैनर तथा चुनाव प्रचार सामग्री फाड़ दीं। हमले के दौरान कार्यालय में मौजूद दो बीएनपी कार्यकर्ताओं पर भी हमला किया गया।



# बालों को कैसे बनाएं मजबूत

**बालों** का गिरना एक आम समस्या है, जो आज की लाइफ स्टाइल की वजह से और भी बढ गई है। बालों की देखभाल के प्रति यदि शुरू से ही सजग रहा जाए और उनकी सही देखभाल की जाए तो उन्हें मजबूत बनाए रखा जा सकता है। बालों की उम्र को बढाने और उन्हें रेशमी, काला, घना बनाने के लिए आप क्या-क्या करें, आइए जानें।

- शरीर में पित्त दोष अधिक होने के कारण बालों संबंधी समस्या पैनी होती है। पित्त चाय, कॉफी, एल्कोहॉल, मीट और धूम्रपान के अधिक सेवन से बढता है। वह अधिक ऑयली, चिकनाईयुक्त, तीखे-खट्टे और चटपटे भोजन से भी बढता है। बालों के गिरने के और भी कारण हो सकते हैं, जैसे एनीमिया, निम्न रक्तसंचार, तनाव, चिंता और लंबी बीमारी के बाद कमजोरी।
- अपनी डाइट से ऐसी चीजें हटा दें, जो आपके पित्त दोष को बढाती हैं। बालों को धोने के लिए नैचरल शैंपू का इस्तेमाल करें।
- बालों को गिरने से रोकने के लिए सिर की त्वचा का मसाज और तेल मालिश बहुत महत्वपूर्ण है। हफ्ते में तीन बार इसके लिए नारियल का तेल या सरसों का तेल इस्तेमाल करें।
- अगर आपका पेट ठीक से साफ नहीं होता है और कब्ज रहता है तो भी आप नियमित रूप से फ्रेश होने के लिए जरूर जाएं। आप चाहें तो त्रिफला चूर्ण या ईसबगोल ले सकती हैं। पेट की खराबी और पेट साफ न होने का बालों पर बुरा असर पडता है, इसलिए इस ओर ध्यान देना सबसे जरूरी है।
- बालों को धोने के बाद उन्हें पोंछकर सुखाने के बजाय अपनी उंगलियों से झाडते हुए और सिर की त्वचा को हलके हाथों से कुछ देर रगडते हुए सुखाएं। यह सिबेशियस ग्लैंड की प्रक्रिया को सक्रिय कर देता है और रक्त-संचार को बढाता है।
- अपने आहार में हरी पत्तेदार सब्जियां, सैलेड, दूध, फल और स्प्राउट्स, शामिल करें। अधिक से अधिक प्रोटीन, दूध, बटर, मिल्क, यीस्ट, सोयाबीन और विटमिन ए का सेवन करें।

## ब्यूटी टिप्स

- पके हुए केले का पेस्ट बना कर त्वचा पर लगभग बीस मिनट तक लगाएं। यह पेस्ट चेहरे पर उत्पन्न झुर्रियों की समस्या का समाधान करता है।
- आधा चम्मच मलाई में थोड़ा-सा शहद मिलाएं और इसमें कुछ बूंदें नींबू के रस की मिला कर चेहरे पर पेस्ट की तरह लगाएं, इसका नियमित प्रयोग आपकी त्वचा में आश्चर्यजनक निखार लाएगा।
- तुलसी को पानी के साथ मिक्स करके चेहरे की त्वचा पर लगाने से भी त्वचा के दाग, धब्बे नष्ट होते हैं। साथ ही त्वचा की रंगत में भी आश्चर्यजनक निखार आता है।

## सेजवान दही पूरी



**सामग्री :** 6 पानी पूरी, 1 आलू, 1-1 टीस्पून सेजवान सॉस, चिली सॉस चाट मसाला, लाल मिर्च पाउडर, बारीक सेव, लहसुन कटी हुई, 1-1 टेबलस्पून तेल और टोमैटो सॉस, आधा टीस्पून अदरक कटा हुआ, 30 ग्राम बूंदी, नमक स्वादानुसार।

**विधि :** कड़ही में तेल डालकर लहसुन और अदरक डालें। लहसुन सुनहरा हो जाए तो चिली सॉस, टोमैटो सॉस और लाल मिर्च पाउडर डालकर 5 मिनट तक भूनें। आलू को उबालकर स्लाइस में काट लें। इसे लाल मिर्च और नमक के मिश्रण में मेरिनेट कर लें। बूंदी को भिगोकर पानी निचोड़ लें। पूरी को तोड़कर उसमें आलू-बूंदी डालें। फिर उपरोक्त मिश्रण और सेजवान सॉस डालें। इसके ऊपर से दही, चाट मसाला, सेव और हरी धनिया डालकर सर्व करें।

# चुनें मेकअप अपनी आंखों के अनुरूप

**न** जाने कितनी कविताएं और गीत आंखों पर लिखे गए हैं। अंतर्मन का झरोखा हैं आंखें। हर आंख खास है, अलग है, इसलिए हर आंख चाहती है अपने लिए कुछ अलग मेकअप। यहां दिए गए चित्रों के जरिये जानें क्या है आपकी आंखों का शेप और उसके अनुसार करें अपना आई-मेकअप।

**गहरी आंखें ( डीप-सेट ) :** ऐसी आंखें भीतर की ओर धंसी हुई दिखती हैं और ब्रो बोन (आंखों और भौंहों के बीच की हड्डी) कम उभरी होती है। इसलिए मेकअप ऐसा करें, जिससे आंखें उभरी दिखें। पलकों पर हलका दबा हुआ पिंक या बेज शैडो लगाएं और आंखों की ऊपरी रेखा (क्रीज) की तरफ उसे हलका करें। अब मीडियम-टोंड आई शैडो लें और ब्रो बोन से शुरू करके ब्रो के किनारों तक ले जाएं। आंखों के ऊपरी हिस्से में बनी रेखा को स्मोकी-कलर शैडो से गहरा करें। यह पूरे मेकअप से मैच करने वाला हो। अंत में ब्लैक या ब्राउन पेंसिल से काजल लगाएं।

**उभरी आंखें ( कॉन्वेक्स आई ) :** ये बाहर की तरफ निकली हुई आंखें होती हैं। इसलिए इन्हें बल्जिंग या प्रोट्रूडिंग आईज भी कहा जाता है। मीडियम कलर से गहरे रंग तक के आई शैडो से पलकों पर शेड दें। कभी भी फ्रॉस्टेड शेड्स या हाईलाइटर न प्रयोग करें, क्योंकि इससे आंखें और ज्यादा उभरी नजर आएंगी। आंखों के निचले किनारों पर काजल पेंसिल लगाएं। ऊपरी आईलैशेज पर मसकारा के एक-दो हलके कोट्स लगा सकती हैं।

**उनींदी आंखें ( हूडेड आई ) :** इसमें आईलैशेज बहुत कम नजर आती हैं जिससे आंखें उनींदी लगने लगती हैं। इसलिए इसमें ऐसे मेकअप की जरूरत होती है जिससे आंखें थोडी सजग दिखें, यानी सोई-सोई सी या नशीली सी न दिखें। पलकों के भीतरी आधे हिस्से पर मैट या न्यूट्रल कलर का आई शैडो लगाएं। उसके आसपास के हिस्से पर थोडा गहरा रंग लगाएं, लेकिन बाहरी हिस्से में इसे न लगाएं। गहरे रंग के प्रयोग से बचें, क्योंकि इससे पलकें भारी लगने लगेंगी। आंखों के ऊपरी और निचले किनारों परभी गहरे रंग न लगाएं। ऊपरी लैशेज को थोडा कर्ल करें और मसकारा के एक-दो कोट्स लगाएं।

**क्लोज-सेट आई :** इनमें दोनों आंखों के बीच की दूरी कम दिखती है। यानी नाक से इनकी दूरी कुछ कम होती है। पलकों के भीतरी हिस्से पर हलका और बीच के हिस्से पर मीडियम शेड प्रयोग करें। ऊपरी पलकों के बाहरी किनारों पर रेखा सी खींचें। अब ब्रो बोन के बाहरी यानी कान की तरफ वाले हिस्से पर गहरा शैडो लगाकर उसे अच्छी तरह एकसार करें। आंखों में ब्लैक काजल लगा सकती हैं। मसकारा लगाना चाहती हैं तो भीतरी लैशेज पर हलके रंग का और बाहरी तरफ थोडा गहरे रंग का मसकारा प्रयोग करें। बाहरी तरफ उसे थोडा उभारने की कोशिश करें और भौंहों की ओर थोडा कम उभारें। भीतरी लैशेज पर ब्राउन और बाहरी लैशेज पर हलका काला मसकारा प्रयोग करें।



**वाइड सेट आईज :** क्लोज-सेट आई की तुलना में इनकी दूरी नाक से थोडी ज्यादा होती है। इसलिए ऐसे मेकअप की जरूरत होती है जो आंखों को संतुलित दर्शाए। सबसे पहले आंखों और नाक के बीच वाले हिस्से पर छोटे ब्लशर ब्रश से अपने स्किन टोन से थोडा गहरे टोन वाला पाउडर लगाएं। नाक की तरफ ब्रश करते हुए पाउडर को एकसार कर लें। ब्रो की बाहरी रेखा पर न्यूट्रल-टोंड हाईलाइटर प्रयोग करें। क्रीज लाइन (आंखों के ऊपरी हिस्से पर पडने वाली रेखा) पर शेड दें और आंख के भीतरी किनारे यानी नाक की तरफ वाले हिस्से को उभारें। आंख के बाहरी किनारे पर हलके मैट शैडो से ब्रश करके आई मेकअप को पूर्णता दें। मसकारा लगाते समय लैशेज सीधी रखें। उसके बाहरी हिस्से पर दाहिनी तरफ ज्यादा मसकारा लगाएं।

**एशियन आई :** ये आंखें नाक की तरफ भीतरी किनारों की ओर थोडी झुकी हुई नजर आती हैं। इनमें शैडो का प्रयोग करते समय लेयरिंग इफेक्ट देने के लिए तीन रंगों का प्रयोग करें। आई लैशेज के पास हलका शैडो लगाएं, पलकों पर मीडियम कलर और ब्रो बोंस पर बेहद हलके रंग का प्रयोग करें। आंखों के किनारे रेखा या ऊपरी तरफ क्रीज बनाने से बचें। आई लाइनर का प्रयोग केवल आंखों के ऊपरी हिस्से पर करें।

**आमंड शेप्ड आई :** बादाम के शेप वाली ये आंखें सर्वोत्तम मानी जाती हैं। इनमें कई तरह का मेकअप किया जा सकता है। जैसे बारीक आई लाइनर, कृत्रिम आई लैशेज, ब्राइट कलर्स।

सबसे पहले ब्रो बोन में स्किन टोन के मुताबिक हलके रंग का शैडो इस्तेमाल करें। आई लिड (पलकों) से कुछ शेड गहरा रंग चुनें। आंख के निचले किनारों पर ब्लैक या ब्राउन काजल पेंसिल से रेखा बनाएं। इसे आंखों के बाहरी किनारों की तरफ उभारने की कोशिश करें। अगर आपकी आंखें नीली हैं तो ब्लू पेंसिल भी प्रयोग कर सकती हैं।

**राउंड आई :** गोल आंखों के लिए गहरे रंग का शैडो चुनें। नाक की ओर से शुरू करके ब्रो के बाहरी तरफऊपर ले जाते हुए शैडो को अच्छी तरह एकसार करें। निचली पलक पर हलके टोंड शैडो या पेंसिल का प्रयोग करें और इसे ऊपर की ओर बाहरी हिस्से तक ले जाएं। ब्रो लाइन के पास म्यूटेड हाईलाइटर लगाएं।

**छोटी आंखें :** आंखें यदि ये छोटी हैं तो इन्हें बडा दिखाने के लिए पलकों के बाहरी किनारे पर ऊपर की तरफ हलके रंग का पाउडर शैडो छोटे ब्लशर की मदद से लगाएं। क्रीज के पास गहरा शैडो प्रयोग करें। लेकिन नाक की तरफ आंखों के भीतरी हिस्से पर कोई रंग न प्रयोग करें, क्योंकि इससे आंखें और छोटी दिखने लगेंगी। किनारों पर शैडो लगाने के लिए ब्रश का प्रयोग करें। इसके बाद आंख के निचले हिस्से पर हलकी ग्रे कलर की काजल पेंसिल से रेखा बनाएं।

**निस्तेज आंखें :** ड्रूपिंग या निस्तेज आंखों के लिए आई मेकअप आंख के भीतरी हिस्से से शुरू किया जाना चाहिए। ऊपरी और बाहरी तरफ मीडियम टोंड शैडो ब्रश की मदद से लगाएं। इसे ब्रो लाइन के ठीक पास तक लाकर छोड दें। पलकों की बाहरी रेखा पर किसी भी रंग का प्रयोग न करें। लेकिन आंख की ऊपरी क्रीज लाइन को थोडा उभारने की कोशिश करें, मीडियम ब्राउन आई शैडो से रेखा बनाएं, फिर अपनी पलकों को थोडा कर्ल करें। मसकारा के कुछ कोट्स भी इसमें मदद करेंगे।

# स्किन को कैसे दें नैचरल लुक



**रेग्युलर** नहाने से बॉडी के बैक्टीरिया तो दूर हो जाते हैं। लेकिन बॉडी से नेचरल फ्लूड और ऑयल भी चला जाता है। इससे स्किन ड्राई हो जाती है, इसलिए जरूरी है कि आप इन टिप्स को जरूर अपनाएं -

- नहाने के बाद बॉडी लोशन जरूर लगाएं।
- बालों के लिए हमेशा नैचरल प्रॉडक्ट यूज करने चाहिए। बाजार में कई हर्बल शैंपू हैं, जिन्हें आप यूज कर सकती हैं।
- बैक्टीरिया हाथों में सबसे पहले फैलते हैं। आपको जब भी समय मिले, तो हाथों को अच्छे से धोएं। इससे आप हाइजीन की प्रॉब्लम से बचेंगे।
- आप फेस वॉश, शैंपू, बॉडी लोशन, क्रीम आदि में हर्बल प्रॉडक्ट इस्तेमाल करें।
- आप डेली रूटीन बना लें कि बेड पर सोने से पहले मेकअप साफ करके सोएं।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-2-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मातृपक्ष के लोगो का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-3-6-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। शुभांक-4-7-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-5-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-1-4-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-4-5

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-3-5-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-4-6-7


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-2-5-7

## काकुरो पहेली - 1977




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो - 1976 का हल



## हंसी के फूव्वारें

ज्यादातर फिल्में शादी होने का दृश्य दिखाकर ही क्यों खत्म हो जाती हैं ?

ताकि शादी के बाद के दुखद दृश्य न देखने पड़ें.

नर्स, मैं तुमसे बेहद प्यार करता हूँ, मैं अब अच्छा नहीं होना चाहता.

नर्स बोली-तुम अब अच्छे हो भी नहीं सकते क्योंकि डॉक्टर भी मुझसे प्रेम करता है और उसने मुझे तुमसे प्यार करते हुए देख लिया है.

□ □ □

अविवाहिता-क्या तुम अपनी किसी सबसे बड़ी बेवकूफी का प्रमाण दे सकते हो?

अविवाहित-तुमने प्यार कर लिया, यह क्या छोटा प्रमाण है?

□ □ □

सुनीता-पता नहीं इस बार साड़ियों के कौन-कौन से नये डिजाइन निकलेंगे ?

मोहन-वही दो ! एक जो तुम्हें पसन्द नहीं आयेगा. दूसरा वह जिसे खरीदने के लिए मेरे पास रुपये नहीं होंगे.


□ □ □

एक पति ने अपनी घरवाली से पूछा-युधिष्ठिर भी जुआ खेले थे, फिर तू मुझे क्यों रोकती है ?

घरवाली ने कहा -नहीं रोकूंगी, लेकिन याद रखना कि द्रौपदी के भी पांच पति थे.

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 1977



**बायें से दायें:-**

१. राजकुमार, राजेश खन्ना, माला की फिल्म-३
३. 'साथिन' की सच्ची घटना पर आधारित रघुवीर यादव, नंदिता की फिल्म-४
७. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या भारती की फिल्म-३
८. 'मेरे दिल ने जो मांगा मिल गया' गीत वाली फिल्म-४
९. बलराज, श्यामा की 'तारों की चूनर' गीत वाली फिल्म-२,१
११. 'क्या मैंने सोचा' गीत वाली संजय, अभिषेक, बिपाशा की फिल्म-२
१२. संजय, अभिषेक, जायेद, एशा, राइमा, शिल्पा की 'उन से पूछें' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'सलमा को मिल' गीत वाली जैकी, पूनम की फिल्म-३
१४. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'कोयल बोली दुनिया डोली' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'दिल डूबा डूबा नीली' गीत वाली अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्याराय का फिल्म-२
१९. अक्षय, करिश्मा की 'माथे पे चमके' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'ये चाँद सा' गीत वाली शम्मी, शर्मिला की फिल्म-३,१,२
२४. अरूण गोविल, साहिला की 'मेरी चढ़ती जवानी समझे' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मेरा कुछ सामान' गीत वाली शशिकपूर, नसीर, रेखा की फिल्म-४
२९. अक्षय, रवीना की 'सुबह से लेकर' गीत वाली फिल्म-३
३०. 'तू ने कहा जब से' गीत वाली अक्षय, करीना कपूर की फिल्म-३
३१. अजय, पूजा, सोनाली की 'हम यहाँ तुम यहाँ' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, वहीदा, जीनत की फिल्म-३
२. अशोक, बीना की 'जाता हूँ मैं' गीत वाली फिल्म-२,१
३. 'इश्क में दिल' गीत वाली नसीर, डिम्पल की फिल्म-४
४. सनी, शाहरूख, जूही की फिल्म-२
५. १९९४ में आई मिथुन, गोविंदा, योगिता की एक फिल्म-४
६. जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-३
१०. 'आगे सुख तो' गीत वाली अनिल, विजया की फिल्म-३
१२. विवेक, दीया की 'दिल ही दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१३. राजकुमार, मीना की फिल्म-३
१४. संजयदत्त, पूजा की 'जब जब प्यार' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
१७. राजेंद्रकुमार, वहीदा रहमान की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'दो नैनों के पंख' गीत वाली फिल्म-२
२०. सनी, समीरा की 'नशा है आज' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'गैर से अंख लड़ाई' गीत वाली फिल्म-३
२३. विनोद, डिम्पल की 'चंपई धूप के' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'मेरा मन भंवरा' गीत वाली फिल्म-३
२६. मिथुन, अतुल, पूजा की फिल्म-३
२७. 'देखो देखो जानम हम' गीत वाली फिल्म-२
२८. सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 1976

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बं | ध | न | | क्ष | त्रि | य | | ज | ख्मी |
| दि | | सी | मा | | दे | श | प्रे | मी | |
| श | बा | ब | | दे | व | | म | न | |
| | बु | | जो | श | | बा | गी | | खु |
| दौ | ल | त | | द्रो | ही | | त | ला | शी |
| ड़ | | ला | | ही | | पा | | ट | |
| | रो | श | नी | | आ | प | के | सा | थ |
| जं | ग | | य | की | न | | | ब | |
| ग | | | त | | बा | द | ल | | जी |
| ल | की | र | | डॉ | न | | की | म | त |

## सूडोकु -1977


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -1976 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

## शब्द पहेली - 1977



**बाएँ से दाएँ**

1.असभ्यता,मूर्खता-4
3.निर्भय,बहादुर-3
5.प्याला-2
6.सहारा,शरण-3
7.मां का भाई-2
9.साठ वर्ष की अवधि-3
11.परतंत्रता,गुलामी-5
14.दानव,दैत्य-3
16.लूटपाट-4
17.वाद्य यंत्र-2
18.परछाई,छाया-2
19.आदत,स्वभाव(उर्दू-4)
23.जंगल,वन-3
24.सेंधमार-5
27.गजल लिखने वाला-3
28.मोटा आटा,सूजी-2
30.गुलिस्तां,बाग-3
31.एक ग्रह,शनिश्चर-2
32.दबाना,कुचलना-3
33.रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1.मंत्रों का पाठ-2
2.उद्देश्यहीन-4
3.अनूठा,अनोखा-3
4.लक्ष्मी,कमला-2
5.खीजना,रोना-4
6.एक पौधा,अकुवा, आकड़ा-2
8.दक्ष,होशियार-3
10.जमीकंद,एक सब्जी-3
12.धैर्य,संयम-3
13.अस्थमा-2
15.एक गायिका-3
17.वर्षा ऋतु-3
18.महोदय-3
20.पैंदा,तला-2
21.पुत्र,बेटा-3
22.अवमानना-4
23.नास्तिक (उर्दू-3)
25.करामात-4
26.प्रतिज्ञा-3
27.ठाठ-बाट-2
29.अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31.तीर,बाण-2

शब्द पहेली - 1976 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अ | स | ह | यो | ग | | अ | दा | व | त |
| र | क्स | | रा | | ग | रु | ड़ | | न | र |
| ख | | स | ना | त | न | | ना | म | | क |
| र | फ्ता | र | | | चुं | गी | | त | म | स |
| खा | | मा | | चा | बी | | सी | | ही | |
| व | ल | या | का | र | | प | रा | या | प | न |
| | क | | या | | का | ल | | द | | क |
| द | वा | त | | भ | ला | | | गा | य | ब |
| र | | र | ज | | बा | जी | ग | र | | ज |
| क | र | | ल | ह | जा | | र्ज | | खा | न |
| ना | जा | य | ज | | र | घु | ना | य | क | |

# असम में 3.4 तीव्रता का भूकंप

**एजेंसी**

**गुवाहाटी।** असम के उदालगुड़ी जिले में देर शाम को मध्यम तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किये गये। मिली जानकारी के अनुसार, असम के उदालगुड़ी जिले में 05 बजकर 40 मिनट 55 सेकेंड पर भूकंप का झटका महसूस किया गया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.4 दर्ज की गयी। भूकंप के चलते कहीं से किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। भूकंप का झटका महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। लोगों में दहशत फैल गयी। भारतीय सिस्मोलॉजी केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार भूकंप का केंद्र उदालगुड़ी जिले में 5 किलोमीटर जमीन में नीचे स्थित था। भूकंप का एपीक सेंटर 26.80 उत्तरी अक्षांस तथा 92.07 पूर्वी देशांतर पर स्थित था।

# बजट में आयुष मंत्रालय को मिले 4408 करोड़ रुपये का स्वागत, एम्स (यूनानी) बनने की उम्मीद : डॉ. सैयद

**नई दिल्ली।** केंद्रीय बजट में आयुष मंत्रालय को 4408 करोड़ रुपये दिए जाने पर खुशी जताते हुए ऑल इंडिया यूनानी मेडिकल कांग्रेस के महासचिव डॉ. सैयद अहमद खान ने उम्मीद जताई है कि इस बड़ी रकम में से 2004 से विचाराधीन एम्स (यूनानी) की स्थापना भी जल्द ही होगी। उन्होंने एक बयान में कहा कि मौजूदा केंद्र सरकार ने 2014 में आयुष इलाज को बढ़ावा देने के लिए आयुष मंत्रालय बनाया था। इससे आयुष इलाज का ग्लोबलाइजेशन हो रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मौजूदा बजट में किए गए प्रावधान से यूनानी इलाज को भी बढ़ावा देने और विकसित होने का मौका मिलेगा। डॉ. सैयद अहमद खान ने आगे कहा कि 2004 में जब पहले एम्स आयुर्वेद की नींव रखी गई थी, तो यह घोषणा की गई थी कि एम्स यूनानी भी जल्द ही बन जाएगा, लेकिन यह अभी तक संभव नहीं हो पाया है। फिर भी, हमें उम्मीद है कि इस साल तीन एम्स बनाने की योजना में एक यूनानी इलाज के लिए समर्पित एम्स भी शामिल होगा।

# राज्यपाल गंगवार का राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल से संवाद, पर्यटन, खेल और शिक्षा पर दिया जोर

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने लोक भवन में राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के साथ राज्य की पर्यटन, खेल और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों पर विस्तृत चर्चा की। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक अध्ययन का प्रतिष्ठित संस्थान है, जिसका गौरवशाली इतिहास न केवल भारत में, बल्कि वैश्विक स्तर पर इसकी विशिष्ट पहचान स्थापित करता है। उन्होंने झारखंड को वीरों की धरती बताते हुए कहा कि यह राज्य प्राकृतिक संसाधनों, खनिज संपदा, समृद्ध संस्कृति और परंपराओं से सम्पन्न है।झारखंड के जनजातीय समाज की परंपराएं, उनका पर्व-त्योहार और जीवन शैली प्रकृति-प्रेमी होने का परिचायक हैं। राज्य के लोग सरल, परिश्रमी, साहसी और अतिथि-सत्कार के लिए प्रसिद्ध हैं। राज्यपाल ने झारखंड की पर्यटन संभावनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि राज्य की झीलें, झरने और विश्वप्रसिद्ध धार्मिक स्थलों का भ्रमण पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल से आग्रह किया कि समय मिलने पर इन स्थलों का भ्रमण अवश्य करें। साथ ही उन्होंने इस बात से भी अवगत कराया कि लोक भवन के उद्यान अब आम नागरिकों के लिए खुले हैं, जहां 100 से अधिक प्रजातियों के गुलाब उपलब्ध हैं। राज्यपाल ने कहा कि वे स्वयं आगंतुकों से संवाद कर उद्यान को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव जानने का प्रयास करेंगे।

# राज्य सरकार के असहयोग से मेट्रो परियोजनाओं पर ब्रेक, केंद्र ने अपनाई 'धीरे चलो' नीति

**कोलकाता।** केंद्रीय बजट में कोलकाता मेट्रो को अपेक्षित महत्व न मिलने के पीछे राज्य सरकार के असहयोग को बड़ी वजह बताया जा रहा है। मेट्रो रेल अधिकारियों के अनुसार, विभिन्न मेट्रो परियोजनाओं का काम राज्य के कई हिस्सों में लंबे समय से अटका हुआ है, जिसके चलते केंद्र सरकार ने मेट्रो विस्तार को लेकर 'धीरे चलो' की नीति अपना ली है। बजट के आंकड़ों से भी यह साफ है कि कोलकाता मेट्रो के लिए आवंटन में मामूली बढ़ोतरी की गई है या फिर कुछ कॉरिडोरों में राशि घटा दी गई है। जोका-एस्प्लानेड (पर्पल लाइन) के लिए 906.6 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं,



जो पिछले साल से केवल 5.6 करोड़ रुपये अधिक हैं। वहीं न्यू गरिया- एयरपोर्ट (ऑरेंज लाइन) मेट्रो के लिए आवंटन घटाकर 705.5 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में यह राशि 720 करोड़ रुपये थी। ईस्ट-वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर को इस वर्ष 529 करोड़ रुपये मिले हैं, जो पिछले बजट से 29 करोड़ रुपये अधिक है। मेट्रो सूत्रों का कना है कि चिंगड़िघाटा क्षेत्र में ऑरेंज लाइन के महज 366 मीटर हिस्से का काम विभिन्न प्रशासनिक और यातायात संबंधी जटिलताओं के कारण रुका हुआ है। जब तक ट्रैफिक ब्लॉक की अनुमति नहीं मिलती, तब तक सॉल्टलेक सेक्टर फाइव तक मेट्रो परियोजना को आगे बढ़ाना संभव नहीं है। इस संबंध में राज्य सरकार से बार-बार अनुरोध किए जाने के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका।

# नवरत्न दिव्यांगजनों के जीवन का मार्ग प्रशस्त करना एक मात्र उद्देश्य : ज्योतिरादित्य सिंधिया

**एजेंसी**

**अशोक नगर।** केन्द्रीय संचार एवं पूर्वत्तोर विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि नवरत्न दिव्यांगजनों के जीवन का मार्ग प्रशस्त करना एक मात्र उद्देश्य है। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया मध्य प्रदेश के अशोक नगर में शासकीय विधि महाविद्यालय में आयोजित सामाजिक अधिकारिता शिविर में निःशुल्क सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज का यह शिविर ऐतिहासिक है। हमारे क्षेत्र के नवरत्नों से मिलने का मौका मिला है। दिव्यांगजन का कैम्प सेवा का एक संगम है। साथ ही संवेदना का सम्मान करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि सिंधिया परिवार की पृष्ठभूमि भारत माता की सेवा,जनता की सुरक्षा, जनजन के विकास में योगदान देने की परम्परा रही है। हमारा दायित्व है कि अपने क्षेत्र के एक एक नागारिक का ध्यान रखकर



कर विकास और प्रगति की राह पर आगे ले जाएं। उन्होंने कहा कि एलम्कों पूरे देश में दिव्यांगों की जिम्मेदारी का निर्वहन कर रही है। संसदीय क्षेत्र के 8240 नवरत्न दिव्यांगों के लिए कृत्रिम उपकरणों का वितरण कराया जा रहा है। उन्?होंने दिव्यांगों को हर क्षेत्र में आगे बढने के लिए प्रोत्साहित किया। केन्?द्रीय मंत्री ने भारत सरकार की एडिप एवं वयोश्री योजनान्तर्गत जिला प्रशासन द्वारा आयोजित शिविरों में जिले के कुल 1456 चिन्हाकिंत दिव्यांग एवं वृद्धजनों को 01 करोड़ 61 लाख रुपये की राशि के 5172 जीवन सहायक उपकरणों का वितरण गया। इस दौरान दिव्यांग एवं वृद्धजनों को मोट्रेट ट्रायसाईकिल, ट्रायसाईकिल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, बैसाखी तथा अन्य सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव व जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी, कलेक्टर साकेत मालवीय, पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बडी संख्या में दिव्यांगजन और वृद्धजन उपस्थित रहे। कॉल सेंटर में 505 नौजवानों को मिला रोजगार, सिंधिया ने किया निरीक्षणइससे पहले केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अशोकनगर जिला मुख्यालय स्थित विधि महाविद्यालय में संचालित कॉल सेंटर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस सेंटर में 505 नौजवानों को रोजगार मुहैया कराया गया है। कॉल सेंटर बच्चों के भविष्य का सहारा बन रहा है। उन्होंने कॉल सेंटर में नौजवानों से संवाद करते हुए कॉल सेंटर संचालन की गतिविधियो के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

# राजनीतिक हिंसा किसी भी रूप में लोकतंत्र के खिलाफः सदानंदन

**एजेंसी**


**नई दिल्ली।** राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत करते हुए नामित सदस्य सी. सदानंदन मास्टर ने कहा कि जो लोग आज संसद में लोकतंत्र और मानवता की बातें कर रहे हैं, उन्होंने ही 31 साल पहले उन पर जानलेवा हमला किया था। सदन में व्हीलचेयर पर बैठकर इसलिए आए हैं क्योंकि एक संगठित आपराधिक गिरोह ने उन पर हमला कर उनके दोनों पैर काट दिए थे। उन्होंने इस हमले का संबंध अपरोक्ष रूप से मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) से जोड़ते हुए कहा कि हमला करने वाले लोग 'इंकलाब ज़िंदाबाद' के नारे लगा रहे थे। सदन में टेबल पर रखे कृत्रिम पैर को दिखाते हुए सदानंदन ने कहा कि वे क्यों खड़े होकर नहीं बोल पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह हमला तब हुआ था, जब वह अपने चाचा के घर से लौट रहे थे। उन्होंने कहा, 'आप लोकतंत्र और मानवता की बात करते हैं, लेकिन आपकी राजनीति हिंसा पर आधारित है। राजनीतिक हिंसा लोकतंत्र के लिए घातक है।' सदानंदन मास्टर के बयान के बाद विपक्षी सदस्यों ने विरोध शुरू कर दिया। इस दौरान माकपा सदस्य जॉन ब्रिटास ने प्वाइंट ऑफ ऑर्डर उठाते हुए कहा कि राज्यसभा में किसी भी वस्तु को प्रदर्शित करने की अनुमति नहीं है। इस पर सभापति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि वे सदस्य से कृत्रिम अंग हटाने के निर्देश देंगे, उसके बाद सदानंदन ने अपने कृत्रिम अंग को टेबल से हटाते हुए अपना वक्तव्य जारी रखा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत किसी एक सरकार या एक पीढ़ी का लक्ष्य नहीं है।

# वेटलैंड सिर्फ पारिस्थितिकी तंत्र ही नहीं, बल्कि संस्कृति और आजीविका का भी आधार : भूपेंद्र यादव

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि वेटलैंड (आर्द्रभूमि) केवल प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र ही नहीं, बल्कि समुदायों, संस्कृति और आजीविका को भी संजोते हैं। जल ही जीवन है और वेटलैंड पृथ्वी की जीवनरेखा हैं। विश्व आर्द्रभूमि दिवस 2026 के अवसर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने संदेश में मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पर्यावरण-संवेदनशील नेतृत्व में भारत ने वेटलैंड संरक्षण को समुदाय और संस्कृति से जोड़ा है। उन्होंने बताया कि 2014 में जहां भारत के केवल 26 रामसर स्थल थे, वहीं अब इनकी संख्या बढ़कर 98 हो गई है, जो देश की बड़ी उपलब्धि है।

इसके साथ असोला भाट्टी में विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष का विषय था– 'वेटलैंड और पारंपरिक ज्ञानः सांस्कृतिक विरासत का उत्सव '। कार्यक्रम में वेटलैंड संरक्षण में स्थानीय समुदायों और पारंपरिक ज्ञान की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। इस मौके पर




पर्यावरण राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि वेटलैंड केवल जल संसाधन नहीं हैं, बल्कि लोगों के सामाजिक जीवन, त्योहारों और धार्मिक परंपराओं से गहराई से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि पहले वेटलैंड ऐसे स्थान हुआ करते थे, जहां बच्चे, बुजुर्ग और परिवार एक साथ समय बिताते थे। सिंह ने उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले स्थित पार्वती अर्गा पक्षी अभयारण्य का उल्लेख करते हुए कहा कि यह स्थल न केवल जैव विविधता का केंद्र है, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए सांस्कृतिक और भावनात्मक महत्व भी रखता है। कार्यक्रम के दौरान इस रामसर स्थल पर आधारित एक वीडियो टीज़र भी जारी किया गया। इस मौके पर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि तेज शहरीकरण, अतिक्रमण और मानवीय गतिविधियों के कारण वेटलैंड को भारी नुकसान हुआ है। दिल्ली सरकार ने अगले दो वर्षों में जलाशयों के पुनर्जीवन का लक्ष्य रखा है।

# भारत माता मंदिर में होगा राष्ट्र, धर्म और संत परम्परा का महासंगम : आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि

**एजेंसी**

**हरिद्वार।** राष्ट्र, धर्म और संत परम्परा का महासंगम 04 से 06 फरवरी को भारत माता मंदिर, हरिद्वार में देखने को मिलेगा। इस समारोह में भारत की आध्यात्मिक चेतना, संत परम्परा और राष्ट्र का भाव एक मंच पर साकार होते दिखेगा। यह आयोजन ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि महाराज के समाधि मंदिर में मूर्ति स्थापना के अवसर पर संपन्न होगा। इस समारोह का उद्घाटन 04 फरवरी को भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द एवं पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया करेंगे। यह जानकारी जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने एक पत्रकार वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि समारोह के दूसरे दिन 05 फरवरी को धर्मसभा एवं विशाल संत सम्मेलन का आयोजन होगा, जिसमें देशभर के संत, धर्माचार्य और शीर्ष नेतृत्व एक साथ मंच साझा करेंगे। संत सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप मे केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान,बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह-



सरकार्यवाह डॉ.कृष्ण गोपाल तथा विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार शिरकत करेंगे। समारोह के अंतिम दिन 06 फरवरी को आयोजित होने वाले समापन समारोह मे केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह,उत्तराखण्ड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह, हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,उत्तराखण्ड विधानसभा अध्यक्षा श्रीमती ऋतु खंडूरी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।इस अवसर पर समन्वय पुरस्कार-2026 स्वामी विवेकानंद हेल्थ मिशन सोसाइटी के डॉ.अनुज सिंघल व डॉ.तारा सिंघल को उनके उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए संयुक्त रूप से प्रदान किया जाएगा। पत्रकार वार्ता के दौरान महामण्डलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरि महाराज, महामण्डलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि महाराज,आई.डी. शर्मा व कार्यक्रम समन्वयक पीयूष शर्मा मौजूद रहे।

# रेल कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी उग्र आंदोलन को देगी जन्म : शिव गोपाल मिश्र

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन (एआईआरएफ) के आह्वान पर विभिन्न लंबित एवं न्यायसंगत मांगों के शीघ्र समाधान की मांग को लेकर पूरे भारतीय रेल में 'अखिल भारतीय मांग दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर रेलवे की सभी शाखाओं में धरना-प्रदर्शन, रैलियां और सभाएं आयोजित की गईं। रेल कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में रनिंग स्टाफ के लिए किलोमीटर भत्ता (केएमए) दरों में वृद्धि, लेवल-1 के 30 प्रतिशत पदों को लेवल-2 में उन्नयन, लंबे समय से रिक्त पड़े पदों को शीघ्र भरना, बढ़ते रेल नेटवर्क को देखते हुए अतिरिक्त पदों का सृजन, लेवल-8 व 9 में कार्यरत अराजपत्रित कर्मचारियों को नाइट ड्यूटी भत्ता, जोखिम व



कठिनाई भत्तों में वृद्धि, 8वें वेतन आयोग की सिफारिशों को 1 जनवरी 2026 से लागू करना, कर्मचारियों के माता-पिता को पास/पीटीओ व चिकित्सा सुविधा में शामिल करना, प्वाइंट्समैन श्रेणी के लिए चार-ग्रेड वेतन संरचना तथा ट्रैक मेंटेनरों की पेट्रोलिंग सीमा 12 किलोमीटर तय करने जैसी मांगें शामिल रहीं। दिल्ली में एआईआरएफ की सहयोगी इकाई नॉर्दर्न रेलवेमेंस यूनियन (एनआरएमयू) ने दोपहर बाद बड़ौदा हाउस स्थित उत्तर रेलवे मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। सभा को संबोधित करते हुए एआईआरएफ के महासचिव शिव गोपाल मिश्र ने कहा कि यदि सरकार ने रेलवे कर्मचारियों की मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया, तो संगठन को और तीव्र संघर्ष का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की कठिन कार्य परिस्थितियों और जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए उनकी मांगों का तत्काल निपटारा किया जाना चाहिए। एनआरएमयू के केंद्रीय अध्यक्ष एसके त्यागी और मुख्यालय मंडल के सचिव संजीव सैनी ने भी संबोधित किया। दिल्ली मंडल की ओर से गाजियाबाद, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (प्लेटफॉर्म संख्या-1) तथा पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भी विरोध प्रदर्शन किए गए, जिनमें मंडल सचिव अनूप शर्मा सहित अन्य नेताओं ने भाग लिया। एआईआरएफ के बैनर तले बड़ी संख्या में रेलवे कर्मचारियों ने भाग लेते हुए संघर्ष को और तेज करने की घोषणा की।

# फ्यूल स्विच में आई खराबी, लंदन से बेंगलुरु आ रही एयर इंडिया 787 फ्लाइट की रोकी गई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया की 787-8 विमान में एक बार फिर तकनीकी खराबी आ गई है। एयरलाइंस की यह फ्लाइट लंदन से बेंगलुरु के लिए उड़ान भरने वाली थी, लेकिन फ्यूल स्विच खराब होने की वजह से उड़ान को टाल दिया गया है। एयर इंडिया प्रवक्ता ने बताया कि हमें जानकारी है कि हमारे एक पायलट ने बोइंग 787-8 विमान के फ्यूल कंट्रोल स्विच में संभावित खराबी की सूचना दी है। इस जानकारी के बाद हमने संबंधित विमान को ग्राउंड कर दिया है और पायलट की चिंताओं की प्राथमिकता के आधार पर जांच कराने के लिए ओईएम को शामिल किया है। यह मामला विमानन नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को भी सूचित कर दिया गया है। गुजरात के



अहमदाबाद में पिछले साल क्रैश हुए एयर इंडिया के विमान में भी फ्यूल स्विच में गड़बड़ी के बाद हादसे की बात सामने आई थी। फिलहाल लंदन में रोकी गई एयर इंडिया की विमान की जांच जारी है।

# पुणे के कथित मुंडवा जमीन घोटाले में पार्थ पवार को राहत

**एजेंसी**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पुणे जिले के बहुचर्चित मुंडवा जमीन घोटाले में पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बेटे पार्थ पवार और उनके सहयोगी दिग्विजय पाटिल को बड़ी राहत मिली है। पुणे की खडक़ क्राइम ब्रांच की ओर से आज पुणे अदालत में पेश की गई 1886 पन्नों की चार्जशीट में सिर्फ शीतल तेजवानी को आरोपित बनाया गया है। इस मामले की छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुणे के मुंडवा जमीन घोटाले की 1886 पन्नों की चार्जशीट आज अदालत में पेश की गई है। अब तक जांच के अनुसार चार्जशीट में शीतल तेजवानी ही मुख्य आरोपित हैं। जबकि अब तक की जांच में पार्थ पवार और उनके सहयोगी का कहीं सहभाग के तथ्य नहीं मिले हैं। समाजसेविका अंजली दमानिया ने इस चार्जशीट पर सवाल खड़ा किया है। अंजली दमानिया ने कहा कि क्या महाराष्ट्र सिर्फ़ राजनीतिक दलाली का अड्डा बन गया है क्या क़ानून सिर्फ़ आम आदमी के लिए है क्या नेताओं के लिए 'न्याय' शब्द खत्म हो गया है इस चार्जशीट का मतलब बड़े लोगों के लिए न्याय का कोई अर्थ शेष नहीं बचा है,

**अब तक जांच के अनुसार चार्जशीट में शीतल तेजवानी ही मुख्य आरोपित हैं। जबकि अब तक की जांच में पार्थ पवार और उनके सहयोगी का कहीं सहभाग के तथ्य नहीं मिले हैं।**

जबकि गरीब लोगों को न्याय की कड़ी फटकार पड़ती है। पुणे ज़मीन घोटाले में खडक़ पुलिस ने चार्जशीट फाइल की है, लेकिन वह भी सिर्फ शीतल तेजवानी के खिलाफ! तो फिर दिग्विजय पाटिल और पार्थ पवार के खिलाफ जांच का क्या क्या न्याय सेलेक्टिव है यह न्याय नहीं है, यह न्याय का मजाक है। उल्लेखनीय है कि पुणे में स्थित मुंडवा में किसी खास वर्ग को दी गई जमीन को शीतल तेजवानी ने पार्थ पवार और उनके सहयोगी की कंपनी अल्प दर पर बेच दिया था। इस जमीन की खरीदी-बिक्री प्रकाश में आने के बाद अंजली दमानिया ने इस मामले को उजागर किया था। उस समय पार्थ पवार पर जमीन सस्ती दर पर खरीदने और उस जमीन का राजस्व शुल्क तक माफ कर देने का भी आरोप लगा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए इस मामले की जांच खडक़ क्राइम ब्रांच को सौपी गई थी। इस मामले में राजस्व विभाग के अधिकारी और शीतल तेजवानी को गिरफ्तार किया गया है और मामले की छानबीन जारी है।

# आतंकवाद से जुड़े फाइनेंसिंग और सपोर्ट नेटवर्क की जांच में एनआईए के छापे

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने आतंकवाद से जुड़े फाइनेंसिंग और सपोर्ट नेटवर्क की जांच के तहत श्रीनगर, सोपोर और बांदीपोरा में बड़े पैमाने पर छापे मारे हैं। तलाशी अभियान में स्थानीय पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स की मदद लेकर संदिग्ध लोगों से जुड़े रिहायशी एवं अन्य स्थानों की जांच की गई। यह कार्रवाई घाटी में सक्रिय टेरर फाइनेंसिंग नेटवर्क को निशाना बनाने के लिए की जा रही है। एनआईए की टीमों ने स्थानीय पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स की मदद से संदिग्ध लोगों से जुड़े रिहायशी और दूसरी जगहों पर एक साथ तलाशी ली। एक अधिकारी ने बताया कि ये छापे घाटी में काम कर रहे टेरर फाइनेंसिंग और सपोर्ट नेटवर्क पर बड़े पैमाने पर की जा रही कार्रवाई का हिस्सा हैं।

# जो गेंदबाज़ी, बल्लेबाज़ी और फील्डिंग तीनों में कमाल कर दे- वही असली ऑलराउंडर: शिवराज सिंह

**एजेंसी**

**रायसेन।** केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि रविन्द्र जडेजा यानी जज़्बा, जुनून। जो अपनी स्पिन से बल्लेबाज़ को क्लीन बोल्ड कर दे, जो आख़री ओवर में भी जीत की उम्मीद जगा दे और जो गेंदबाज़ी, बल्लेबाज़ी और फील्डिंग तीनों में कमाल कर दे, वही असली ऑलराउंडर होता है और युवाओं के लिए प्रेरणा है। केन्द्रीय मंत्री चौहान विदिशा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत आयोजित 100 दिवसीय सांसद खेल महोत्सव के समापन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑल राउंडर खिलाड़ी रविन्द्र जडेजा भी मौजूद थे। इस अवसर पर खेल महोत्सव के फाइनल में क्रिकेट-कबड्डी खेलों के फाइनल रोमांचक मुकाबले हुए। रायसेन स्थित खेल स्टेडियम में केन्द्रीय कृषि मंत्री और विदिशा सांसद शिवराज सिंह चौहान, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, मछुआ कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार और क्रिकेटर रविन्द्र जडेजा ने कन्यापूजन और दीप प्रज्जवलन कर सांसद खेल महोत्सव



के समापन समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री करन सिंह, खेल मंत्री विश्वास सारंग, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी सहित विदिशा संसदीय क्षेत्र के विधायकगण, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, पूर्व कैबीनेट मंत्री रामपाल सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधी भी उपस्थित रहे। शुभारंभ के उपरांत अतिथियों द्वारा खुले वाहन में मैदान का भ्रमण किया और खिलाड़ियों व दर्शकों का अभिवादन स्वीकार किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि रायसेन में आयोजित यह आयोजन केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि आनंद, प्रेम और स्नेह का कुंभ है। यह खेल महाकुंभ 100 दिन पहले प्रारंभ हुआ, जिसमें 952 पंचायतों में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि पंचायत, मंडल और विधानसभा स्तर के मुकाबलों के बाद आज क्रिकेट और कबड्डी खेलों में महिला और पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले आयोजित किए गए। इस पूरे आयोजन में लगभग एक लाख खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें बच्चों के साथ-साथ कहीं सास-बहू ने टीम बनाकर रस्साकशी की तो कहीं मां-बेटी की टीम ने खेलों में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि रायसेन किले तक रोपवे की अनुमति भारत सरकार से प्राप्त हो चुकी है। अब रोपवे किले के ऊपर तक जाएगा और वहां एक भव्य म्यूजियम का निर्माण किया जाएगा। साथ ही किले का सौंदर्यीकरण कर उसे पर्यटन की दृष्टि से और अधिक आकर्षक बनाया जाएगा, जिससे रायसेन की ऐतिहासिक पहचान को नई मजबूती मिलेगी। केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि रायसेन में मेडिकल कॉलेज खुलेगा, जिसकी घोषणा पहले ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कर चुके है। साथ ही रायसेन में 12, 13 और 14 अप्रैल को किसान कुंभ और किसान मेला आयोजित किया जाएगा।

# सिंगापुर की कम्पनी 'एपी मोलर माएर्स्क के प्रमुख ने की मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात, निवेश विस्तार पर हुई चर्चा

**एजेंसी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश के मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करने की दिशा में राज्य सरकार के प्रयासों को विदेशी निवेशकों से निरंतर समर्थन मिल रहा है। इसी क्रम में सिंगापुर की अग्रणी एकीकृत कंटेनर लॉजिस्टिक्स कंपनी एपी मोलर माएर्स्क के प्रबंध निदेशक रीन पील पेडरसन ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। इस दौरान उत्तर प्रदेश में निवेश विस्तार को लेकर गहन चर्चा हुई। पेडरसन के साथ भारत, बांग्लादेश एवं श्रीलंका क्षेत्र के बिजनेस डेवलपमेंट एवं रेगुलेटरी अफेयर्स के हेड विवेक शर्मा भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी के साथ हुई बैठक में उत्तर प्रदेश में निवेश की व्यापक संभावनाओं, उद्योगों के लिए अनुकूल कारोबारी माहौल तथा राज्य सरकार की निवेश प्रोत्साहन नीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश के सबसे तेज़ी से विकसित हो रहे राज्यों में शामिल है और यहां निवेशकों के लिए सुरक्षित, स्थिर और पारदर्शी वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सिंगल विंडो सिस्टम, त्वरित स्वीकृतियां, नीति आधारित प्रोत्साहन और मजबूत कानून व्यवस्था के माध्यम से सरकार निवेशकों को हर स्तर पर सहयोग दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक्सप्रेसवे नेटवर्क, लॉजिस्टिक्स हब, औद्योगिक कॉरिडोर और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के चलते उत्तर प्रदेश निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बन चुका है। उन्होंने एपी मोलर माएर्स्क को राज्य में अपने निवेश का विस्तार करने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि सरकार आवश्यक भूमि, कनेक्टिविटी और नीतिगत सहयोग सुनिश्चित करेगी। इस अवसर पर विवेक शर्मा ने बताया कि बैठक में हमने उत्तर प्रदेश में निवेश के अवसरों और यहां के निवेश अनुकूल माहौल को लेकर बहुत अच्छी और सार्थक चर्चा की। हमारी कंपनी पिछले 20 वर्षों से अधिक समय से इस राज्य में निवेश कर रही है। इस विशेष चर्चा के दौरान हमने प्रदेश की कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण और अपने व्यवसाय के विस्तार में राज्य सरकार से मिले पूर्ण सहयोग को लेकर अपने सकारात्मक अनुभव साझा किए। हम भविष्य में भी उत्तर प्रदेश में अपने कारोबार के विस्तार के लिए नए निवेश अवसरों की तलाश करने के लिए उत्सुक हैं।

# अंडर-19 विश्व कप सेमीफाइनल में आज अफगानिस्तान पर जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

हरारे (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम का बुधवार को यहां आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के सेमीफाइनल में अफगानिस्तान से मुकाबला होगा। अब तक इस टूर्नामेंट में सभी मैच जीतने वाली भारतीय टीम इस मैच में भी जीत की प्रबल दावेदार रहेगी। भारतीय टीम ने अब तक पांच बार 2000, 2008, 2012, 2018, 2022 में ये खिताब जीता है। ऐसे में भारतीय टीम इस मैच में भी जीत दर्ज कर छठे खिताब की ओर कदम बढ़ाना चाहेगी।

भारतीय टीम ने इससे पहले के मुकाबले में पाकिस्तान को हराया था जिससे उसके हौसले बुलंद हैं। भारतीय टीम ने अब तक अपने सभी पांच मैच आसानी से जीते हैं, जिसमें सुपर सिक्स चरण में पाकिस्तान के खिलाफ मिली 58 रनों की जीत भी शामिल है। भारतीय टीम इसके बाद भी इस मैच को हल्के में नहीं लेगी। इसका कारा है कि अफगानिस्तान का भी टूर्नामेंट में प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। उसने अपने पांच मैचों में से चार जीते हैं। उसे एक ही मैच में श्रीलंका ने हराया था। उसके खिलाड़ियों ने अब तक अच्छी बल्लेबाजी और गेंदबाजी की है।

भारतीय टीम के बल्लेबाजों वैभव सूर्यवंशी और विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडु ने अब तक इस टूर्नामेंट में जमकर रन बनाये हैं। ये दोनों ही ये सिलसिला बनाये रखना चाहेंगे। कुंडु ने अब तक पांच मैचों में दो अर्धशतकों की मदद से 199 रन बनाए हैं। वहीं सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने अब तक 196 रन बनाये हैं। इस दौरान उन्होंने पांच अर्धशतक लगाये हैं। ऑलराउंडर विहान मल्होत्रा ने अब तक ?( पांच मैचों में 172 रन बनाये हैं जिसमें ग्रुप चरण में जिम्बाब्वे के खिलाफ लगाया शतक 109 रन भी शामिल है।



कप्तान आयुष म्हात्रे और आरोन जॉर्ज को अत तक अधिक रन नहीं बना पाये हैं और टीम को इनसे इस मैच में अच्छी बल्लेबाजी की उम्मीद रहेगी। आयुष ने पांच मैचों में केवल 99 रन बनाए हैं। सलामी बल्लेबाज आरोन ने तीन पारियों में केवल 46 रन बनाये हैं।

आयुष ने हालांकि गेंदबाज़ी में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने पांच मैचों में छह विकेट लिए हैं। टीम की गेंदबाजी की कमान तेज गेंदबाज हेनिल पटेल और आरएस अंबरीश के पास रहेगी। इसके अलावा स्पिन की जिम्मेदारी खिलन पटेल के पास रहेगी। पटेल ने पांच मैचों में आठ विकेट लिए हैं। दूसरी ओर महबूब खान की कप्तानी में अफगान टीम भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेगी।

**टीम इस प्रकार है**

**भारत अंडर-19:** आयुष म्हात्रे (कप्तान), आरोन जॉर्ज, अभिज्ञान कुंडु, हरवंश पंगालिया, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, विहान मल्होत्रा, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, दीपेश देवेंद्रन, हेनिल पटेल, मोहम्मद एनान, उधव मोहन, किशन सिंह।

**अफगानिस्तान अंडर-19:** महबूब खान (कप्तान), अजीजुल्लाह मियाखिल, फैसल शिनोजादा, खालिद अहमदजई, उस्मान सादात, उजैरुल्लाह नियाजई, अब्दुल अजीज, अकील खान, खातिर स्टानिकजई, नाजीफुल्लाह अमीरी, नूरिस्तानी उमरजई, रूहुल्लाह अरब, सलाम खान, वहीदुल्लाह जादरान, जैतुल्लाह शाहीन।

# जगदीशन की आक्रामक बल्लेबाजी से भारत ए ने अभ्यास मैच में अमेरिका को हराया



नवी मुम्बई (एजेंसी)। नारायण जगदीशन की आक्रामक बल्लेबाजी से भारत ए ने यहां टी20 विश्वकप क्रिकेट के पहले ही अभ्यास मैच में संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) को 38 रनों हरा दिया। इस मैच से बल्लेबाज तिलक वर्मा ने भी टीम में अच्छी वापसी की है। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए विकेटकीपर-बल्लेबाज जगदीशन ने केवल 55 मैचों में ही 104 रन बना दिये। अपनी इस पारी मे जगदीशन ने 11 चौके और 5 छक्के लगाये और अमेरिकी टीम को कोई अवसर नहीं दिया। इस मैच में अमेरिकी कप्तान मोनांक पटेल ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारत ए ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 238 रन बनाए थे। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए अमेरिकी टीम 19.4 ओवर में ही 200 रनों पर ही आउट हो गयी। उसकी ओर से इस मैच में अमेरिकी टीम की ओर से भारतीय मूल के बल्लेबाज संजय कृष्णमूर्ति ने 18 गेंदों में 41 रन बनाये। भारतीय टीम की ओर से कप्तान आयुष बदोनी ने नाबाद 60 रन 26 गेंद पर बनाए। तिलक वर्मा ने भी वापसी की और 38 रन बनाए। प्रियांश आर्या ने पारी की शुरुआत करते हुए तेजी से 13 गेंद पर 28 रन बनाये। भारतीय टीम की ओर से लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लेकर टीम की जीत में अहम योगदान दिया। इस मैच में वापसी करते हुए तिलक ने अच्छी बल्लेबाजी की। तिलक ने स्पिनरों हरमीत सिंह और नोस्तुश केनजीगे के खिलाफ दो जोरदार छक्के लगाये। तिलक ने इसके बाद गेंदबाजी करते हुए एक विकेट लिया और एक और कैच भी पकड़ा।

# टी20 विशकवप में सलामी बल्लेबाज पर फैसला 7 फरवरी को होगा : सूर्यकुमार

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा है कि टी20 विश्वकप में अभिषेक शर्मा के साथ भारतीय टीम की पारी की शुरुआत कौन करेगा। इसका फैसला सात फरवरी को अमेरिक के खिलाफ होने वाले पहले मैच में हो जाएगा। भारतीय टीम में इसके लिए संजू सैमसन और ईशान किशन जैसे दावेदार है पर जिस प्रकार से सैमसन न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में असफल रहे हैं। उससे तय है कि अभिषेक के साथ पारी शुरु करने की जिम्मेदारी ईशान को ही मिलेगी। सैमसन जहां सीरीज के पांच मैचों में केवल 46 रन बना पाये। वहीं ईशान ने एक शतक और अर्धशतक सहित करीब 250 रन बनाये थे। ऐसे में सैमसन का दावा काफी कमजोर हो गया है। वहीं सूर्यकुमार ने कहा कि पारी की शुरुआत कौन करेग। अभी इसपर अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि ईशान और सैमसन दोनों ही अंतिम ग्यारह के दावेदार हैं। टीम प्रबंधन सभी पक्षों पर ध्यान देने के बाद अंतिम फैसला करेगा।




कप्तान ने का कि बल्लेबाज तिलक वर्मा भी फिट हो गये हैं और वह मध्यक्रम में अपनी जगह पर वापसी करेंगे। उन्होंने कहा कि तिलक अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं और वापसी के लिए तैयार नजर आ रहे हैं। ऐसे में दल के सभी 15 खिलाड़ी अंतिम एकादश में जगह पाने के दावेदार हैं, जिससे चयन और भी कठिन हो गया है। सूर्यकुमार ने टीम अपनी आक्रमक रणनीति पर चलेगी। इसलिए शीर्ष क्रम को आक्रामक होकर ही खेलना होगा। उन्होंने संकेत दिए कि टीम को नंबर 7 या 8 तक एक अतिरिक्त विशेषज्ञ बल्लेबाज की जरूरत हो सकती है। साथ ही कहा कि गेंदबाजी की जिम्मेदारी, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल पर रहेगी।

वहीं हार्दिक पांड्या के अलावा शिवम दुबे और अभिषेक शर्मा को भी गेंदबाजी दी जा सकती हैं। ऐसे में टीम सात बल्लेबाज और ऑलराउंडर्स के साथ एक मजबूत संयोजन बनाएगी। कप्तान ने कहा कि घरेलू हालातों में खेलने पर दबाव आता है पर खेल में ये चलता रहता है। उनका प्रयास टीम की खिताब बरकरार रखने में सहायता करना रहेगा। उन्होंने कहा कि अभिषेक , ईशान अपनी स्वाभाविक शैली में खेलते हैं और उन्होंने सभी को उसी अनुसार खेलने को कहा है।

# कमिंस टी20 विश्वकप से बाहर हुए, ड्वार्शियस शामिल

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान और तेज गेंदबाज पैट कमिंस टी20 विश्व कप 2026 से बाहर हो गये हैं। कमिंस ने पूरी तरह से फिट नहीं होने के कारण विश्वकप कप से नाम वापस ले लिया है। कमिंस ने कहा कि उनका लक्ष्य आगामी टेस्ट सत्र के लिए पूरी तरह से फिट होना है ताकि वह सभी मैच खेल सकें। इसलिए उन्होंने तय किया कि विश्वकप से बाहर रहना ही ठीक है। कमिंस के बाहर होने के कारण उनकी जगह पर बेन ड्वार्शियस को टीम में शामिल किया गया है। कमिंस ने कहा, मैं पहले से काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं। मैं कुछ सप्ताह तक आराम करूंगा और फिर आगे की योजना बनाऊंगा।



उन्होंने कहा, एडिलेड टेस्ट मैच के बाद हमें पता था कि चोट को पूरी तरह से ठीक होने में चार से आठ सप्ताह का समय लगेगा। शुरू में हमें लगा था कि इसमें चार सप्ताह ही लगेंगे, क्योंकि मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा था पर अभी किये एक स्कैन में चिकित्सकों ने पाया कि मुझे पूरी तरह ठीक होने में कुछ सप्ताह और लगेंगे।

ऑस्ट्रेलिया का टेस्ट मैचों का कार्यक्रम अगस्त से शुरू होगा, तब उसे बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच खेलेगा। इसके बाद वह सितंबर में टेस्ट और एकदिवसीय के लिए टीम दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा। टीम इसके बाद न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगी और फिर पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के लिए भारत का दौरा करेगा। इसके बाद वह अगले साल मार्च में मेलबर्न में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने पर गुलाबी गेंद से टेस्ट मैच खेलेगी। इसके बाद इंग्लैंड में एशेज सीरीज, एकदिवसीय विश्व कप और जून में लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल होगा। कमिंस ने कहा, हमने सोचा कि आगामी सत्र में क्रिकेट मैचों की संख्या को देखते हुए साल के पहले छह महीने में संयम बरतना काफी अच्छा रहेगा। चोट ठीक हो जाएगी और इसको लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं होगी। अगर मैं अभी इसको लेकर सतर्कता नहीं बरतता तो समस्या बढ़ सकती थी। कमिंस को उम्मीद है कि वह 26 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग में सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी करने के लिए समय पर फिट हो जाएंगे।

# वेस्टइंडीज को विश्वकप में बेहतर गेंदबाजी करनी होगी : कोच सैमी



जमैका । वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के मुख्य कोच डैरेन सैमी अपनी टीम के प्रदर्शन से निराश हैं। सैमी के अनुसार उनकी टीम को अगर टी20 विश्वकप जीतना है तो उसके गेंदबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। सैमी के अनुसार उनकी टीम को हाल में दक्षिया अफीका के खिलाफ हुई सीरीज के अलावा अफगानिस्तान से भी हार का सामना करना पड़ा था। इससे साफ है कि खिलाड़ी फार्म में नहीं हैं और उन्हें काफी सुधार करने होंगे। उसके गेंदबाजों को विरोधी टीम के खिलाफ तीन मैचों में केवल 10 विकेट ही मिल पाये थे। पहले दो मैचों में ही टीम ने 401 से अधिक रन दे दिये थे। ऐसे में कोच का कहना है कि सब कुछ गेंदबाजों पर निर्भर करेगा। उनका प्रदर्शन से ही तय होगा कि टीम कहां तक पहुंचेगी। कोच कहा, उम्मीद है, हम ऐसा क्रिकेट खेल पाएंगे, जिससे हमें जीतने में सहायता मिले। जैसा कि मैंने पहले कहा, मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। मुझे पता है कि गेंदबाजी में बहुत मेहनत करनी पड़ेगी। हम बल्लेबाजी और गेंदबाजी में नई योजना के साथ उतरेंगे। सैमी साल 2012 और 2016 में वेस्टइंडीज की टीम ने विश्व कप जीता था, तो उस समय सैमी भी टीम में शामिल थे। उनका मानना है कि इस बार के विश्व कप के लिए बल्लेबाजी ईकाई अच्छी है पर गेंदबाजी में परेशानी हैं। सैमी ने कहा, मैं बल्लेबाजी के तरीके से खुश हूं। मैं चाहूंगा कि स्पिनर प्रभावी गेंदबाजी करें। दक्षिण अफीका के खिलाफ सीरीज में हमार स्पिनर बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगा पाये थे।।

# आईसीसी पाकिस्तान बोर्ड पर प्रतिबंध लगाये : गावस्कर

मुम्बई । भारतय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि जिस प्रकार पाकिस्तान ने टी20 विश्व कप से ठीक पहले भारत के खिलाफ मैच खेलने से इंकार किया है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को उसके खिलाफ प्रतिबंध लगाना चाहिये। पाकिस्तान की सरकार का कहना है कि टीम टी20 विश्व कप खेलेगी पर भारत के खिलाफ मैच में नहीं उतरेगी। उसने पाक बोर्ड (पीसीबी) से इस मैच का बहिष्कार करनके को कहा है। पाक के इस फैसले की कड़ी आलोचना हो रही है यहां तक कि उसके खिलाड़ी भी इससे सहमत नहीं हैं। गावस्कर भी इससे बेहद नाराज हैं। उन्होंने आईसीसी से अपील की है कि भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार करने के लिए पीसीबी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाये। भारत-पाक का मुकाबला 15 फरवरी को श्रीलंका के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाना है। इसके लिए पाकिस्तान को हाइब्रिड मॉडल के तहत ही कोलंबो में खेलने का अवसर मिला पर अपनी अड़ियल रवैये और बांग्लादेश का साथ देने की जिद को लेकर पाक सरकार ने मैच खेलने से इंकार किया है। गावस्कर का मानना है कि आईसीसी को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिये। जिससे अन्य टीम के सामने मिसाल पेश की जा सके।



# रायडू को भारतीय टीम के टी20 विश्वकप जीतने की उम्मीद

हैदराबाद। पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायडू ने भारतीय टी20 टीम की जमकर सराहना करते हुए कहा कि इस बार भी वह खिताब जीत सकती है। भारतीय टीम ने पिछल बार वेस्टइंडीज और अमेरिका में हुए विश्वकप को जीता था। जिससे वह इस बार भी बरकरार रखना चाहेगी। रायडू के अुनसार जिस प्रकार से भारतीय टीम अच्छे फार्म में है। उससे वह अपना विश्वकप खिताब बरकरार रखने में सक्षम नजर आती है। भारतयी टीम ने जिस प्रकार से न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैच की सीरीज में खेला है उससे रायडू बेहद प्रभावित हैं। भारतीय टीम ने पांच मैचों की सीरीज 4-1 से जीती है। रायडू ने कहा कि टीम का आत्मविश्वास, रुख और निडर क्रिकेट यह दिखाता है कि भारत आने वाले बड़े टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह तैयार है। रायडू ने कहा कि इस भारतीय टीम की सोच बाकी टीमों से अलग है। उनके अनुसार, खिलाड़ी बिना किसी दबाव के खेल रहे हैं और यही निडरता उन्हें आक्रामक बनाती है। इसलिए भारतीय टीम के पास वह सब है जो विश्वकप जीतने के लिए चाहिये। ऐसे में अगर टीम सही दिशा में रहीं, तो 2026 में भी भारतीय टीम ट्रॉफी जीत सकती है। भारतीय टीम को विश्वकप में अपना पहला मैच 7 फरवरी को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) से खेलना है। इसके बाद टीम इंडिया नई दिल्ली में नामीबिया, कोलंबो में पाकिस्तान और अहमदाबाद में नीदरलैंड के खिलाफ ग्रुप मैच खेलेगी।



# भारत-पाक मैच नहीं होने से दोनो ही बोर्ड को 200-200 करोड़ का नुकसान होने का अनुमान

**मुम्बई (एजेंसी)।** पाकिस्तान सरकार ने सात फरवरी से शुरू होने वाले आईसीसी टी20 विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार का फैसला किया है। इससे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की मुश्किलें भी बढ़ गयी हैं क्योंकि भारत-पाक मैच के रोमांच के कारण सबसे अधिक राजस्व इसी मैच से मिलता है। एक रिपोर्ट के अुनसार इस मैच से तकरीबन 500 मिलियन डॉलर (लगभग 4,500 करोड़ रुपये) की आय होने की संभावना थी। इसमें प्रसारण अधिकार, विज्ञापन, प्रायोजन राशि, टिकट बिक्री आदि से होने वाली आया शामिल है। दुनिया में किसी भी दूसरे क्रिकेट मैच से इतनी अधि कमाई नहीं होती है। ऐसे में इस मैच के नहीं होने पर में भारत और पाकिस्तान दोनों ही बोर्ड को करीब 200-200 करोड़ रुपये का नुकसान होने की संभावना है। सकता है.



इसमें टीवी और डिजिटल ब्रॉडकास्टिंग से होने वाली आय भी शामिल है। गौरतलब है कि भारत-पाकिस्तान टी20 मैच के लिए विज्ञापन दरें विश्व क्रिकेट में सबसे ज्यादा होती हैं। ये 10 सेकंड के स्लॉट के लिए 25 से 40 लाख रुपये के बीच रहती हैं। इस मैच से केवल विज्ञापन से ही करीब 300 करोड़ रुपये की आय हो जाती है। वहीं अन्य विश्वकप मैचों की कीमत करीब 138 करोड़ रुपये होती है। इस प्रकार देखा जाये तो , भारत-पाकिस्तान मैच से होने वाली आय दोगुनी से अधिक है।

ऐसे में इस मैच के नहीं होने से प्रसारणकर्ताओं को विज्ञापन के अलावा अन्य स्रोतों से भी कम कमाई होगी क्योंकि विश्वकप कप देखने वाले प्रशंसकों की संख्या भी घटेगी। इससे टूर्नामेंट के अन्य मैचों की कमाई भी घटना तय है। इस प्रकार प्रसारकों को करीब 370 से 400 करोड़ रुपये तक का नुकसान हो सकता है। ऐसे में आईसीसी के राजस्व में भी कमी आयेगी। इससे उसके सदस्य बोर्डों को मिलने वाली रकम भी कम हो जाएगी। ऐसे में भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसे बड़े क्रिकेट बोर्ड पर भले ही अधिक प्रभाव न पड़े पर आईसीसी पर आधारित छोटे बोर्डों की मुश्कलें बढ़ जाएगी। एक रिपोर्ट के अनुसार मैच रद्द होने की स्थिति में भारत और पाकिस्तान दोनों को करीब 200-200 करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है। बीसीसीआई इससे झेल लेगा पर पाक बोर्ड का दिवाला निकलना तय नजर आता है।

पीसीबी को आईसीसी की कुल कमाई का करीब 5.75फीसदी हिस्सा मिलता है, जो सालाना लगभग 34.5 मिलियन डॉलर होता। अब पीसीबी के स्वयं हटने से उसे बीमा सुरक्षा नहीं मिली है जिससे पीसीबी पर कानूनी कार्रवाई होने के साथ ही जुर्माना भी लगाया जा सकता है। आईसीसी प्रसारणकर्ताओं के नुकसान की भरपाई के लिए पीसीसी को दी जाने वाली राशि में बड़ कटौती कर सकती है।

# पाकिस्तान के स्पिनर तारिक के एक्शन को भारतीय अंपायर ने सही बताया



मुम्बई (एजेंसी)। पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक के गेंदबाजी एक्शन पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में सवाल उठे हैं। तारिक के एक्शन को ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरोन ग्रीन ने गलत बताया है। वहीं भारतीय अंपायर अनिल चौधरी ने कहा है कि आईसीसी के नियमों के अनुसार तारिक का ऐक्शन ठीक है। उन्होंने कहा, अभी तारिक के ऐक्शन को लेकर एक वीडियो मेरे पास आया है, । इसमें उनका जो ऐक्शन है थोड़ा साइड वाला है और थोड़ा अलग है वह थोड़ा रुककर गेंद डालते हैं, क्योंकि वो सारी गेंद एक ही तरह से डालते हैं और उनका जो आर्म है, उसमें बेंडिंग और स्ट्रेटनिंग नहीं है जो आईसीसी नियमों के अनुसार ठीक है। ऐसे में मेरे हिसाब से उनका ऐक्शन सही है। इस स्पिनर ने गत तीन महीने में केवल 3 ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच ही खेले हैं। हैरानी की बात ये है कि वे तीन सीरीजों में 3 मैच ही खेल पाये हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लाहौर में दूसरे टी20 मैच में उन्होंने 2.4 ओवर गेंदबाजी की। जिसमें 16 रन दिए और 2 विकेट हासिल किए। 3 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के करियर में उन्होंने 8 विकेट लिए हैं। इस गेंदबाज का पाक टीम एक रहस्यमयी स्पिनर के तौर पर कभी-कभी ही उपयोग करती है।

# भारतीय निशानेबाजी के लिए बड़ी उपलब्धि! अगले साल भारत में होगी एशियाई ओलंपिक क्वालीफाइंग चैंपियनशिप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय निशानेबाजी प्रेमियों के लिए एक उत्साहजनक खबर है। भारत अगले साल एशियाई ओलंपिक क्वालीफाइंग निशानेबाजी चैंपियनशिप की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह टूर्नामेंट न केवल एशियाई देशों के शीर्ष निशानेबाजों को एक मंच प्रदान करेगा, बल्कि इसमें खिलाड़ियों के पास सीधे ओलंपिक कोटा हासिल करने का सुनहरा अवसर भी होगा। भारत को यह मेजबानी मिलना देश की विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय निशानेबाजों के शानदार प्रदर्शन का प्रमाण है।

यह भारतीय निशानेबाजी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी क्योंकि वह पहले ही एक अन्य ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी हासिल कर चुका है। एशियाई प्रतियोगिता में ओलंपिक के लिए आठ स्थान अगले वर्ष 21 से 30 अप्रैल तक दिल्ली में होने वाले विश्व कप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) में उपलब्ध 12 कोटा स्थानों के अतिरिक्त होंगे। एशियाई निशानेबाजी परिसंघ ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव को लिखे पत्र में इसकी पुष्टि की।

एनआरएआई ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली में होगा और इसकी तिथियों को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा। एशियाई निशानेबाजी परिसंघ (एएससी) ने पत्र में कहा, ''हम भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ को एशियाई राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2027 की मेजबानी हासिल करने पर बधाई देते हैं, जहां लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान वितरित किए जाएंगे।'' पीटीआई के पास मौजूद पत्र में कहा गया है, ''हमें पूरा विश्वास है कि आपके (एनआरएआई) नेतृत्व में चैंपियनशिप का आयोजन उच्चतम मानकों के अनुरूप होगा और यह एक सफल प्रतियोगिता साबित होगी।''

देव को उम्मीद है कि इन प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करके भारतीय निशानेबाज ओलंपिक में अपना स्थान सुरक्षित कर सकते हैं। उन्होंने कहा, ''हमारे खिलाड़ियों को दो ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने का मौका मिलेगा जो उन्हें अपनी धरती पर खेलने हैं और जिनमें वे अधिक से अधिक कोटा स्थान हासिल कर सकते हैं। मैं एएससी के महासचिव इंजीनियर अल ओतैबी और उनकी टीम का विश्वस्तरीय निशानेबाजी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने की भारत की क्षमता पर विश्वास बनाए रखने के लिए आभार व्यक्त करता हूं।''

एनआरएआई के महासचिव पवनकुमार सिंह ने पीटीआई से कहा, ''यह ऐतिहासिक अवसर होगा जबकि भारत दो ओलंपिक कोटा प्रतियोगिताओं की मेजबानी करेगा और हमें इस पर बहुत गर्व है। हम नयी दिल्ली में करणी सिंह रेंज में आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन (21-30 अप्रैल) और राइफल एवं पिस्टल में एशियाई चैंपियनशिप की मेजबानी करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''एशियाई चैंपियनशिप की तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी, लेकिन हमें बहुत खुशी है कि अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) ने प्रमुख प्रतियोगिताओं की सफल मेजबानी करने की हमारी क्षमताओं पर भरोसा दिखाया है। इससे निशानेबाजी में भारत के बढ़ते प्रभाव और आईएसएसएफ का हम पर भरोसे का पता चलता है।''



सिंह ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारत इन दोनों प्रतियोगिताओं का पूरा फायदा उठाकर अधिक से अधिक कोटा स्थान हासिल करेगा। आईएसएसएफ ने पेरिस ओलंपिक खेलों के चक्र के दौरान विश्व कप में ओलंपिक क्वालीफिकेशन कोटा नहीं देने का फैसला किया था, लेकिन लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों के चक्र के लिए कोटा स्थान देने का फैसला किया है।

सिंह ने कहा, ''उम्मीद है कि भारतीय निशानेबाज इस मौके का पूरा फायदा उठाएंगे। हमारा लक्ष्य देश के लिए आवंटित सभी 24 स्थानों का कोटा हासिल करना है जो पेरिस ओलंपिक के लिए हासिल किए गए 22 कोटा स्थान से अधिक है।'' दिल्ली में बुधवार से इस वर्ष की एशियाई चैंपियनशिप (राइफल/पिस्टल) का आयोजन किया जाएगा। इसमें जूनियर और सीनियर वर्ग में 20 देशों के 300 से अधिक निशानेबाज भाग लेंगे।

# आईसीसी क्रिकेट की भलाई के लिए निष्पक्ष रहते हुए फैसला ले : अफरीदी

लाहौर । पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी ने आईसीसी टी20 विश्वकप में इस बार भारत-पाकिस्तान मुकाबला नहीं होने पर नाराजगी जतायी है। अफरीदी ने साथ ही कहा कि अब आईसीसी को इस मामले में निष्पक्ष रहते हुए कोई फैसला लेना चाहिये। अफरीदी ने सोशल मीडिया पर लिखा, मेरा हमेशा से मानना रहा है कि जब राजनीति संवाद के दरवाजे बंद कर देती है तो क्रिकेट दरवाजे खोल सकता है। यह दुखद है कि इस बार पाक टीम विश्वकप में भारत के खिलाफ नहीं खेलेगी। साथ ही कहा कि वह अपनी सरकार के भारत के खिलाफ मैच से बाहर रहने के फैसले का समर्थन करते हैं। दोनो ही टीमों के बीच ये मैच 15 फरवीर को कोलंबो में होना था। अफरीदी के अलावा मोहम्मद यूसुफ और राशिद लतीफ, मोइन खान और सरफराज अहमद जैसे पूर्व पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने भी सरकार के भारतीय टीम का बहिष्कार करने के फैसले का समर्थन किया है। लतीफ ने कहा, आईसीसी ने जिस तरह बांग्लादेश के साथ व्यवहार किया या हाल के वर्षों में जिस तरह वह भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सामने झुकी है, ऐसे में किसी न किसी को कठोर रूख अपनाने की जरुरत थी।। मोइन ने कहा, अब आईसीसी को देखना होगा कि वह विश्व क्रिकेट के व्यापक हित में किस तरह से आगे बढ़ना चाहता है। सरफराज ने कहा कि वह पाक टीम को भारत के खिलाफ खेलने की अनुमति न मिलने के कारणों को समझ सकते हैं। वहीं पाक टीम के कप्तान सलमान अली ने कहा कि उनकी टीम विश्वकप में हार मैच में अच्छा प्रदर्शन करने के इरादे से श्रीलंका जाएगी। उन्होंने कहा, हमारे तीन अन्य ग्रुप मैच हैं और हम सभी जीतकर अगले दौर के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेंगे। पाकिस्तान टीम अपने अभियान की शुरुआत सात फरवरी को नीदरलैंड के खिलाफ मुकाबले से करेगी।





# प्रभास ने की राशा थडानी की तारीफ



अभिनेत्री राशा थडानी ने फिल्म लईकी लईका के गाने छाप तिलक से गायन की शुरुआत की है। फिल्म द राजा साब के स्टार प्रभास ने राशा के गायन प्रतिभा की खूब सराहना करते हुए सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट शेयर कर उन्हें बधाई दी है।

प्रभास ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में राशा थडानी का गाना छाप तिलक शेयर किया और लिखा, वाह, शानदार शुरुआत राशा थडानी। तुम्हारा प्रदर्शन सच्चा, भावपूर्ण और दिल से निकला हुआ है। बधाई हो। राशा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर प्रभास का आभार जताते हुए लिखा, प्रभास सर, मैं हमेशा आभारी रहूंगी।

फिल्म लईकी लईका एक आने वाली रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। इसमें राशा मुख्य भूमिका में हैं और उनके साथ अभय वर्मा हैं। फिल्म की पहली झलक में स्ट्रीट स्टाइल और आधुनिक ग्रैफिटी का मिश्रण दिखता है। पहले पोस्टर में अभय और राशा एक संकरी, धुंधली गली में एक-दूसरे को गले लगाते नजर आए। अभय ने गहरे रंग की टेक्सचर्ड जैकेट पहनी है, जो फटी हुई है। राशा ने हल्के रंग की पारंपरिक कुर्ती पहनी है, जिस पर खून के छींटे लगे हुए हैं। यह एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है। फिल्म का लेखन और निर्देशन सौरभ गुप्ता ने किया है। सह-निर्माता भावना दत्ता तलवार और राघव गुप्ता हैं। राशा और अभय की फिल्म लईकी लईका 2026 की गर्मियों में रिलीज हो सकती है।




# मेधा राणा ने बताया कैसा रहा बॉर्डर-2 की शूटिंग का अनुभव

सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर फिल्म बॉर्डर-2 बॉक्स ऑफिस पर शानदार कलेक्शन कर रही है। फिल्म में लीड रोल्स की चर्चा हर कोई कर रहा है, लेकिन फिल्म में मेधा राणा ने भी महत्वपूर्ण रोल प्ले किया है। मेधा ने मेजर होशियार सिंह दहिया की पत्नी धनवंती देवी का रोल प्ले किया है, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि अभिनेत्री खुद एक आर्मी परिवार से ताल्लुक रखती हैं और वे उस डर और इमोशंस को जी चुकी हैं, जिन्हें फिल्म में दिखाया गया है। बॉर्डर-2 जैसी फिल्म में सेलेक्ट होने के अनुभव पर मेधा राणा ने आईएएनएस से कहा, जब मुझे पहली बार कॉल आया तो मैं खुशी से रो पड़ी थी। फिल्म के लिए मैंने कई राउंड ऑडिशन दिए थे और कास्टिंग डायरेक्टर छाबड़ा सर ने मुझे बुलाकर सामने से बताया था कि मैं सेलेक्ट हो चुकी हूं। वो पल मेरे लिए सबसे प्यारा था और खुशी के मारे मैं बहुत रोई थी। मैंने कभी नहीं सोचा था कि इतनी बड़ी फिल्म में मुझे काम करने का मौका मिलेगा। अब काम करने के बाद खुद पर धीरे-धीरे यकीन कर पा रही हूं।

फिल्म में मेधा ने मेजर होशियार सिंह दहिया की पत्नी धनवंती देवी का किरदार निभाया है। अपने किरदार पर बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, ये किरदार इमोशनली बहुत स्ट्रांग था क्योंकि ये उन पत्नियों की हिम्मत को दिखाता है, जिन्होंने देश के लिए सब कुछ दांव पर लगा दिया। जब मुझे पहली बार स्क्रिप्ट पढ़ने के लिए दी गई तो मैं समझ गई कि किरदार बहुत सारी जिम्मेदारी और इमोशंस के साथ आता है। अभिनेत्री ने आगे कहा, मेरे परिवार की तीन पीढ़ियों ने आर्मी में सेवा दी है और मेरे पापा आज भी सेवाएं दे रहे हैं और यही कारण है कि इस फिल्म को पूरी जिम्मेदारी से निभाना मेरा फर्ज था। हमने भी उन इमोशंस को जिया है, जो फिल्म में पर्दे पर दिखाए गए हैं।

बॉर्डर-2 में बॉर्डर से अलग क्या देखने को मिलेगा के सवाल पर मेधा ने बताया कि हर फिल्म का किरदार अलग है और इमोशन और हिम्मत से भरा है। फिल्म में प्यार, इमोशन, फैमिली, और हिम्मत को दिखाया गया है क्योंकि नहीं पता कि वापस कब लौट पाएंगे। चारों किरदार अलग हैं, लेकिन चारों कहानी ही पूरी फिल्म को बनाती हैं। फिल्म को लेकर खुद को तैयार करने के सवाल पर मेधा ने बताया कि जो मेरा किरदार है, वो मेरी नानी पहले जी चुकी हैं, क्योंकि 1971 के समय मेरी मां का जन्म हुआ था और नाना की पोस्टिंग बांग्लादेश में थी। मेरी नानी ने मुझे बहुत सारी कहानियां और टिप्स भी दीं, जिससे मुझे फिल्म के किरदार को निभाने में बहुत मदद मिली। वरुण धवन के साथ काम करने के एक्सपीरियंस पर मेधा ने कहा, उनके साथ काम करके बहुत मजा आया और शूटिंग के समय काफी कुछ सीखने को मिला। सेट पर पहला दिन काफी नर्वसनेस के साथ बीता था, लेकिन वरुण ने काफी मदद की।

# ऋषभ शेट्टी ने कांतारा चैप्टर 1 के निर्देशन को लेकर लिखी खास बात



**ऋषभ शेट्टी की फिल्म कांतारा चैप्टर 1 पिछले साल 2 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने भारत में बॉक्स ऑफिस पर 600 करोड़ रुपये से ज्यादा का कलेक्शन किया था।**

वहीं ऋषभ ने कांतारा चैप्टर 1 की कई बीटीएस तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही एक खास नोट भी लिखा है। ऋषभ शेट्टी ने इंस्टाग्राम हैंडल पर कांतारा चैप्टर 1 की सेट से कई तस्वीरें शेयर की हैं। इन सभी तस्वीरों में वह आस-पास के लोगों को सीन समझाते नजर आ रहे हैं।

इस पोस्ट के साथ ऋषभ ने कैप्शन में लिखा, अपने किरदारों को जीवंत बनाना निर्देशन का सबसे अच्छा हिस्सा है। इसके साथ ही ऋषभ ने आगे लिखा, एक नया कर्ज लेना ठीक है। फैंस ने कमेंट कर लिखा है कि ऋषभ को ऑस्कर मिलना चाहिए। वहीं कई फैंस ने उनकी अगली फिल्म की रिलीज को लेकर सवाल किए हैं।

# पारुल गुलाटी ने फिल्म 'तू या मैं' में अपनी भूमिका को लेकर की बात



अभिनेत्री पारुल गुलाटी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'तू या मैं' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने के बाद दर्शकों को इसका बेसब्री से इंतजार है। अब फिल्म में अहम भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री पारुल गुलाटी ने फिल्म में अपने किरदार के बारे में बात की।

तू या मैं में पारुल गुलाटी शनाया कपूर की करीबी दोस्त और मैनेजर लैरा का किरदार निभा रही हैं। अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए पारुल ने कहा कि मैं सचमुच बहुत खुश हूं और ईमानदारी से कहूं तो अभी भी इस किरदार को पूरी तरह से समझने की कोशिश कर रही हूं। लैरा शनाया की दोस्त और मैनेजर है, जो मजबूती से उसका साथ देती है। उससे सवाल करती है, उसका समर्थन करती है और बहुत ही वास्तविक है। मुझे सबसे ज्यादा खुशी इस बात की है कि वह सिर्फ एक सहायक किरदार नहीं है। वह कहानी में एक महत्वपूर्ण भावनात्मक कड़ी है और इतने यादगार संवाद का हिस्सा बनना पहले से ही अविश्वसनीय लग रहा है।

अभिनेत्री ने आगे बताया कि एक अभिनेत्री और एक निर्माता के तौर पर यह मेरे लिए अब तक का सबसे बेहतरीन कोलैबरेशन है। आनंद एल राय की दुनिया इतनी नाटकीय, बहुआयामी और भावनात्मक रूप से समृद्ध है, यह उस तरह का सिनेमा है जिसकी मैं हमेशा से प्रशंसक रही हूं और जिसका हिस्सा बनना चाहती थी। मुझे यकीन नहीं हो रहा क्योंकि यह एक बड़े पर्दे की भव्य और दिल को छू लेने वाली फिल्म का हिस्सा बनने का एक दुर्लभ, जीवन में एक बार मिलने वाला अवसर जैसा लगता है। बेजॉय नाम्बियार द्वारा निर्देशित तू या मैं का निर्माण आनंद एल राय और हिमांशु शर्मा ने मिलकर किया है। फिल्म में आदर्श गौरव और शनाया कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म 13 फरवरी को वेलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज होगी।



# कोहरा 2 में अपने किरदार को लेकर बोले बरुन सोबती

**दर्शकों के बीच अपनी पहचान बनाने वाली वेब सीरीज कोहरा का दूसरा सीजन जल्द ही रिलीज होने जा रहा है। पहली सीरीज की कहानी, रहस्य और रहस्यमयी वातावरण दर्शकों को इतना पसंद आया कि इसके दूसरे सीजन का इंतजार लंबे समय से किया जा रहा था।**

इस बार की कहानी में रहस्य और मामले पहले से भी ज्यादा जटिल होंगे। इस बार भी अभिनेता बरुन सोबती अपने पहले वाले किरदार अमरपाल गारुडी के रूप में नजर आएंगे। सीरीज में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए बरुन ने कहा, इस सीजन में गारुडी पहले से ज्यादा सतर्क है। वह हर कदम पर सोच-विचार करता है और अपने फैसलों और विकल्पों का लगातार मूल्यांकन करता है। गारुडी इस बार नए सिरे से जीवन शुरू करना चाहता है, लेकिन कोहरा की दुनिया में बीते समय और पुराने अनुभव उसे पीछे नहीं छोड़ते। रहस्य इस बार और गहरा है और केस की जटिलता उसकी मानसिक स्थिति और फैसलों में भी दिखती है। बरुन ने कहा, इस सीजन ने मुझे अभिनेता के रूप में नई चुनौतियां दी हैं। मुझे उम्मीद है कि दर्शक इस कहानी में गहराई से जुड़ेंगे। कोहरा 2 की कहानी इस बार जगराना से आगे बढ़ते हुए दलेरपुरा पहुंचती है, जहां माहौल पहले से ज्यादा गंभीर और रहस्यमयी है। एएसआई अमरपाल गारुडी का तबादला दलेरपुरा पुलिस स्टेशन में हो जाता है और यहीं से कहानी एक नया मोड़ लेती है। इस सीजन का सबसे बड़ा आकर्षण मोना सिंह हैं, जो गारुडी की नई कमांडिंग ऑफिसर धनवंत कौर की भूमिका निभा रही हैं। दोनों का काम करने का तरीका अलग है, सोच अलग है, लेकिन लक्ष्य एक ही है, सच तक पहुंचना। जैसे-जैसे वे एक हत्या के मामले की परतें खोलते हैं, वैसे-वैसे उनके अपने अतीत से जुड़े कई दबे हुए राज भी सामने आने लगते हैं। पंजाब की पृष्ठभूमि में बुनी गई यह कहानी धीमी रफ्तार में आगे बढ़ती है, लेकिन हर मोड़ पर असर छोड़ती है। यह सीजन 11 फरवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।




# मर्दानी से थप्पड़ तक - बदली हीरोइन की परिभाषा बॉलीवुड ने महिलाओं की आवाज को बनाया ताकत

भारत में बेटियों के प्रति सामाजिक सोच बदलने और उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को गुरुवार को 11 साल पूरे हो गए हैं। बॉलीवुड ने महिला केंद्रित कहानियों के जरिए समाज को प्रेरित करने का काम किया। 2014 के बाद रिलीज हुई कई फिल्मों ने यह संदेश दिया कि महिलाएं न सिर्फ अपने अधिकारों के लिए खड़ी हो सकती हैं, बल्कि अपने निर्णयों से समाज में बदलाव भी ला सकती हैं।

**मर्दानी** – रानी मुखर्जी की मर्दानी फ्रैंचाइजी लोगों की पसंदीदा है। अब इस फ्रैंचाइजी का तीसरा पार्ट जल्द ही आने वाला है। इसमें रानी ने शिवानी शिवाजी रॉय का किरदार निभाया। 2014 में रिलीज हुई फिल्म मर्दानी में शिवानी एक निडर पुलिस अधिकारी हैं, जो महिला उत्पीड़न और अपराध के खिलाफ लड़ती हैं। गोपी पुथरान के निर्देशन में बनी यह क्राइम थ्रिलर फिल्म पुरुष प्रधान मानसिकता के खिलाफ लड़ती है। रानी मुखर्जी ने अपने किरदार में भाव, चाल और फेमिनिस्ट रवैये के साथ पूरी फिल्म का भार अपने कंधों पर उठाया, जबकि विशाल जेठवा ने विलन के रूप में सस्पेंस और डर का असर बढ़ाया।




**थप्पड़** – अनुभव सिन्हा की फिल्म थप्पड़ ने घरेलू हिंसा और पारिवारिक दबाव की उन कहानियों को पर्दे पर उतारा, जिनमें अक्सर महिलाएं अपने हक के लिए खड़ी नहीं हो पातीं। 2020 में रिलीज हुई फिल्म में तापसी पन्नू ने अमृता के किरदार में एक सामान्य गृहिणी के रूप में दिखाया कि कैसे एक छोटे से थप्पड़ ने उसकी जिंदगी बदल दी और उसने अपने हक के लिए आवाज उठाई। फिल्म में कई औरतों के जीवन की कहानियों को दिखाया गया, जिसके जरिए समझाया गया कि हर महिला अपने अधिकार के प्रति संवेदनशील होती है।

**हिचकी** – 2018 में रिलीज हुई फिल्म हिचकी में रानी मुखर्जी ने एक अलग ही भूमिका निभाई। फिल्म में वह टीचर नैना माथुर के किरदार में टॉरेट सिंड्रोम जैसी चुनौती का सामना करती हैं। 18 स्कूलों से रिजेक्ट होने के बावजूद नैना अपने सपनों को पूरा करने और बच्चों को पढ़ाने के अपने जुनून में लगी रहती हैं। सिद्धार्थ पी. मल्होत्रा के निर्देशन में बनी यह कॉमेडी ड्रामा समाज में उन बीमारियों और मानसिक चुनौतियों के प्रति जागरूकता फैलाती है, जिन्हें अक्सर हल्के में लिया जाता है। रानी का किरदार बताता है कि आत्मविश्वास और धैर्य से हर महिला अपने सपनों को सच कर सकती है।

**डियर जिंदगी** – 2016 में रिलीज हुई फिल्म में आलिया भट्ट और शाहरुख खान ने ऐसी कहानी प्रस्तुत की, जो मानसिक स्वास्थ्य और खुद को समझने के महत्व पर आधारित है। आलिया का किरदार कायरा अपनी जिंदगी की उलझनों और डर से जूझती है और मनोचिकित्सक शाहरुख खान उसे खुद को समझने और खुश रहने का तरीका सिखाते हैं। गौरी शिंदे के निर्देशन में बनी यह फिल्म महिलाओं के आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता के संदेश को बखूबी पेश करती है।

**राजी** – फिल्म राजी में आलिया भट्ट ने सहमत का किरदार निभाया, जो 1971 के भारत-पाक युद्ध के समय देश की खातिर पाकिस्तान में जासूस बन जाती है। 2018 में रिलीज हुई फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजार ने किया। यह थ्रिलर न केवल देशभक्ति की कहानी बताती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि महिलाएं अपने साहस और बुद्धिमानी से किसी भी मुश्किल परिस्थिति में सफल हो सकती हैं।

**द केरल स्टोरी**– निर्देशक सुदीप्तो सेन की फिल्म द केरल स्टोरी 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म की कहानी फातिमा उर्फ शालिनी (अदा शर्मा) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी सहेलियों गीतांजलि (सिद्धि इदनानी), निमाह (योगिता बिहानी) और आसिफा (सोनिया बलानी) के साथ नर्सिंग स्कूल में एडमिशन लेती है, लेकिन इस दौरान वे कट्टरपंथी संगठनों के जाल में फंस जाती हैं। अदा शर्मा का किरदार डर, पीड़ा और बेचैनी के बावजूद अपनी पहचान और स्वतंत्रता की लड़ाई को मजबूती से दिखाता है।




# इंसेफेलाइटिस लक्षण देखते ही हो जाएं सचेत










**इंसेफेलाइटिस यानी दिमागी बुखार एक खतरनाक बीमारी है. इससे सबसे अधिक शिकार तीन से 15 साल के बच्चे होते हैं. इसमें जापानी इंसेफेलाइटिस और एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम नामक दो बीमारियां होती हैं. दोनों को ही सामान्य भाषा में इंसेफेलाइटिस कहा जाता है.**

सेफेलाइटिस के कहर का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पिछले चार दशक में इस बीमारी से बीस हजार से अधिक मौतें हो चुकी हैं. हर साल पांच-छह सौ बच्चे सरकारी रिकॉर्ड में मरते हैं जबकि हकीकत कुछ और ही है. वहीं इस बीमारी से लकवाग्रस्त हुए लोगों का कोई रिकॉर्ड ही नहीं रखा जाता. इंसेफेलाइटिस के सबसे अधिक शिकार तीन से 15 साल के बच्चे होते हैं. यह बीमारी जुलाई से दिसम्बर के बीच फैलती है. सितम्बर-अक्टूबर में बीमारी का कहर सबसे ज्यादा होता है. आंकड़े बताते हैं कि जितने लोग इंसेफेलाइटिस से ग्रसित होते हैं, उनमें से केवल 10 प्रतिशत में ही दिमागी बुखार के लक्षण जैसे झटके आना, बेहोशी और कोमा जैसी स्थिति दिखाई देती है. इनमें से 50 से 60 प्रतिशत मरीजों की मौत हो जाती है. बचे हुए मरीजों में से लगभग आधे लकवाग्रस्त हो जाते हैं और उनके आंख और कान ठीक से काम नहीं करते हैं. जिंदगीभर दौरे आते रहते हैं. मानसिक अपंगता हो जाती है.

## बचाव घर को साफ-सुथरा रखें

मच्छरों से बचाव के लिए कीटनाशक का प्रयोग करें. रात में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें. इंसेफेलाइटिस रोग पैदा करने वाले मच्छर शाम को ही काटते हैं, इसलिए शाम को बाहर निकलते समय शरीर को ढककर ही निकलने को कहें. बच्चों को इंसेफेलाइटिस का टीका जरूर लगवाएं. इस टीके के तीन डोज होते हैं. यह शून्य से 15 साल तक के बच्चों को लगाया जाता है.

**इलाज** - इंसेफेलाइटिस के लिए कोई ऐसी दवा नहीं बनी है, जिसे खाने के बाद मरीज ठीक हो जाएं. डॉक्टर लक्षणों को देखकर इलाज करते हैं. बीमारी की जितनी जल्दी जानकारी होती है, मरीज के बचने की संभावना उतनी ही अधिक रहती है. इंसेफेलाइटिस में झटके, दिमाग में संक्रमण, डायरिया, ब्लड प्रेशर और न्यूमोनिया के लिए अलग-अलग दवाइयां दी जाती हैं . इंसेफेलाइटिस के मरीजों को अकसर वेंटीलेटर पर रखने की आवश्यकता पड़ती है. ऐसे में, मरीजों को उन्हीं हॉस्पिटलों में भर्ती किया जाना चाहिए जहां वेंटीलेटर और दूसरे आधुनिक उपकरणों की व्यवस्था हो अन्यथा जान जा सकती है.

**कारण** - इंसेफेलाइटिस फैलने के स्पष्ट कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन अब तक मुख्य कारणों में साफ-सफाई का अभाव माना जा रहा है. गंदगी की वजह से यह बीमारी एक-दूसरे में फैलती है. यह वायरस और बैक्टीरिया के माध्यम से फैलती है लेकिन जो बीमारी यहां पाई जाती है वह वायरस से फैलती है. जो सूअर और हिरोनस नामक पानी की चिड़िया के शरीर पर पाये जाते हैं. अगर इन्हें काटने के बाद मच्छर किसी मनुष्य को काट लें तो उसे इंसेफेलाइटिस होने की पूरी आशंका होती है. दूषित पानी से भी इस बीमारी के वायरस लारवा के रूप में फलते-फूलते हैं.

**लक्षण** - शुरुआत के 15 दिनों तक आम फ्लू जैसे रहना. बुखार, सिर दर्द, उल्टी, डायरिया और जुकाम आदि की शिकायत. बाद में मरीज को झटके आना, बेहोशी छा जाना. मेमोरी लॉस और व्यावहारिक परिवर्तन होना. कुछ मरीजों को लकवा मार जाना.

# नीम की पत्तियां कैंसर में कारगर

**कोलकाता के चितरंजन नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने नीम की पत्तियों से प्रारम्भिक परीक्षण में सफलता पाई है. भारतीय डॉक्टरों का दावा है कि नीम से कैंसर का इलाज भी संभव है. चूहों पर प्रयोग के बाद उनका उत्साह और बढ़ा है. नीम के औषधीय गुण तो सदियों से जगजाहिर हैं हीं. अब तक इसकी पत्तियों का इस्तेमाल रोजमर्रा के जीवन में होने वाली छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज के अलावा जीवाणुओं और कीटाणुओं से लड़ने में किया जाता है. अब कोलकाता स्थित चितरंजन नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट (सीएनसीआई) के वैज्ञानिकों ने नीम को कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी के खिलाफ लड़ने का एक असरदार हथियार बनाने का प्रयास किया हैं. चूहों पर इसके सफल परीक्षण के बाद अब जल्दी ही मनुष्यों पर भी इसका परीक्षण किया जाएगा.**

## नीम में है नीम लीफ ग्लाइकोप्रोटीन

कोलकाता स्थित संस्थान के वैज्ञानिकों की एक टीम ने लंबे अरसे तक चले परीक्षण के बाद छपे अपने दो पर्चो में बताया है कि नीम की पत्तियों से निकलने वाले एक खास किस्म के संशोधित प्रोटीन नीम लीफ ग्लाइकोप्रोटीन यानी (एनएलजीपी) के जरिए चूहों में ट्यूमर कोशिकाओं की वृद्धि रोकने में कामयाबी मिली है. यह प्रोटीन कैंसर से सीधे लड़ने की बजाय ट्यूमर से निकलने वाले जहरीले व घातक रसायनों के खिलाफ शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत कर देता है. प्रतिरोधक कोशिकाओं कैंसर जैसी घातक बीमारियों से शरीर की रक्षा करती है. इस शोध टीम ने अध्ययन में पाया कि एनएलजीपी में ट्यूमर कोशिकाओं और ट्यूमर के विकास में सहायक गैर परिवर्तित कोशिकाओं से जुड़ी ट्यूमर की सूक्ष्म पारिस्थितिकी को सामान्य करने की शक्ति मौजूद है. मूल रूप से एनएलजीपी ट्यूमर की सूक्ष्म पारिस्थतिकी में ऐसे बदलाव लाता है, जिससे उसका विकास रुक जाता है. वह कहते है कि कैंसर कोशिकाएं धीरे-धीरे विकसित होने पर प्रतिरोधक कोशिकाओं पर नियंत्रण कर लेती हैं. ऐसे में रोग से बचाने की जगह यह कोशिकाएं उल्टे कैंसर को फैलने में सहायता देने लगती हैं.

## सुरक्षित साबित हुआ नीम का इलाज

शोध रिपोर्ट में इन वैज्ञानिकों ने सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित 17 मरीजों की कैंसर कोशिकाओं पर किए प्रयोग के नतीजे का भी खुलासा किया है. इस अध्ययन से उन्हें नीम की पत्तियों की सहायता से कैंसर के विकास पर अंकुश लगाने के तरीके का पता लगाया है. इससे पहले के कुछ वैज्ञानिक अध्ययनों में कहा गया था कि नीम प्रजनन तंत्र पर प्रतिकूल असर डाल सकता है. लेकिन हमने अपने शोध के जरिए इस संभावना को खारिज कर दिया है. इस शोध से अब तक के नतीजे काफी उत्साहजनक रहे हैं. जानवरों पर किए गए परीक्षणों में यह यौगिक बेहद सुरक्षित साबित हुआ है. कोई 13 साल पहले जब इस टीम ने नीम की पत्तियों के कैंसर रोधक गुणों का पता लगाने की दिशा में पहल की थी तो सबसे पहले कुछ प्रयोग किए गए. प्रयोगशाला में तैयार की गई कैंसर कोशिकाओं के अध्ययन पर उनके विचारों को बल मिला. इस पर टीम के सदस्यों ने बर्दवान विश्वविद्यालय के केमेस्ट्री के प्रोफेसर के साथ मिल कर ग्लाइकोप्रोटीन की पहचान की. उनकी टीम अब इस प्रोटीन की और बारीकी से जांच करके पता लगाएगी कि इसका कौन सा तत्व सही मायने में सक्रिय है. इसकी वजह यह है कि इस प्रोटीन में तीन हिस्से हैं. टीम की कोशिश यह पता लगाने की है कि यह प्रोटीन रेजिस्टेंट कैंसर के मामलों में भी प्रभावशाली होगा या नहीं. वह कहते हैं, एक खास चरण के बाद कैंसर वाले ट्यूमर लाइलाज हो जाते हैं. उन पर रेडियोथेरेपी या कीमोथेरेपी का भी कोई असर नहीं होता. उम्मीद है कि नीम लीफ ग्लाइकोप्रोटीन ऐसे मामलों में कैंसर के इलाज को प्रभावशाली बना सकेगा. प्रतिरोधक कोशिकाओं में कैंसर को मारने वाली कोशिकाओं का एक समूह होता है जिसे सीडी-8 प्लस टी कोशिकाएं कहते हैं. ट्यूमर कोशिकाओं की वृद्धि के साथ ही एनएलजीपी की वजह से टी कोशिकाओं की तादाद भी बढ़ जाती है. इससे कैंसर को विकसित होने से रोकने में सहायता मिलती है. यही प्रोटीन टी कोशिकाओं को निष्क्रिय होने से भी बचाता है. परीक्षण की इस प्रक्रिया को ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया समेत विभिन्न नियामक संस्थाओं के सामने पेश किया जाएगा. वहां से अनुमोदन मिलने के बाद मनुष्यों पर इसका परीक्षण शुरू किया जाएगा. वैज्ञानिकों के ताजा शोध के नतीजों से इस जानलेवा बीमारी से पीड़ित लोगों में उम्मीद की एक नई किरण पैदा हुई है.



# देर से सोना और कम सोना मोटापे को दावत

देर से सोने और कम नींद लेने वालों के लिए सावधान हो जाने की खबर है क्योंकि ऐसा करने से वे मोटापे का शिकार हो सकते हैं. अमेरिकी शोधकर्ताओं ने पाया कि देर से और कम सोने वाले युवा लोगों के मोटापे की चपेट में आने की आशंका बहुत ज्यादा होती है क्योंकि वे देर रात के समय में कैलोरी का अधिक उपभोग करते हैं.एक अध्ययन में यह बात सामने आई है. पेन्सिलवेनिया विश्व विद्यालय में यह अध्ययन किया गया है. इसमें 225 स्वस्थ लोगों की शामिल किया गया जिनकी उम्र 22 से 50 साल के बीच थी. अध्ययन में पाया गया कि सिर्फ चार घंटे की नींद लगातार पांच रातों तक लेने वालों का वजन उन लोगों के मुकाबले ज्यादा बढ़ा जिन्होंने 10 घंटे की नींद ली. शोध में शामिल आंद्रिया स्पैथ का कहना है, ''पहले के अध्ययनों में भी यह कहा गया था कि कम सोने और वजन बढ़ने का संबंध होता है. परंतु हम इस अध्ययन में इससे हैरान रह गए कि कम सोने और देर से सोने वालों का वजन इतना अधिक बढ़ गया.''

# सावधान! खामोश हत्यारा है खर्राटा

नींद में खर्राटे आना, सोने पर सांस रुकना, दिन में ऊंघते रहना, थकान महसूस करना ये सभी लक्षण स्लीप एपनिया के हो सकते हैं. नींद में खर्राटे आना, सोने पर सांस रुकना या बेचैनी महसूस करना, दिन में अधिक नींद आना या लगातार ऊंघते रहना, दिन में थकान महसूस करना, सिरदर्द और सिर का भारी बने रहना, एकाग्रता की कमी और चिड़चिड़ापन, उदासीनता या अवसाद. ये सभी लक्षण स्लीप एपनिया के हो सकते हैं. हृदय रोग विशेषज्ञ बताते हैं कि यह घातक बीमारी है. यह एक आम समस्या है, लेकिन दुर्भाग्य से आम लोगों में इसके बारे में जानकारी का बहुत अभाव है. क्या है खर्राटा सोते समय शरीर की मांसपेशियों का लचीलापन अपेक्षाकृत बढ़ जाता है. यह प्रक्रिया श्वास-नली को खुला बनाए रखनेवाली मांसपेशियों में भी होती है. जब मांसपेशियों का यह लचीलापन एक स्तर से ज्यादा हो जाता है, तो श्वास-नली संकीर्ण हो जाती है. सांस लेने के दौरान खड़खड़ाहट की आवाज आने लगती है. यही आवाज खर्राटे के नाम से जानी जाती है. यह प्रक्रिया कुछ और बढ़ती है तो श्वास-नली पूरी तरह अवरुद्ध हो जाती है. इसके परिणामस्वरूप कई बार सांस रुक जाती है और शरीर को आवश्यक ऑक्सीजन मिलना बंद हो जाता है. यह रुकावट दस सेकंड या उससे ज्यादा समय के लिए भी हो सकती है. यह प्रक्रिया रात भर में सैकड़ों बार लगातार होती रहती है. इसके फलस्वरूप दिमाग, हृदय, गुर्दा, लीवर, पाचनतंत्र, जननतंत्र आदि अंग ऑक्सीजन की कमी से त्रस्त रहते हैं. ऑक्सीजन की कमी का सीधा परिणाम होता है कि नींद सुचारू रूप से पूरी नहीं हो पाती और दिन भर थकान, ऊंघ, सिरदर्द, चिड़चिड़ापन, एकाग्रता की कमी आदि महसूस करते हैं. घबराएं नहीं, इलाज कराएं. यह बीमारी लाइलाज नहीं है. इसकी चिकित्सा सहज एवं सुगम है. इसके लिए जरूरी है कि अनुभवी चिकित्सक को समस्या से अवगत कराया जाए. इलाज के दौरान बताए चिकित्सकीय निर्देशों का सावधानी से पालन करें. छोटी सी मशीन सीपैप का उपयोग सोते समय करने से भी इस बीमारी से छुटकारा पाया जा सकता है. इसके उपयोग से पहले अनुभवी चिकित्सक द्वारा जांच एवं उनकी सलाह अवश्य लेनी चाहिए.

**इन्हें भी आजमाएं** - वजन नियंत्रित रखें, अधिक मोटापा भी हो सकता है.

**बीमारी का कारण** - देर रात तक टीवी नहीं देखें, सोने से एक या आध घंटा पहले ही टीवी बंद कर दें. देर रात तक चाय-कॉफी का सेवन न करें. सोने के लिए बिस्तर की साफ-सफाई जरूरी है, बिस्तर आरामदायक हो. अधिक मोटा तकिये का उपयोग न करें.



